हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




जय बाबा केदार

◆ केंद्रीय कैबिनेट में पर्वतमाला प्रोजेक्ट की मंजूरी, निर्माण की समयसीमा चार से छह वर्ष

## सोनप्रयाग से केदारनाथ तक बनेगा रोपवे

# नौ घंटे का सफर सिर्फ 36 मिनट में, 2 महीने की जगह 6 महीने तक होंगे दर्शन

**1 केदारनाथ रोपवे**
- खर्च: 4,081 करोड़ रुपए
- लंबाई: 12.9 किलोमीटर
- क्षमता: 36 लोग बैठ सकेंगे

**2 हेमकुंड रोपवे**
- खर्च: 6,811 करोड़ रुपए
- लंबाई: 12.4 किलोमीटर

*रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम की पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी के बीच भी 12.4 किमी लंबा रोपवे बनेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। फैसले की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का बड़ा फायदा यह होगा कि जिस यात्रा में वर्तमान में 8-9 घंटे लगते हैं, इसके बनने के बाद घटकर 36 मिनट की हो जाएगी।



यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित



### सबसे उन्नत तकनीक से विकसित होगा

इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केदारनाथ रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित है।

### रोजाना 18 हजार यात्रियों ले जाएगा

*केदारनाथ रोपवे डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी। केदारनाथ मंदिर की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में पैदल या टट्टू, पालकी और हेलिकॉप्टर द्वारा तय की जाती है।*




### हेमकुंड साहिबजी रोपवे डीबीएफओटी प्रारूप पर

गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी (12.4 किमी) रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं, जिनपर कुल 6,811 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्माण की समय-सीमा चार से छह वर्ष निर्धारित की गई है। वैष्णव ने बताया कि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजना को भी डीबीएफओटी प्रारूप पर विकसित किया जाएगा, जिसपर कुल लागत 2,730.13 करोड़ रुपए आएगी। वर्तमान में हेमकुंड साहिबजी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल या टट्टुओं या पालकियों द्वारा पूरा किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिबजी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, और यह गोविंदघाट तथा हेमकुंड साहिब जी के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## औरंगजेब प्रेम: अबू आजमी विधानसभा सत्र से सस्पेंड



**मुंबई।** मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ करना विधायक अबू आजमी को भारी पड़ गया। मौजूदा विधानसभा बजट सत्र में पूरे सेशन से अबू आजमी को सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ वाले बयान दिए थे। राज्य के मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने बुधवार को सदन में निलंबन का प्रस्ताव पेश किया। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि औरंगजेब की प्रशंसा करना मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान है। निलंबन प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। अबू आजमी पर महाराष्ट्र की सियासत गरमाई हुई है। औरंगजेब विवाद के बाद सपा नेता अबू आजमी के घर के बाहर मुंबई पुलिस की भारी सुरक्षा है। मुंबई पुलिस की टीम घर के अंदर और बाहर मौजूद है। उनके कोलाबा स्थित घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

बताइए...साइबर ठगों से पुलिस ही मिली हुई है

# ऐशबाग टीआई सहित 4 पुलिस कर्मी सस्पेंड



- ⏩ पुलिस कमिश्नर को मिले थे आरोपियों से साठगांठ के लिंक
- ⏩ अब चारों की विभागीय जांच भी कराई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर देश भर के लोगों को ठगने के मामले में पुलिसकर्मियों की मिलीभगत का खुलासा होने के बाद बुधवार को पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र के निर्देश पर ऐशबाग टीआई जितेंद्र गढ़वाल, एएसआई पवन रघुवंशी, कार्यवाहक एएसआई मनोज कुमार और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया है। कमिश्नर ने साइबर ठगों से मिलीभगत और उनके खिलाफ की जाने वाली लचर कार्रवाई के चलते यह एक्शन लिया गया। अब चारों की विभागीय जांच भी कराई जाएगी।

### साइबर ठगों की कॉल डिटेल में पुलिसकर्मियों से संपर्क के सबूत

दरअसल, पूरा मामला यह है कि पिछले दिनों एक कॉल सेंटर पर ऐशबाग पुलिस ने छापा मारा। । इस मामले में आरोपियों की कॉल डिटेल में पुलिसकर्मियों से संपर्क का खुलासा हुआ था। पुलिस कमिश्नर को ऐसे लिंक मिले थे कि टीआई सहित अन्य तीन पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से ही कॉल सेंटर का संचालन हो रहा था। इस मामले में आरोपी अफजल खान सोमवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। तीन दिन की रिमांड पर उससे पूछताछ चल रही है। कार्रवाई में लेटलतीफी होने के चलते तीन दिन पहले एएसआई पवन रघुवंशी को लाइन अटैच किया गया था, अब उसे सस्पेंड भी कर दिया गया है।

> पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से ही ठगने वाले कॉल सेंटर का संचालन हो रहा था

### कॉल सेंटर पर 23 फरवरी को मारा था छापा

विदित हो कि ऐशबाग पुलिस ने कॉल सेंटर संचालित कर ठगी करने वाले ठिकाने पर 23 फरवरी को दबिश दी थी। यहां से अफजल के बेटे को गिरफ्तार किया था। बाद में उस पर 151 की कार्रवाई कर छोड़ दिया गया। जब आला अफसरों की जानकारी में मामला पहुंचा तो कॉल सेंटरसंचालक अफजल और उसकी बेटी पर करोड़ों की धोखाधड़ी पर एफआईआर दर्ज की गई।

*साउथ की अभिनेत्री के पास से 14 किलो सोना जब्त*


# सोने की तस्करी करते पकड़ी गई डीजीपी की बेटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रान्या राव को सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को स्पेशल कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभिनेत्री पुलिस महानिदेशक (पुलिस आवास निगम) रामचंद्र राव की बेटी हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने सोमवार रात केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर सोने की तस्करी के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया। अभिनेत्री पर 14.8 किलोग्राम सोना रखने का आरोप था। उन्हें मंगलवार शाम जज के सामने पेश किया गया, जिसके बाद अभिनेत्री को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह आदेश वित्तीय अपराधों के लिए एक स्पेशल कोर्ट के जज ने जारी किया। न्यायिक हिरासत में लिए जाने से पहले अभिनेत्री का बॉरिंग अस्पताल में मेडिकल परीक्षण हुआ। अधिकारियों के अनुसार, रान्या ने दावा किया कि वह बिजनेस के लिए दुबई जा रही थीं। जांचकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि उसने अपनी गिरफ्तारी से पहले सीमा शुल्क जांच को दरकिनार करने के लिए अपने संबंधों का भी इस्तेमाल किया होगा। डीआरआई अधिकारियों को शक है कि वह तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकती हैं।

### 15 दिन में चार बार की दुबई की यात्रा



> रान्या ने गोल्ड बार को अपने कपड़ों के भीतर छिपाया था

डीआरआई ने पाया कि वह पिछले 15 दिन में चार बार दुबई की यात्रा कर चुकी है, जिसके बाद एजेंसी ने उनकी गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया। इस खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारी 3 मार्च को रान्या के आने से दो घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंच गए। वह दुबई से एमिरेट्स की फ्लाइट से आई थीं और सोमवार शाम करीब 7 बजे उन्हें बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया गया। अभिनेत्री रान्या राव मशहूर एक्टर सुदीप के साथ फिल्म 'मानिक्या' (2014) में काम कर चुकी हैं।

चित्रकूट में भीषण सड़क हादसा

# पिकअप डंपर से टकराई 4 लोगों की मौत, 6 घायल

एजेंसी ⏭ चित्रकूट

प्रयागराज महाकुंभ में सफाई का काम कर पिकअप में लौट रहे मजदूर बुधवार सुबह तड़के हादसे का शिकार हो गए। बांदा की तरफ से आ रहे एक ट्रक डंपर और प्रयागराज की तरफ से आ रही मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी की टक्कर हो गई। इस हादसे में दो महिलाओं और दो बच्चियों की मौत हो गई। मृतकों में मां केशर और बेटी सपना, कुशमा और मन्नू शामिल हैं। 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- ■ पिकअप ड्राइवर शराब के नशे में गलत साइड जाकर डंपर से जा भिड़ा



शिवरामपुर चौकी और भरतकूप थाने के बॉर्डर पर हादसा हुआ। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और डॉक्टरों को सभी घायलों का अच्छे से इलाज करने के निर्देश दिए।

भाजपा का झंडा लगा वाहन छोड़कर भागे हमलावर

# पुलिस चौकी के सामने सरकारी अमले की पिटाई, गाड़ियां भी तोड़ीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगरौली

रेत माफिया के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे सरकारी अमले पर जानलेवा हमला करने से पीछे नहीं हटते। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे बैढ़न थाने की खुटार चौकी के सामने ही खनिज विभाग के अमले पर रेत माफिया ने हमला कर दिया। टीम के साथ मारपीट की। वाहनों में तोड़फोड़ कर दी।

### नंबर के आधार पर जांच

*खुटार चौकी प्रभारी साहब लाल सिंह ने कहा, 'रात 2:45 बजे हमले की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार हो चुके थे। माइनिंग अमले की तीन गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। अपराधी अपनी दो गाड़ियां छोड़कर भाग गए। इन सभी वाहनों को चौकी परिसर में रखा गया है। शासकीय काम में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में दो दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रारंभिक पड़ताल में हमलावरों की एक गाड़ी देवसर के अमितेश द्विवेदी और दूसरी अंबुज पाठक से संबंधित पाई गई है। इसी आधार पर आगे की जांच जारी है।*

इससे पहले वर्ष 2019 में दिन का पारा 10 साल में सबसे कम रहा था 25.7 डिग्री

बुधवार को 4.1 डिग्री गिरकर 26.9 डिग्री दर्ज, यह नार्मल से 4.7 डिग्री कम

# आखिरी कड़ाकेदार सर्दी ने तोड़ा रिकार्ड, भोपाल में 6 साल का सबसे ठंडा दिन, संभाग में कोल्ड वेब

◆ रात का पारा सबसे अधिक भोपाल में 7.8 डिग्री गिरकर 10.6 डिग्री दर्ज, यह सामान्य से 4.8 डिग्री कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में हवाएं क्या बदलीं, सर्दी ने जाते- जाते भी लोगों को कंपकंपा दिया। दिन और रात में बर्फीली हवाओं का ऐसा असर रहा कि भोपाल में 6 साल का सबसे ठंडा दिन दर्ज हो गया और भोपाल संभाग में शीतलहर चली। प्रदेश में गुना और राजगढ़ शीतलहर की चपेट में रहे, जबकि आधा दर्जन जिलों में कोल्ड वेब जैसे हालात बने रहे। बुधवार को प्रदेश में सबसे अधिक रात के तापमान में गिरावट भोपाल में 7.8 डिग्री की रही, जबकि सबसे अधिक दिन का पारा मलाजखंड में 5.5 डिग्री गिरा है। भोपाल में दिन में बर्फीली हवाओं के बावजूद धूप ने असर दिखाया और सुबह 9:30 से दोपहर 3:30 बजे तक 6 घंटे में तापमान करीब 12 डिग्री बढ़कर 26.9 डिग्री तक पहुंच सका।

> आधा दर्जन शहरों में शीतलहर जैसे हालात रहे, शाजापुर की रात सबसे सर्द पारा 7.5 डिग्री

> मलाजखंड में सर्वाधिक 5.5 डिग्री गिरा दिन का पारा



शीतलदास की बगिया का दृश्य

### अब आगे क्या?

*शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं उत्तर-पूर्वी रहने से भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में रात का पारा आधा डिग्री तक और कम हो सकता है। जबकि दिन के तापमान में कुछ बढ़त होगी। हवाओं की गति भी इसी के आसपास रहने से दिन और रात में शुक्रवार तक सर्दी का असर रहेगा। इसके बाद तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़त होने का अनुमान है।*



जबलपुर
गुरुवार, 6 मार्च 2025
- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष -7
- वर्ष : 19, अंक : 301
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 10

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

इंदौर व भोपाल सहित जिलों में चलेगा अभियान

## निजी वाहनों में हूटर, फ्लैश लाइट, नंबर प्लेट्स की होगी जांच



**भोपाल।** प्रदेश में निजी वाहनों में हूटर, फलैश लाईट, वीआईपी स्टीकर और गलत नंबर प्लेट का दुरुपयोग बढ़ रहा है। इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं करने से ऐसे वाहन चालकों को प्रोत्साहन मिल रहा है। जिसको देखते हुए इन वाहन चालकों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। बुधवार को उपपुलिस महानिरीक्षक पीटीआरआई तुषारकांत विद्यार्थी ने भोपाल, इंदौर पुलिस कमिश्नर सहित जिलों के सभी पुलिस अधीक्षकों को 1 मार्च से 15 मार्च तक अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

आपा खोने की दो जघन्य घटनाएं

**बालाघाट**

## मोबाइल चलाने से रोका तो बेटा बना हैवान

## लोहे की रॉड से मां की ले ली जान, पिता आईसीयू में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालाघाट

एक बेटे ने अपने मां-पिता पर सिर्फ इसलिए जानलेवा हमला कर दिया क्योंकि उन्होंने उसे मोबाइल चलाने से मना किया था। बेटे का गुस्सा इतना हाई था कि उसने लोहे की रॉड से दोनों पर अटैक कर दिया। इस हमले में मां की मौत हो गई तो वहीं पिता की हालत गंभीर है।

बेटा मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए होने वाली नीट परीक्षा की तैयारी करता है। मां-पिता ने उसे नीट की तैयारी के लिए कोटा भेजा था, जहां से वह लगभग चार महीने बाद लौट आया। घटना बालाघाट जिले के वारासिवनी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सिकंदरा ग्राम पंचायत में हुई। आरोपी सत्यम कटरे (20) किशोर कटरे और प्रतिभा कटरे का इकलौता बेटा है। दोनों सरकारी शिक्षक हैं। सोमवार रात सत्यम ने अपने माता-पिता दोनों पर लोहे की रॉड से हमला किया,जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद,उसने खुद अपने रिश्तेदारों और पुलिस को फोन किया और उन्हें बताया कि उसने अपने माता-पिता को मार डाला है। मां प्रतिभा कटरे की मंगलवार रात लगभग 10.30 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके पिता किशोर कटरे आईसीयू में हैं।



■ नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था हैवान बेटा

**खंडवा**

## खाना बनाने की बात पर इतना बढ़ा विवाद

## पति ने लोहे के पाइप से पीट पीटकर पत्नी को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

यहां एक महिला की मामूली बात पर हत्या कर दी गई। पति ने ही लोहे के पाइप से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद आरोपी भागने की फिराक में था, जिसे पुलिस ने मौका पाते ही दबोच लिया। आरोपी को राउंडअप कर थाने ले जाया गया है।

आलीराजपुर से आए मायके वालों ने हंगामा किया। जिला अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। घटना जावर थाना क्षेत्र के ग्राम भकराड़ा और बिजौरा के बीच आदिवासी टांडे की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया और शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने मंगलवार शाम 7 बजे वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी पति घर से भाग गया। बुधवार दोपहर को सूना घर देखकर पड़ोसी पहुंचे तो घटना का खुलासा हुआ। टीआई गंगाप्रसाद वर्मा के मुताबिक, आरोपी नगेंद्र पिता बुधेसिंह भिलाला निवासी भकराड़ा ने खाना बनाने की बात पर से पत्नी चंपाबाई (35) को लोहे के पाइप, ईंट तथा लकड़ी से सिर तथा मुंह, कमर में चोट मारकर हत्या कर दी थी।



■ मायके वालों ने किया हंगामा पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**खबर संक्षेप**

### एंजिला बनीं मिसेज यूनिवर्स, मिला खिताब

**बीकानेर।** बीकानेर मूल की एंजिला स्वामी मिसेज यूनिवर्स बनी हैं। एंजिला ने थाईलैंड की राजधानी पटाया में संपन्न हुई मिसेज यूनिवर्स ब्यूटी प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर मिसेज यूनिवर्स का खिताब हासिल किया है। इससे पूर्व एंजिला ने मिसेज इंडिया ऑरा ग्लोबल ईयर 2024 का भी ताज पहनकर बीकानेर का मान बढ़ाया है।



### डेयरी पर बेटी के साथ खड़े युवक को अटैक

**उज्जैन।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में एक 32 साल के युवक की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। युवक अपनी बेटी के साथ दूध खरीदने के लिए पास की डेयरी पर गया था। जेब से पैसे निकाल रहा था, तभी वह जमीन पर गिर पड़ा। लोगों ने जान बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।



### भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार ने बुधवार को मजबूती दिखाई। बीएसई सेंसेक्स 740 अंकों की बढ़त के साथ 73,730.23 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 254.65 अंक चढ़कर 22,337.30 पर पहुंच गया। लगातार 10 दिनों की गिरावट के बाद बाजार में निवेशकों को राहत दी। सेंसेक्स ने दिनभर के कारोबार में 943.87 अंकों की छलांग लगाई।लगाते हुए 73,933.80 का उच्चतम स्तर छुआ। इसी तरह निफ्टी ने 312.25 अंकों की बढ़त के साथ 22,394.90 के स्तर तक पहुंचने के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ।



अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 1 घंटे 44 मिनट का भाषण | कहा- 2 अप्रैल से दुनिया भर में 'जैसे तो तैसा' ट्रैरिफ लगाएंगे, छोड़ेंगे नहीं

# चीन की धमकी...कहा-अमेरिका जंग चाहता है तो यही सही, हम आखिर तक लड़ने को तैयार

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत-चीन समेत दुनिया के कई देशों पर पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये ऐलान उन्होंने बुधवार सुबह अमेरिकी संसद के ज्वॉइंट सेशन में किया। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ 1 घंटे का भाषण दिया था।

ट्रंप ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी अमेरिका का दौर लौट आया है से की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। इसके अलावा ट्रंप ने पाकिस्तान को शुक्रिया भी कहा। ट्रंप ने कहा कि 2021 में अफगानिस्तान में आतंकियों ने 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर दी थी। उन्हें पकड़ने में पाकिस्तान सरकार ने मदद की। चीन ने भारी टैरिफ पर कहा कि अमेरिका जंग चाहता है तो यही सही, हम आखिर तक लड़ने को तैयार हैं।

*ट्रंप के संबोधन को सुनने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की कई नेता गुलाबी रंग के कपड़े के पहनकर पहुंचीं। गुलाबी रंग पहनने का मकसद यह ध्यान दिलाना था कि कैसे ट्रंप प्रशासन की नीतियां महिलाओं पर बुरा असर डाल रही हैं*

**ट्रंप ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी 'अमेरिका का दौर लौट आया है' से की**

■ ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं

### भारी टैरिफ को ऐसे समझिए

- भारत से 10 लाख रुपये की एक कार को आयात करने के लिए अमेरिकी नागरिक को 12.5 लाख चुकाने पड़ते हैं। वहीं, अमेरिका में बनी इसी कीमत की कार को भारत में खरीदने के लिए 20 लाख देने पड़ते हैं।
- अलग-अलग देशों से बिजनेस में अमेरिका का कुल व्यापार घाटा 1 लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंचने वाला है। दूसरी तरफ आयात शुल्क की वजह से चीन का व्यापार में फायदा (ट्रेड सरप्लस) 1 लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने इसी अंतर को खत्म करने की बात कही है।



### भारत में पहले से ही चिंताएं

- भारत ने अमेरिका से आयात होने वाले कई उत्पादों- मोटरबाइक, शराब व कुछ कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने का फैसला किया है।
- अमेरिका से रक्षा उत्पादों, तेल और गैस को ज्यादा खरीदने की बात कही है, ताकि दोनों देशों के आयात-निर्यात के अंतर को कम किया जा सके
- आयात शुल्क घटने के बाद भारत में अमेरिकी उत्पादों की कीमतें कम हो जाएंगी। हालांकि, इससे रुपया कमजोर होना शुरू हो जाएगा, क्योंकि उसकी मांग कम हो जाएगी। इसी तरह मांग बढ़ने की वजह से डॉलर और मजबूत होता जाएगा।

### ट्रंप के भाषण की खास बातें

**1. यूक्रेन जंग**
जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं।

**2. अप्रवासी मुद्दा**
पिछले चार साल में 2.1 करोड़ लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। हमारी सरकार ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा बॉर्डर और इमिग्रेशन क्रैकडाउन शुरू किया है।

**3. जो बाइडेन**
बाइडेन अमेरिकी इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। उनके कार्यकाल में हर महीने लाखों अवैध लोग देश में दाखिल हुए। उनकी नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी।

**4. गोल्ड कार्ड वीजा**
हम गोल्ड कार्ड वीजा सिस्टम लाने जा रहे हैं। यह ग्रीन कार्ड की तरह है, लेकिन उससे ज्यादा एडवांस है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी और कंपनियों को फायदा होगा।

**70 साल की बुजुर्ग से हैवानियत**

## दरिंदे ने दुष्कर्म किया,गला घोंटा, फिर मैच देखने लगा



आरोपी ने भेद खुलने के डर से बुजुर्ग को मार दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

रामनगर में किरायेदार के बेटे ने 70 वर्षीय वृद्धा का पहले रेप किया और फिर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गुजरात भागने की फिराक में था।

पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर गुजरात जाने वाली बस को रुकवाया और आरोपी को सेंधवा से मंगलवार रात 2 बजे हिरासत में ले लिया। नशे का आदी शैलेंद्र (50) वृद्धा के घर में घुसा, जहां वह अकेली थी। शैलेंद्र ने वृद्धा के साथ जबरदस्ती की तो महिला ने शोर मचाया। आरोपी ने महिला का रेप किया फिर डर के कारण गला घोंटकर हत्या कर दी।

**सावरकर पर राहुल ने की थी टिप्पणी**

## अब लखनऊ कोर्ट ने लगाया जुर्माना, चुकाने होंगे 200 रु.



व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने पर जुर्माना


एजेंसी ▸▸ लखनऊ

लखनऊ कोर्ट ने वीर सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। राहुल गांधी पर यह जुर्माना कोर्ट ने व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने यानी गायब रहने पर लगाया है। इतना ही नहीं, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने राहुल गांधी को 14 अप्रैल 2025 को हर हाल में पेश होने के लिए कहा है। अगर राहुल गांधी 14 अप्रैल को पेश नहीं होते है तो उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडेय ने साल 2022 में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

## ग्वालियर: 7 मंजिला इमारत में धमाका

*सात मंजिला इमारत में आई दरारें, दो लिफ्ट टूटीं, गैस रिसाव के चलते ब्लास्ट की आशंका*






**दो घायल, फ्लैट की दीवार गिरी, तीन फ्लैट क्षतिग्रस्त**

**ग्वालियर।** सात मंजिला इमारत के पहली मंजिल के एक फ्लैट में ब्लास्ट हो गया। जिससे फ्लैट की दीवार गिर गई। देवर और भाभी घायल हो गए। घटना देर रात करीब दो बजे हुई। धमाके के असर से दरवाजे उखड़ गए। दो लिफ्ट टूट कर नीचे आ गिरीं। इसके साथ ही दो अन्य फ्लैट भी पूरी तरह डैमेज हो गए। इसके अलावा सात मंजिला इमारत में दरार आई है।

**बाबा बर्फानी के भक्तों के लिए खुशखबरी**

## 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत, 9 अगस्त को समापन



अमरनाथ श्राइन बोर्ड और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने की घोषणा

एजेंसी ▸▸ जम्मू

इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त को समाप्त होगी। अमरनाथ श्राइन बोर्ड और जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने इसकी घोषणा की है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई को शुरू होगी। राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 48वीं बोर्ड की बैठक हुई ।

**चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में हार के बाद फैसला**

## स्टीव स्मिथ ने लिया संन्यास वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



संन्यास के बाद कहा मेरे लिए हर पल अहम रहा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 स्मिथ की कप्तानी में ही खेला। ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टीम इस हार के साथ ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई। स्मिथ ने इस मैच के बाद वनडे से संन्यास ले लिया। उन्होंने टीम इंडिया के खिलाफ करियर का आखिरी वनडे मैच खेला।

स्टीव स्मिथ का वनडे करियर शानदार रहा है। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए 170 मैचों में 5800 रन बना चुके हैं. स्मिथ ने इस फॉर्मेट में 12 शतक और 35 अर्धशतक लगाए हैं।

**डीजे पर बैन के विरोध में झाबुआ में हाईवे जाम**

## पुलिस पर पथराव, जवाब में छोड़े आंसू गैस के गोले

**400** पुलिसकर्मी मौके पर डटे रहे

**03** घंटे तक फंसे रहे हजारों वाहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आलीराजपुर

झाबुआ में डीजे पर प्रतिबंध के विरोध में डीजे संचालकों ने बुधवार को जमकर हंगामा कर दिया। नेशनल हाईवे जाम लगा दिया। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। करीब 400 पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे।

### डीजे संचालक बोले- घर चलाना मुश्किल हुआ

डीजे संचालक राजू मेड़ा ने बताया कि जिले में सभी तरह के कार्यक्रमों में डीजे बैन कर दिया है। इससे हमारी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ रहा है। हर साल शादी सीजन में हमें अच्छी कमाई की उम्मीद रहती है, लेकिन प्रतिबंध के कारण ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं। स्थिति ऐसी हो गई है कि घर का खर्च भी नहीं निकल पा रहा। जो डीजे 25 से 30 लाख में खरीदा था। उसका कर्जा भी नहीं चुका है।

**फिर मुंह खोला**

**कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने दिवंगत राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने पर 'आश्चर्य' जताया**

## ऐसा व्यक्ति भला देश का प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है ? जो दो कॉलेजों में फेल हो चुका हो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने एक बार फिर कुछ ऐसा कहा है जिसको लेकर वह चर्चा में हैं। अय्यर की ओर से इस बार टिप्पणी विपक्ष के किसी नेता पर नहीं बल्कि अपनी ही पार्टी के नेता राजीव गांधी पर की गई है। अय्यर ने राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने पर आश्चर्य जताया है। उन्होंने राजीव गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर भी सवाल उठाए। साथ ही साथ यह भी कहा कि उनके प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें आश्चर्य हुआ। एक इंटरव्यू में कांग्रेस नेता मणिशंक अय्यर ने कहा कि राजीव गांधी एयरलाइन पायलट थे। वे कैंब्रिज में दो बार फेल हुए थे। अय्यर ने आगे कहा कि कैंब्रिज में फेल होना बहुत मुश्किल होता है। क्योंकि, यूनिवर्सिटी सभी को पास कराने की कोशिश करती है। वह अपना ट्रैक रिकॉर्ड ठीक रखना चाहते हैं। फिर भी राजीव गांधी फेल हो गए। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी लंदन के इंपीरियल कॉलेज में भी फेल हुए थे।



मणिशंकर अय्यर और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

- अय्यर के इस बयान ने कांग्रेस में विवाद खड़ा कर दिया
- कांग्रेस का अय्यर के खिलाफ क्या रुख होगा, यह देखना होगा

### विपक्षी दल भी इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेरने की कोशिश में

विपक्षी दल भी इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। देखना होगा कि कांग्रेस इस मामले में क्या रुख अपनाती है। क्या पार्टी अय्यर के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगी। या फिर उनके बयान से खुद को अलग कर लेगी। यह आने वाला वक्त ही बताएगा। अय्यर के इस बयान को भाजपा ने लपक लिया। भाजपा नेता अमित मालवीय ने इस वीडियो को ट्वीट किया है।




## खबर संक्षेप

### सुनीता विलियम्स को आई लैब्राडोर की याद

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच की अब धरती पर वापसी होने वाली है।



इसी महीने 19 मार्च को दोनों पृथ्वी पर लौट आएंगे। अब तक दोनों अंतरिक्ष में नौ महीने गुजार चुके हैं। अंतरिक्ष में रहने के दौरान सुनीता को अपने लैब्राडोर डॉगी की याद आ रही है। उन्होंने कहा कि अब उससे मिलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि मैं अपने लैब्राडोर रिट्रीवर्स से फिर से मिलने का और इंतजार नहीं कर सकती।

### अमेरिका को पाक सौंपेगा आईएसकेपी आतंकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामिक स्टेट खोरासान (आईएसकेपी) के आतंकी मोहम्मद शरीफुल्लाह उर्फ जफर को गिरफ्तार किया है। शरीफुल्लाह पर 20 से ज्यादा आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप है। उसे अफगानिस्तान के हामिद करजई एयरपोर्ट पर 2021 में हुई बमबारी का मास्टरमाइंड माना जाता है। इस हमले में 13 अमेरिकी सैनिकों और 170 अफगान नागरिकों की जान गई थी। इसके चलते वह अमेरिका की मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में शामिल है।



## ट्रंप का टैरिफ लागू: अमेरिका की चीन, कनाडा व मेक्सिको से आर्थिक जंग शुरू

# ट्रूडो का जवाब- अमेरिकी वस्तुओं पर लगाया 25% टैरिफ, पुतिन को खुश करने में लगे हैं

### कनाडा डब्ल्यूटीओ में ट्रेड एग्रीमेंट उल्लंघन को चुनौती देगा

एजेंसी ▶▶ ओटावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कनाडा, मेक्सिको और चीन पर लगाया गया आयात शुल्क मंगलवार से लागू होने के साथ ही दुनिया में नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। ट्रंप ने जहां कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी आयात शुल्क लगाया, वहीं चीन के उत्पादों पर यह 20 फीसदी है। बता दें कि ट्रंप ने अमेरिका के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ टैरिफ लगाए, जिसके बाद मैक्सिको, कनाडा और चीन ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मचा दी। ट्रंप ने मैक्सिकन और कनाडाई आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया, हालांकि उन्होंने कनाडाई ऊर्जा पर शुल्क को 10 फीसदी तक सीमित कर दिया।

**इस व्यापार युद्ध से दुनिया में महंगाई तेजी से बढ़ने की आशंका**

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कहा कि कनाडा पर लगाया गया आयात शुल्क एक बेहद मूर्खतापूर्ण काम है और उनका देश तत्काल इसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ट्रंप कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ते हुए रूस को खुश कर रहे हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रूडो ने कहा कि हम अमेरिका से होने वाले 30 अरब कनाडाई डॉलर के आयात पर तत्काल 25 फीसदी टैरिफ लगा रह हैं और जरूरत पड़ने पर अगले 21 दिन में 125 अरब कनाडाई डॉलर के अन्य आयात पर भी टैरिफ लगाएंगे। हालांकि इन सभी टैरिफ के लिए निश्चित रूप से कोई न्यायोचित वजह नहीं बताई जा सकती। उन्होंने कहा कि कनाडा डब्ल्यूटीओ में अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा ट्रेड एग्रीमेंट के उल्लंघन को चुनौती देगा।



### हम कभी अमेरिका के 51वें राज्य नहीं बनेंगे

ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप ने कई बार कहा है कि उनका लक्ष्य कनाडा की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है, ताकि वे कनाडा को अपने अधीन कर सकें। यही वह चाहते हैं। ट्रूडो ने कहा कि हम कभी भी अमेरिका के 51वें राज्य नहीं बनेंगे। वहीं, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि कनाडा के गवर्नर ट्रूडो को समझाएं कि जब कनाडा अमेरिका पर प्रतिशोधी टैरिफ लगाएगा, तो हमारा पारस्परिक टैरिफ भी तुरंत उसी राशि से बढ़ जाएगा।

#### पुतिन को खुश कर रहा अमेरिका

ट्रूडो ने कहा कि अमेरिका ने कनाडा, अपने सबसे करीबी साथी के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ दिया है और साथ ही रूस के तानाशाह व्लादिमीर पुतिन को खुश करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि कनाडा यह व्यापार युद्ध नहीं चाहता, लेकिन ट्रंप ने यह विकल्प चुना है। ट्रूडो ने रूस के बारे में कहा कि अमेरिकी अपने दोस्तों को ऐसे देश के पक्ष में छोड़ने के बारे में कैसा महसूस करते हैं, जिसने कभी अमेरिकियों की भलाई के लिए काम नहीं किया?

#### कनाडाई आहत और नाराज

ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप ने कनाडा की संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है, जिससे देश में गुस्सा बढ़ रहा है। कनाडाई आहत और नाराज हैं। हम अमेरिकी उत्पादों के बजाय कनाडाई उत्पाद खरीदने की कोशिश करेंगे। कनाडा के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि वे अमेरिका को बिजली का निर्यात 25 फीसदी कर देंगे और अगर टैरिफ जारी रहे तो इसे पूरी तरह से बंद कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे अमेरिका को निकल और दुर्लभ खनिजों की बिक्री भी रोक सकते हैं। इसके अलावा, ओंटारियो और अन्य प्रांतों ने अमेरिकी शराब के ब्रांड हटाने शुरू कर दिए हैं। बता दें कि ओंटारियो ने 2023 में मिशिगन, न्यूयॉर्क और मिनेसोटा में अमेरिका के 1.5 मिलियन घरों को बिजली दी।

#### हमारे पास सर्वाधिक 'लिक्विड गोल्ड': ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा 'लिक्विड गोल्ड' यानी पेट्रोलियम है। इसके लिए हम अलास्का में बहुत बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाएंगे। इसमें कई देश अरबों रुपए निवेश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पैरों के नीचे धरती के अंदर किसी भी देश से ज्यादा मात्रा में लिक्विड गोल्ड है। और अब, मैं पूरी तरह से अब तक की सबसे प्रतिभाशाली टीम को इसे इकट्ठा करने के लिए अधिकृत करता हूँ।

## राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने की घोषणा

# अमेरिका की कई वस्तुओं पर अब जवाबी टैरिफ लगाएगा मैक्सिको



एजेंसी ▶▶ मैक्सिको सिटी

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने मंगलवार को घोषणा की कि उनका देश अमेरिका के 25 फीसदी टैरिफ के कदम का जवाब अमेरिकी वस्तुओं पर कर लगाकर देगा। शीनबाम ने कहा कि वह रविवार को मैक्सिको सिटी के सेंट्रल प्लाजा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उन उत्पादों की घोषणा करेंगी, जिन पर मैक्सिको टैरिफ लगाएगा। उन्होंने कहा कि मैक्सिको ने जनवरी से ही कहा है कि उसके पास इस स्थिति का सामना करने के लिए एक योजना तैयार है। शीनबाम ने कहा कि अमेरिका के कुछ सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों पर दंड लगाने का कोई कारण नहीं है, जो हमारे

#### *व्हाइट हाउस के तथ्य अपमानजनक*

*शीनबाम ने सोमवार को व्हाइट हाउस की ओर से प्रकाशित तथ्य पत्र को खारिज किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मैक्सिको के नशीली दवाओं के तस्कर सरकार के संबंध बनाए रखते हैं। शीनबाम ने इसे अपमानजनक और मानहानिकारक बताया और अपने प्रशासन की उपलब्धियों को गिनाया, जिसमें एक टन से अधिक के फेंटेनाइनाइल को जब्त करना और 329 मेथामफेटाइन प्रयोगशालाओं को नष्ट करना शामिल है। मैक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा, हम नशीली दवाओं की अवैध तस्करी को रोकने के लिए सहयोग करते हैं। हमने कई मौकों पर कहा है कि उस देश की सरकार को भी उस संकट की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, जिसने अमेरिका में इतनी जानें ली हैं।*

#### पूरी दुनिया पर असर, महंगाई बढ़ेगी

अमेरिका के साथ तीन देशों के इस टैरिफ युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ना तय है। वैश्विक जीडीपी में इन चार देशों की हिस्सेदारी कुल 48.1 फीसदी है। अकेले अमेरिका की हिस्सेदारी विश्व जीडीपी में 26 फीसदी, जबकि चीन की 19 फीसदी है। इन दोनों के मुकाबले मेक्सिको (1.9 फीसदी) व कनाडा (1.2 फीसदी) की स्थिति कमजोर है। इस व्यापार युद्ध से दुनिया में महंगाई तेजी से बढ़ने की आशंका गहरा गई है। मुद्रास्फीति बढ़ने और विकास में बाधा पैदा होने के संकेत पहले ही मिलने शुरू हो चुके हैं।

## चीन ने भारी भरकम रक्षा बजट का किया ऐलान

# 249 अरब अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा पिछले साल की तुलना में 7.2% अधिक

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



चीन ने 2025-26 के लिए भारी भरकम रक्षा बजट का ऐलान किया है। इससे चीन के खतरनाक इरादों को समझा जा सकता है। चीन अपनी सेना को दुनिया की सबसे ताकतवर सेना बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहा है। वह इस मामले में अमेरिका को भी पीछे छोड़ना चाहता है। लिहाजा चीन अपने रक्षा बजट को हर साल बढ़ाता जा रहा है।

#### *अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट*

*चीन के पीएम ली क्विंग द्वारा चीन की संसद में प्रस्तुत मसौदा बजट रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष देश का नियोजित रक्षा व्यय लगभग 249 अरब अमेरिकी डॉलर है। पिछले साल चीन ने अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया था। अमेरिका के बाद चीन के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है।*

#### भारत से 3 गुना ज्यादा रक्षा बजट



चीन का यह रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से करीब 3 गुना ज्यादा है। वहीं अमेरिका के रक्षा बजट का करीब एक चौथाई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित देश का नवीनतम रक्षा बजट 890 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

### 12 की मौत, 6 आतंकी ढेर 16 घायल अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी:पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में बन्नू में दो विस्फोटक लदे वाहनों ने सैन्य छावनी की चारदीवारी में टक्कर मार दी। मंगलवार को इस आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गए। सेना के जवानों ने कम से कम छह आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि आत्मघाती हमलावरों ने मंगलवार को सूर्यास्त के समय खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पेशावर से लगभग 200 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में बन्नू छावनी की दीवार पर हमला किया। हाफिज गुल बहादुर से जुड़े कम चर्चित जैश अल फुरसान ने बन्नू आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली।

## यूएस राष्ट्रपति ट्रंप का दावा

# बातचीत के लिए तैयार जेलेंस्की पुतिन ने कहा यह सकारात्मक

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के उस बयान को 'सकारात्मक' बताया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह रूस के साथ तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत की मेज पर आने को तैयार हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्हें यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक पत्र भेजा है। ट्रंप ने कहा कि पत्र कहता है, टिकने वाली शांति के करीब पहुंचने के लिए यूक्रेन जल्द से जल्द समझौते की मेज पर आने को तैयार है।



#### यूक्रेन के लोगों को शांति की चाहत

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मीडिया से कहा कि यूक्रेन के लोगों से ज्यादा शांति की चाहत किसी को नहीं है। यह दृष्टिकोण आम तौर पर सकारात्मक है। क्रेमलिन बार-बार इस बात पर संदेह जताता रहा है कि जेलेंस्की उसके साथ बातचीत करेंगे। बुधवार को, पेसकोव ने जेलेंस्की द्वारा पारित एक डिक्री का हवाला दिया। जिसमें उन्होंने पुतिन के साथ सीधी बातचीत को खारिज किया था। जेलेंस्की ने तब से कई मौकों पर कहा है कि वह पुतिन से मिलने के लिए तैयार हैं लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब कीव और उसके पश्चिमी सहयोगी एक आम बातचीत की स्थिति पर सहमत हों।

## हादसे के दो दिन बाद उत्तराखंड का औली फिर पर्यटकों से गुलजार

# सेना के अस्पताल से 36 और श्रमिकों को मिली छुट्टी

### तीन दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाकर 46 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला

एजेंसी ▶▶ जोशीमठ

उत्तराखंड के माणा हिमस्खलन से रेस्क्यू कर अस्पताल लाए गए 36 श्रमिकों को मंगलवार को सेना के अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। ये सभी श्रमिक अपने घर चले गए हैं। 28 फरवरी की सुबह माणा के पास हुए हिमस्खलन में बीआरओ की कार्यदायी संस्था के 54 श्रमिक चपेट में आ गए थे। सेना, आईटीबीपी और एनडीआरएफ की टीम ने तीन दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाकर 46 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जबकि 8 की बर्फ में दबने से मौत हो गई थी। सभी 46 घायलों को हेलिकॉप्टर से सेना के जोशीमठ स्थित अस्पताल में भर्ती किया गया। गंभीर घायल दो श्रमिकों को एम्स ऋषिकेश भेजा गया जबकि 44 श्रमिक सेना के अस्पताल में ही भर्ती थे।






चिंतन

# श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 70% तक बढ़े

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह में भारत के श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी पर विमर्श महत्वपूर्ण है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि विकसित भारत के लिए 2047 तक कार्यबल में 70 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। दरअसल, उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सेवा क्षेत्र में महिलाओं पर सम्मेलन आयोजित किया है, जिसमें केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने श्रमबल में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। देश में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें महिलाओं की भागीदारी की काफी संभावनाएं हैं। महिला उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए उद्यम पूंजी सहायता बढ़ाने के उपाय भी जरूरी है। श्रमबल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा, कौशल शिक्षा, उद्यम के लिए अवसर आदि क्षेत्र में काम करने होंगे। महिला श्रमबल को उचित शिक्षा के साथ रोजगार उन्मुख स्किल प्रशिक्षण देना होगा, जो उद्यमी बनना चाहती हैं, उन्हें पूंजी से लेकर बाजार तक के माहौल क्रिएट करने की आवश्यकता है। महिला उद्यमियों के लिए उद्यम पूंजी सहायता बहुत आवश्यक है। महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय लेने वाली भूमिकाओं के लिए मार्गदर्शन दिया जाना भी जरूरी है। सेवा क्षेत्र में महिलाओं के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिसमें ऐसे पूर्वाग्रह हो सकते हैं जो उन्हें कार्यबल में प्रवेश करने से रोकते हैं। नेतृत्व की भूमिकाओं में भी वेतन असमानताएं हैं, नौकरी की सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं और घरेलू व पेशेवर जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती है। लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं बच्चों की देखभाल और घरेलू प्रतिबद्धताओं को कार्यबल में भाग न लेने का कारण बताती हैं। लेकिन पिछले छह साल में आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। शिक्षित महिलाओं के कार्यबल में शामिल होने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और वेतन असमानता को लेकर कुछ चुनौतियों के बावजूद उनकी आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है। आज हम महिलाओं को सेवा क्षेत्र, प्रौद्योगिकी, वित्त और विनिर्माण क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले छह वर्षों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह महिलाओं के लिए श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) में भी इस दौरान वृद्धि हुई है। महिलाओं के लिए श्रमबल भागीदारी दर 23 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 42 प्रतिशत हो गई है, पर जरूरत 70 फीसदी पर ले जाने की है। स्नातकोत्तर स्तर और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त कुल महिलाओं में से 40 प्रतिशत 2023-24 में काम कर रही थीं, जबकि छह साल पहले यह आंकड़ा लगभग 35 प्रतिशत था। टेक सेक्टर में महिलाओं के लिए अनेक अवसर हैं। वास्तविक लैंगिक समानता के लिए प्रौद्योगिकी में समानता सुनिश्चित करने की तत्काल जरूरत है। महिला सशक्तिकरण की आधारशिला के रूप में डिजिटल समानता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दुनिया भर में 133 एआई प्रणालियों में से 44 फीसदी एआई प्रणालियां लिंग-समावेशी नहीं हैं। डिजिटल युग में उपभोक्ता व्यवहार, विशेषकर महिलाओं पर इसके प्रभाव का गहन अध्ययन किया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर एआई पेशेवरों में केवल 22 फीसदी महिलाएं हैं, तथा नेतृत्व की भूमिकाओं में केवल 17 प्रतिशत महिलाएं हैं। विकसित भारज लक्ष्य के लिए शिक्षा के साथ श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी को उच्च स्तर पर लाया जाना चाहिए।

अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह



# शेयर बाजार में जल्द ही तेजी आने के आसार


अठाईस फरवरी को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के क्रैश करने के बाद भी शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। 3 मार्च को सेंसेक्स 112 अंक लुढ़का, जबकि निफ्टी 50.5 अंक। 4 मार्च को भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई,जबकि 5 मार्च को सुबह में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में तेजी देखी गई। चूंकि, सेंसेक्स में पिछले 5 महीनों से गिरावट दर्ज की जा रही है और निफ्टी में भी 1996 के बाद यानी 29 सालों के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। लिहाजा, छोटे निवेशकों में घबराहट की स्थिति बनी हुई है। उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि शेयर बाजार में उनका पैसा सुरक्षित नहीं है और बाजार का बुरा दौर अभी जारी रहेगा। शेयर बाजार में देसी, विदेशी संस्थागत निवेशक, व्यक्तिगत विदेशी निवेशक आदि सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं।

दोनों ही सूचकांक बेहद ही संवेदनशील हैं। जब सूचीबद्ध कंपनियों में से किसी खास कंपनी के शेयर की लगातार बिकवाली की जाती है तो उक्त कंपनी पर से निवेशकों का भरोसा कम हो जाता है और उस कंपनी के शेयरों की कीमत कम हो जाती है, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है। शेयरों की कीमत में उतार-चढ़ाव आने के कई कारण होते हैं। जैसे, कंपनी का ख़राब वित्तीय प्रदर्शन या फिर कंपनी का किसी विवाद में पड़ना, राजनीतिक अस्थिरता, सरकार की नीतियां, डॉलर के मुक़ाबले रुपये का कमजोर होना, वैश्विक अनिश्चितता, कारोबारी युद्ध की आशंका, भू-राजनैतिक संकट, अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा अपनाई गई नीतियां आदि। सेबी शेयर बाजार का नियामक है, लेकिन सेबी की उपस्थिति के बावजूद इसमें कृत्रिम रूप से गिरावट लाने और फिर उसे उठाने के कुछ मामले देखे गये हैं। ऐसा कुछ खास लोगों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए किया जाता है,जिसमें सबसे अधिक नुकसान छोटे निवेशकों को होता है। बाजार में गड़बड़ी को भांपने के लिए सतर्क रहने और बाजार को समझने की जरूरत है। शेयर बाजार की चाल पर लगातार नज़र रखकर संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। यह जरूरी है कि शेयर बाजार में निवेश को जीवनयापन का जरिया बनाने की कोशिश नहीं की जाये और अत्यधिक लालच से बचा जाये। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बड़ी राशि निवेश कर रखी है। 28 फरवरी को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 11,639 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि इस साल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की है। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 28 फरवरी को लगभग 8 लाख 88 हजार करोड़ रुपये की बिकवाली की। इनके अलावा, शेयरों का अधिक मूल्यांकन होना और मनोवैज्ञानिक कारण भी शेयर बाजार के क्रैश के महत्वपूर्ण कारक हैं।

दरअसल, भारत में भेड़चाल की परंपरा है। कुछ लोगों को बिकवाली करते हुए देखने के बाद दूसरे लोग भी उनका अनुकरण करने लगे। ऐसा इसलिए लग रहा है, क्योंकि 28 फरवरी को आईटी, टेलीकॉम, स्वास्थ्य, बैंकिंग, एफएमसीजी आदि सभी क्षेत्रों के शेयरों में बिकवाली दर्ज की गई है। इसलिए,बाजार के साथ छेड़छाड़ की गुंजाइश प्रतीत नहीं हो रही है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) रही थी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि विकास की रफ्तार में तेजी आ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आयेगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के 6.2 प्रतिशत रहने से विकास की गति में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है। साथ ही, विकास दर में और भी इजाफा लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कटौती की है। जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो शेयर बाजार में बिकवाली की गुंजाइश कम होगी और निवेशकों को अपने निवेश पर आकर्षक प्रतिफल मिलना संभव सकेगा। इसलिए,निवेशकों को घबराने की कतई जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ बेवजह बिकवाली से बचने की आवश्यकता है।

(लेखक एसबीआई गांधीनगर में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हिन्दी विरोध के पीछे वोट बैंक की राजनीति



विश्लेषण

अखिलेश आर्येन्दु

तमिलनाडु में हिन्दी विरोध वहां की राजनीति के खास मुद्दों में एक रहा है। यह विरोध आजादी के बाद से ही आंदोलन के रूप में लगातार चलता आया है। एक बार फिर हिंदी विरोध को राज्य की अवाम के हितों के खिलाफ बताकर राज्य सरकार आने वाले चुनाव में एक मुद्दे के रूप में देख रही है। जो नया विवाद हिंदी को लेकर राज्य सरकार पैदा कर रही है वह नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में तमिलनाडु में कटौती का संकेत दिया है, जिसे तमिलनाडु सरकार ब्लैकमेलिंग के रूप में देख रही है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु सरकार ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर राज्य के हित के खिलाफ हिंदी विरोध से सीधे-सीधे जोड़ दिया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन भाषाओं की नीति है, जिसमें उस राज्य की भाषा, अंग्रेजी और एक अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन शामिल है। हालांकि इस नीति में साफ तौर पर यह नहीं कहा गया है कि तीसरी भाषा हिंदी ही होनी चाहिए बल्कि यह कोई भी भारतीय भाषा हो सकती है। इसके बावजूद, तमिलनाडु सरकार इसे एक तरह से हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में देख रही है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध वहां की राजनीति के तमाम खास मुद्दों में एक रहा है। यह विरोध आजादी के बाद से ही आंदोलन के रूप में लगातार चलता आया है। एक बार फिर हिंदी विरोध को राज्य की अवाम के हितों के खिलाफ बताकर राज्य सरकार आने वाले चुनाव में एक मुद्दे के रूप में देख रही है। जो नया विवाद हिंदी को लेकर राज्य सरकार पैदा कर रही है वह नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में तमिलनाडु में कटौती का संकेत दिया है, जिसे तमिलनाडु सरकार ब्लैकमेलिंग के रूप में देख रही है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु सरकार ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर राज्य के हित के खिलाफ हिंदी विरोध से सीधे-सीधे जोड़ दिया है। इससे लगातार विवाद बढ़ रहा है। वैश्वीकरण के युग में मातृभाषा के अलावा ज्यादा से ज्यादा भाषा सीखने की जरूरत बताई जाती है। फिर हिंदी भारत में अस्सी प्रतिशत से ज्यादा लोगों की भाषा है। ऐसे में तमिलनाडु के लोगों के लिए हिंदी सीखना कैसे उनके हितों पर कुठाराघात है। यह स्टालिन ने साफ नहीं किया है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने जिस तरह की हिंदी विरोध में टिप्पणी की है उससे हिंदी को लेकर राज्य में नया विवाद खड़ा कर दिया है। स्टालिन का कहना है कि तमिलनाडु के विद्यालयों में तीसरी भाषा फार्मूले के तहत हिंदी थोपी नहीं जाएगी। उनकी हिंदी विरोधी इस टिप्पणी में कोई नई बात नहीं है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु की राजनीति हिंदी विरोध को लेकर दशकों से चलती रही है। कभी-कभी तो हिंदी की खिलाफत करते-करते देश की खिलाफत भी हुई है। जिससे देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं भी हुई हैं लेकिन हिंदी विरोध तमिलनाडु की राजनीति में सबसे खास मुद्दों के रूप में राजनीतिक दल भुनाने का कार्य करते रहे हैं। वहां चुनाव जीतने का यह सबसे वजनदार मुद्दा रहा है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी अपना पैर फैला रही है, जिसे स्टालिन अपने शासन के लिए चुनौती के रूप में देख रहे हैं। हिंदी भारत की राजभाषा है। केंद्रीय कार्यालयों में अंग्रेजी के साथ इसका प्रयोग अनिवार्य है। राज्य के स्कूलों में तमिल के साथ अंग्रेजी का इस्तेमाल भाषा माध्यम के रूप में होता है लेकिन हिंदी का नहीं हो सकता। स्टालिन हिंदी थोपने की बात केंद्र सरकार की भाषा नीति से असहमत या विरोध के रूप में चर्चा का विषय बनाना चाह रहे हैं। वे इसे इस तरह पेश कर रहे हैं जैसे तमिलनाडु के बच्चों के साथ केंद्र सरकार बहुत बड़ा अनर्थ करने वाली है। स्टालिन यह भूल जाते हैं कि भारत विविधताओं वाला देश है। सभी राज्य अपनी आंचलिक भाषा को राज्य में लागू करने के लिए पूरी तरह आजाद हैं। राजीव गांधी सरकार ने तीन भाषा का जो केंद्रीय शिक्षा नीति का फार्मूला लागू किया था, वह तमिलनाडु में आज तक लागू नहीं किया गया। इसके बचाव में दुहाई यह दी जाती है कि इससे राज्य के बच्चों पर अनावश्यक मानसिक बोझ बढ़ेगा, जो उनके विकास में बाधा पैदा




करने का काम करेगा। राज्य सरकारों ने जनमानस को हिंदी विरोध के नाम पर राज्य में कई बार विकट हालात पैदा किये हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि बगैर सोचे-समझे प्रदेश की अवाम हिंदी के खिलाफ आंदोलन के साथ आ गया। धीरे-धीरे यहां के लोगों की मानसिकता यह बन गयी कि तमिलनाडु में हिंदी शिक्षा का माध्यम या हिंदी सीखना उनके विकास में रुकावट पैदा करती है, क्योंकि इससे तमिलों का अहित होगा। तमिलनाडु सरकार यह भूल जाती है कि हिंदी ने किसी आंचलिक भाषा का इतने वर्षों में अहित नहीं किया बल्कि उसे विकास की धारा में अधिक प्रासंगिक बनाने का ही कार्य किया है। हिंदी देश के जितने भूभाग में बोली, समझी और लिखी जाती है वहां उससे हर किसी का विकास, प्रगति और हित ही हुआ है। हिंदी भाषा के रूप में हमेशा राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार बनने का ही कार्य किया है। पूरे देश में जिस राज्य में वहां की प्रथम राजकीय भाषा नहीं है, वहां भी हिंदी ने एकता की माला में आंचलिक भाषा या बोली के साथ बड़ी बहन की तरह अपना कर्तव्य निभाने का कार्य किया है। ऐसे में तमिलनाडु में हिंदी वहां के आम आदमी और छात्रों के लिए बोझ या सिर दर्द कैसे बन जाएगी? इस सवाल का कोई तर्कसंगत जवाब तमिलनाडु सरकार के पास नहीं है। राज्य सरकार हिंदी के स्वभाव, गुण, संस्कृति और सूत्रधार व बेहतर एकता निभाने के गुण को बगैर किसी तथ्य या तर्क से नकारती रही हैं, वही इस बार भी हो रहा है। राज्य सरकार हमेशा यह भूल करती आई है कि हिंदी राज्य में तीसरी भाषा के रूप में लागू होने से तमिलनाडुवासियों को उत्तर, पश्चिम और पूर्व भारत के लोगों से बेहतर संवाद करने में सुविधा हो जाएगी। एक तरह से देखा जाए तो भाषा के नाम पर राज्य सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। इस तथ्य और सच को भला कौन नकार सकता है कि हिंदी ही सारे देश के लोगों को संवाद की भाषा के रूप में एक सूत्र में जोड़ सकती है, क्योंकि देश में इसके बोलने, लिखने और समझने वाले लोग सबसे ज्यादा है। हिंदी 'अनेकता में एकता' का सबसे बड़ी सूत्रधार है। तमिलनाडु के अलावा देश अन्य सभी भाषा भाषी लोग बहुत रुचि से हिंदी सीखते और बोलते हैं। पिछले कुछ सालों से प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल-हिंदी संगम जैसे आयोजनों का बढ़ावा देकर हिंदी तमिल संस्कृति को मैत्री की माला में जोड़ने का कार्य किया किया। इससे हिंदी विरोध में कमी आई लेकिन स्टालिन ने मोदी के इस कोशिश को शुरू से ही पलीता लगाने का कार्य तो कभी, सनातन के खिलाफ टिप्पणी कर तो कभी हिंदू संस्कृति के खिलाफ बोलकर सारे देश में कुचर्चित हुए। केंद्र सरकार चाहती है कि तमिल का आम आदमी उत्तर भारत के आम आदमी से भाषा-संस्कृति की एकता के सूत्र में बधे। दोनों एक दूसरे की संस्कृति, साहित्य और कला को समझें और उत्तर भारत का व्यक्ति तमिल सीखकर तमिलनाडु की पुरातन संस्कृति और कला को समझे और अपनाए। मोदी की इस मैत्री वाली पहल से मुख्यमंत्री स्टालिन को क्या अपना वोट बैंक खिसकने का डर सता रहा है, इसलिए एक बार फिर आम लोगों को भड़काने के लिए जबरन हिंदी थोपने जैसी भड़काऊ टिप्पणी करते फिर रहे हैं। स्टालिन का यह कहना भी कितना बड़ा झूठ है कि हिंदी ने न जाने कितनी भाषाओं को निगल लिया है। स्टालिन यह समझाने में असफल रहे हैं कि हिंदी से तमिलनाडुवासियों का किस तरह विकास अवरुद्ध होगा और अंग्रेजी के जरिए ही उनका विकास हो सकता है। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी और तमिल दो हैं, इससे क्या बच्चों पर अंग्रेजी सीखने की दोहरी मार नहीं होती। वोट बैंक के मद्देनजर या आने वाले वक्त में सत्ता छिनने के डर से यदि यह भाषाई विरोध की आग फिर धधकाई जा रही है तो इससे न तो तमिलवासियों का कोई हित होने वाला है, न उन बच्चों का जो हिंदी सीखकर उत्तर भारत में बेहतर नौकरी के अवसर को पा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित

दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित

प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## उत्सव में डूबे श्रद्धालु



**मंडी।** महाशिवरात्रि उत्सव के भाग के रूप में हिमाचल प्रदेश के मंडी में श्रद्धालु नाटी (लोक नृत्य) करते हुए।

## आज की पाती

### सेमेस्टर सिस्टम कर सकता है सपनों को पूरा

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 से 10वीं की परीक्षा पैटर्न में कुछ बदलाव करने जा रहा है। निःसंदेह हमारे शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों के भले के लिए ही सुधारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की होगी। जब हम अपने समय के पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली की तुलना आज के समय से करते हैं तो अनुभव करते हैं कि विद्यार्थी विज्ञान और गणित जैसे अंडरस्टैंडिंग आधारित विषयों में पिछड़ रहे हैं। आज विद्यार्थियों की न तो इंग्लिश में पकड़ है और न ही हिंदी भाषा में। कई प्रदेशों में तो विद्यार्थी अपनी मातृ भाषा में भी पास नहीं हो रहे हैं। इसलिए बोर्ड परीक्षा के 'उच्च दबाव' को समाप्त करने के लिए दो बार परीक्षाओं का प्रावधान होगा, 'सर्वश्रेष्ठ दो प्रयासों में से सर्वश्रेष्ठ' के चुनाव की छूट भी होगी। *– विवेक सोनी, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### गोसेवा से आत्मिक शांति



गोमाता में करोड़ों देवी-देवताओं का वास माना गया है। वे केवल हमारी आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संवेदनाओं की आधारशिला भी हैं। उनकी सेवा से जो आत्मिक शांति, सुकून और परमानंद की अनुभूति होती है, वह अप्रतिम है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### कुलियों के अधिकार



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन इनकी आवाज नहीं सुनी जा रही। मैं इनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और इनके अधिकारों के लिए पूरी ताक़त से लड़ूंगा!

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता



निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। जो सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की ज़ुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### खान-पान पर दें ध्यान



हमें 'द लैसेट एंडो' के अध्ययन को गंभीरता से लेना चाहिए और अच्छी खान-पान की आदतों और शारीरिक गतिविधियों की दिशा में काम करना चाहिए, खास तौर पर युवा आबादी के बीच।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

## करंट अफेयर

# एआई डीपफेक लोगों की पहचान के लिए खतरा



आपकी आवाज की कीमत कितनी है? यह लगभग 100 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जितनी हो सकती है। हाल ही में एबीसी न्यूज वेरिफाई ने संघीय सीनेटर जैकी लैम्बी की आवाज की उनकी अनुमति लेकर क्लोनिंग की और इसपर इतनी ही राशि खर्च की और इसके लिए आसानी से सुलभ एक ऑनलाइन मंच का इस्तेमाल किया। यह उदाहरण यह रेखांकित करता है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप्स, जो डीपफेक या वॉयस क्लोनिंग के रूप में किसी व्यक्ति की छवि और/या आवाज की कृत्रिम प्रतिकृति बनाते हैं, सस्ते और उपयोग में आसान होते जा रहे हैं। इससे न केवल लोकतंत्र की कार्यप्रणाली (विशेषकर चुनावों के समय) को गंभीर खतरा पैदा होता है, बल्कि व्यक्ति की पहचान को भी खतरा होता है। ऑस्ट्रेलिया में अगर किसी व्यक्ति की छवि या आवाज को उनकी अनुमति के बिना डिजिटल रूप से क्लोन किया जाता है तो उनकी सुरक्षा के लिए कानून अपर्याप्त है। ऐसे में 'व्यक्तित्व अधिकार' स्थापित करने से मदद मिल सकती है। फर्जी की पहचान करना मुश्किल डीपफेक प्रौद्योगिकी ऐसी सामग्री तैयार करने में सक्षम है जो अति वास्तविक प्रतीत होती है।

## ऑफ बीट

# साबुत अनाज व चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड में क्या अंतर



यदि आप ब्रेड खरीदने के लिए दुकानों पर जाते हैं, तो आपको विभिन्न प्रकार के विकल्प मिलेंगे। लेकिन बिक्री पर उपलब्ध सभी प्रकार के उत्पादों के बीच अंतर का पता लगाना कठिन हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों के अनुसार, साबुत अनाज की ब्रेड मूल अनाज के सभी भागों (एंडोस्पर्म, रोगाणु और चोकर) से बने आटे से बनाई जाती है, जो उनके मूल अनुपात में होता है। चूंकि इसमें अनाज के सभी भाग शामिल होते हैं, इसलिए चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड आमतौर पर सफेद ब्रेड की तुलना में गहरे रंग की और थोड़ी अधिक भूरी होती है, जो केवल एंडोस्पर्म का इस्तेमाल करके बनाई जाती है। साबुत अनाज की ब्रेड के बारे में क्या विचार है? आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में साबुत अनाज वाली ब्रेड को ऐसी ब्रेड के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें या तो पूर्ण अनाज होता है या फिर ऐसी ब्रेड जिसमें अनाज के सभी भाग अपने मूल अनुपात में मौजूद होते हैं। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में इन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, इसलिए निर्माता कानूनी तौर पर सफेद ब्रेड में थोड़ी मात्रा में साबुत अनाज मिला सकते हैं, ताकि उत्पाद अधिक स्वास्थ्यवर्धक लगे।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)

पिन कोड-482002

ई-मेल : edit@haribhoomi.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एलएलएम परीक्षा का रिजल्ट करो घोषित हाईकोर्ट का रादुविवि को निर्देश



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को एल.एल.एम. तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम घोषित करने के आदेश दिए है। जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में छात्रों के शैक्षणिक हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

एमएलएम छात्रों की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि रादुविवि ने एलएलएम के पहले सेमेस्टर की एटीकेटी परीक्षा परिणामों में देरी की, जिससे छात्रों को तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। याचिका में कहा गया था कि छात्रों को एलएलएम के चारों सेमेस्टर तीन साल की निर्धारित समय सीमा में क्लीयर करना आवष्यक है। समय पर रिजल्ट घोषित नहीं होने के कारण परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य करार देने से उनका निर्धारित बहुमुल्य समय बर्बाद हो रहा है।कोर्ट ने याचिका पर पूर्व में सुनवाई करते हुए छात्रों को अंतरिम राहत दी थी। उन्हें तृतीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा और प्रथम सेमेस्टर की एटीकेटी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए छात्रों के पक्ष में उक्त राहतकारी आदेश जारी किये। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता आर्यन उर्मलिया ने पैरवी की।

## सीमांकन रिपोर्ट न दिए जाने पर जबलपुर कलेक्टर को अवमानना नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर कलेक्टर से पूछा कि याचिकाकर्ता को सीमांकन रिपोर्ट क्यों प्रदान नहीं की गई। जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने अवमानना मामले में कलेक्टर दीपक सक्सेना को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी रेखा दीवान की ओर से अधिवक्ता सुनील पांडे, धनंजय असाटी एवं हर्ष चौबे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के दादा स्व. बुद्ध सेन दीवान एक शिक्षक थे। भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने भूमिधारी अधिकारों से परिपूर्ण ग्राम इमलिया में खसरा नंबर 55, 149, 27, 80, 85, 86, 88 प्रदान की गई थी। पूर्व में दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने आदेश किया था कि सीमांकन की कार्रवाई भू राजस्व संहिता के अनुरूप समय सीमा में पूरी की जाए। कोर्ट ने सीमांकन कराकर याचिकाकर्ता को प्रदान करने कहा था। दलील दी गई कि प्रशासन ने अभी तक सीमांकन रिपोर्ट प्रदान नहीं की है। आवेदिका कई बार विधिवत आवेदन कर चुकी है और जन सुनवाई में भी उपस्थित होकर गुहार लगा चुकी है। इसलिए अवमानना याचिका दायर की गई।

# निगम मंडलों में नियुक्तियों की आस लगाए बैठे भाजपाई

**जबलपुर।**

विधानसभा चुनाव के दौरान जबलपुर में टिकट वितरण के बाद उपजी बगावत यह कहकर रोकी गई थी जिसे टिकट नहीं मिला, उसे निगम मंडल में सेट करेंगे। फिर लोक सभा चुनाव चुनाव में यह कहकर मेहनत कराई जाती है कि जो बेहतर काम करेगा, उसे निगम मंडल में नियुक्ति मिल सकती है। संगठन की नियुक्ति में भी यही जुमला चलता है कि जिसे पार्टी में सम्मानजनक पद नहीं मिला, उनके नाम पर निगम मंडल के लिए विचार किया जाएगा। निगम मंडल में नियुक्तियों के नाम पर 06 साल से जबलपुर के भाजपा नेताओं को एक ही लालीपाप अलग अलग फ्लेवर में थमाया जा रहा है।

**अलग अलग फ्लेवर के लॉलीपाप थमा रही पार्टी**

कुल मिलाकर, आज स्थिति यह है कि जेडीए से लेकर एमडीए तक सभी निगम मंडल अब प्रदेश सरकार के हाथ का एक टूल नजर आ रहे हैं, जिसे लालीपाप की तरह इस्तेमाल कर जिले में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को साधा जा रहा है।

पिछली शिवराज सिंह चौहान सरकार के पूरे कार्यकाल में निगम मंडल से जिले के नेताओं को दूर रखा गया। फिर विधानसभा टिकट वितरण में मनमाने फार्मूले लगाकर टिकट बांटे गए। जब विवाद पनपता, तो सबसे कह दिया निगम मंडल देंगे और किसी को नहीं दिया गया। फिर लोकसभा चुनाव में यह कहा गया कि अपनी-अपनी विधानसभा में जान फूंको, बेहतर प्रदर्शन करने वालों को निगम मंडल अवार्ड के रूप में देंगे, लेकिन नहीं दिया। 6 साल से प्रदेशिक और स्थानीय स्तर के निगम मंडलों में नियुक्तियां नहीं की गईं।

### जिले के वरिष्ठ नेता का मायूस होना

वर्तमान में जबलपुर शहर और ग्रामीण के भाजपा नेताओं की मायूसी बढ़ रही है। छह साल से निगम मंडल में नियुक्तियों का मामला लटका हुआ है, जिससे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच हताशा की स्थिति उत्पन्न हो रही है। कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार ने उन्हें निगम मंडल में नियुक्ति देने का वादा किया था, लेकिन अब तक किसी भी नियुक्ति का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है।

कुल मिलाकर, प्रदेश सरकार के पिछले और वर्तमान कार्यकाल में भाजपा के नेताओं से बेहतर प्रदर्शन लेने के लिए जो वादे किए गए थे, वे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। इस स्थिति ने पार्टी के भीतर असंतोष और हताशा का माहौल बना दिया है, और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का यह मानना है कि सरकार ने निगम मंडल का इस्तेमाल केवल एक राजनीतिक टूल के रूप में किया है।

जिसका परिणाम यह है कि अब भाजपा के वरिष्ठ नेता मायूस और वरिष्ठ कार्यकर्ता हताश होने लगे हैं। कहने भी नहीं है, सरकार ने निगम मंडल दिखाने के लिए रखा है।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में मिलर्स की बैठक

## मिलर्स तत्परता और ईमानदारी से काम करें: कलेक्टर

**जबलपुर।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मिलर्स की बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समय पर वेयर हाऊस और सोसायटियों से माल का उठाव करें और समय सीमा में मिलिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी सोसायटी वाला गाड़ी की गलत नंबर नहीं लिखेगा। मिलर्स ने जो मास्टर्स डाटा दिया है, उसी में से लिखें। इस दौरान मिलर्स ने कहा कि कुछ सोसायटियों में बोरे में कम मात्रा में धान मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से बड़गैया वेयर हाऊस पनागर का जिक्र करते हुये कहा कि बोरे में 20-20 किलो ही धान मिल रही है ऐसी स्थिति में उन्हें नुकसान हो रहा है। कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में जांच करायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा कर कहा कि मिलर्स तत्परता और ईमानदारी से काम करें। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्षद दल ने यातायात थाने का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

# कॉलोनियों में नोएंट्री के समय प्रवेश कर रहे भारी वाहन

**जबलपुर।**

नोएंट्री के समय सघन इलाकों और कालोनियों में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर आम जनता को हो रही परेशानियां और दुर्घटनाओं के संभावना के मद्देनजर कांग्रेस पार्षद दल ने बुधवार को यातायात थाने का घेराव कर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। नगर निगम के नेत प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बताया कि कि रसल चौक से पुराना बस स्टेंड, राईट टाउन, गेट नं.4, स्नहे नगर, लेबर चौक से एम.आर.-4. अहिंसा चौक, विजय नगर एस.बी.आई. चौक से दीनदयाल तक बसों के साथ ट्रकों का आवागमन लगातार हो रहा है। इन क्षेत्रों में आधा सैकड़ा से भी ज्यादा कालोनियां स्थित हैं जिसमें 5 वार्डो दयानंद सरस्वती, सुभद्रा कुमारी चौहान, कमला नेहरू, स्वामी विवेकानंद एवं अग्रसेन वार्ड के लगभग एक लाख से ज्यादा आम नागरिक प्रभावित हो रहे हैं। इन्ही क्षेत्रों में दर्जनों स्कूल, कालेज एवं कोचिंग संचालित हो रही हैं जिसमें हजारों की संख्या में बच्चे इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, जिससे लोगों को



परेशानी हो रही है और यातायात भी प्रभावित हो रहा हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि एक तरफ तो यातायात पुलिस दो पहिया चालकों से कानून का हवाला देते हुये प्रतिदिन हर चौराहे पर कार्रवाई करती हैं लेकिन इन कालोनियों के बीच से लगातार प्रतिदिन बसों का संचालन एवं भारी वाहनों के आवागमन को नजर अंदाज किया जा रहा है। कांग्रेस पार्षद दल ने यातायात थाने का सांकेतिक घेराव प्रदर्शन कर चेतावनी देते हुये कहा कि अगर जल्द बसों के उक्त क्षेत्रों से आवागमन पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा एवं बसों को रास्ते पर रोका जायेगा। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं पार्षद संतोष दुबे ने कहा कि आगा चौक से लेकर बल्देवबाग चौक तक छोटे-बड़े ट्रक स्थाई रूप से खड़े रहते हैं। मुख्य मार्ग होने के बावजूद ट्रैफिक पुलिस का इस ओर ध्यान न देना एक पक्षीय कार्यवाही को दर्शाता है। पूर्व में इस मांग को लेकर पार्षद संतोष दुबे के नेतृत्व में आगा चौक मे धरना प्रदर्शन किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। ज्ञापन में कहा गया कि बसों का आवागमन शास्त्री ब्रिज से छोटी लाईन फाटक, गढ़ा थाने होते हुये अंधमूक बाईपास चौराहे से सीधे पाटन बाईपास की सड़क से दीनदयाल चौराहे के बस टर्मिनल तक बसों का आवागमन हो सकता हैं लेकिन दूरी कम करने के चलते बस संचालकों द्वारा लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करते हुये बसों का संचालन कालोनियों के बीच से किया जा रहा जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद संतोष दुबे पंडा, पार्षद अख्तर अंसारी, पूर्व पार्षद पकंज पाण्डे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनुराग गढ़वाल, रिंकू तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

## दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा

# पंजाबी, गायन, तबला बादन एवं कंप्यूटर विषय के पेपर में सभी 103 बच्चे रहे उपस्थित

**जबलपुर।** जबलपुर जिला मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं वारहवी की बोर्ड परीक्षा का पंजाबी, गायन तबला वादन कंप्यूटर विषय का पेपर हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। दसवीं /बारहवी के गायन, तबला वादन, पंजाबी, कंप्यूटर के प्रश्नपत्र में शहर के 11 परीक्षा केंद्रों पर 103 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी, आज के पेपर मे कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। सभी 11 परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन एप के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।



जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा शास मॉडल स्कूल, बाबू मनमोहन दास हितकारिणी स्कूल दीक्षितपुरा एवं महाराष्ट्र स्कूल एबं सेंट नोर्बेट का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी। इस वर्ष जिले मे एक भी नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं, किसी भी केंद्र पर कोई भी अनियमितता देखने को नहीं मिली।

### नक़ल रोकने 11 उड़न दस्ता बनाये

जिले मे सभी एसडीएम के नेतृत्व मे फ्लाइंग एस्कॉट का गठन किया है ये सभी दल ऑनलाइन एप्प के माध्यम से परीक्षा केंद्रों कासघन निरीक्षण कर रहे हैं इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के निर्देश पर जिले के सभी ब्लाक मे बीईओ के निरीक्षण दल के द्वारा भी परीक्षा केंद्रों का निरिक्षण किया जा रहा हैं।

## जेसीबी के सामने बैठे क्षेत्रीय लोग

**जबलपुर।** बुधवार को कैंट एपीएन स्कूल के समीप निर्माणाधीन एक मकान को तोड़ने पहुंचे डिफेंस इस्टेट आफिस (डीईओ) के अमले को क्षेत्रीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई रोकने के लिए क्षेत्रीय लोग जेसीबी मशीन के सामने धरने पर बैठ गए और डीईओ के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जिसके चलते वहां काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। पूर्व कैंट बोर्ड मेंबर अमरचंद बाबरिया ने बताया कि अजय कुमार नामक व्यक्ति जो कि उक्त स्थान पर बीते 40 वर्षों से रह रहे थे। मकान जर्जर हो जाने के चलते पूरा गिर गया था, लिहाजा उसी स्थान पर वे पुनः निर्माण कर रहे थे। लेकिन आज अचानक पहुंचे डीईओ के अमले ने उक्त मकान को तोड़ना शुरू कर दिया। जिसका हम सभी विरोध कर रहे हैं।

## जबलपुर स्टेशन डायरेक्टर बने संजय शर्मा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे प्रशासन ने बुधवार 5 मार्च को प्रशासनिक फेरबदल किया है, जिसमें पमरे मुख्यालय में एसीएम मुख्यालय के पद पर पदस्थ संजय शर्मा को जबलपुर रेलवे स्टेशन का डायरेक्टर नियुक्त किया है, जबकि स्टेशन डायरेक्टर के पद पर पदस्थ अखिलेश नायक को एसीएम हेडक्वार्टर स्थानांतरित किया गया है. अचानक दोपहर बाद किये गये इस फेरबदल को लेकर रेलवे अफसरों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं, क्योंकि श्री नायक को स्टेशन डायरेक्टर के पद पर पदस्थ हुए अधिक समय नहीं हुआ है, उनका कार्यकाल भी काफी अच्छा रहा है।

## पीएसएम में विज्ञान दिवस पर संपन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण आज

**जबलपुर।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अनुक्रम में डिजिटल ऑडियो विजुअल प्रश्नमंच का आयोजन नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन एनसीटीसी (**DST**) भारत सरकार और मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (**MPCST**) भोपाल द्वारा उत्प्रेरित और समर्पित किया गया। इस डिजिटल प्रश्नमंच में दो-दो छात्र अध्यापकों की सात टीमों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रश्नमंच आठ राउंड में आयोजित हुआ, इसमें सीवी रमन, मौलिक विज्ञान, दैनिक विज्ञान पर आधारित जबलपुर के वैज्ञानिक संगठन या वैज्ञानिक इतिहास, राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों के बारे में प्रश्न पूछे गए, प्रश्नों का चयन सराहनीय रहा। क्विज मास्टर डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता और मार्गदर्शन प्राचार्य सहदेव सिंह मरावी का रहा। संस्थान के शिक्षक जीपी यादव और सतीश तिवारी का सराहनीय सहयोग रहा। छात्र अध्यापक मनीषा चंदेल, प्रतीक्षा पटेल, नाजमा बानो, नेहा पवार, उत्तम सिंह, कमल श्रीवास्तव, नारायण सिंह, रत्ना यादव, प्रभा मरावी, प्रीत रैकवार और बबली झारिया ने भी उत्कृष्ट सहयोग किया। क्विज में प्रथम स्थान अर्शी राज और कृतिका ने, द्वितीय स्थान दृनितिनि मनोहर तथा तृतीय स्थान गोविंद और साथी ने प्राप्त किया। साहित्यिक सांस्कृतिक क्रीड़ा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संपन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण, विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति का समापन पीएसएम के प्रेक्षा भवन में 06 मार्च को दोपहर 12 बजे से आयोजित है। उपस्थिति की अपील डॉ. रामनरेश पटेल, डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, जीपी यादव ने की है।

# बिना कंसेंट आदेश के हो रही माल गोदाम में लोडिंग अनलोडिंग

## कानून के तहत कार्य हो, जन संगठनों की मांग

**जबलपुर।** रेलवे में साइडिंग में अवैध लोडिंग, अनलोडिंग करने का एक ओर कारनामा सामने आया है। कछपुरा मालगोदाम में साइडिंग करने रेलवे को केवल खाद्यान्न की लोडिंग, अनलोडिंग करने हेतु 5 अप्रैल 2023 को कंसेंट आदेश दिया गया है, लेकिन पिछले 3 वर्षों से वहां पर सीमेंट, फर्टीलाईजर, आयरन और आदि की भी लोडिंग, अनलोडिंग हो रही है जो बगैर कंसेंट आदेश की है, तथा अवैध है।



अब रेलवे ने कछपुरा मालगोदाम से मिनरल की लोडिंग, अनलोडिंग बंद कर उसे गढ़ा साइडिंग से कर रहे है, यह बताया है। डॉ पीजी नाजपांडे के अनुसार रेलवे गुमराह कर रहा है क्योंकि गढ़ा साइडिंग में लोडिंग, अनलोडिंग करने हेतु रेलवे ने अभी तक कंसेंट आदेश प्राप्त नहीं किया है, यहां तक की रेलवे ने इस हेतु आवेदन तक नहीं प्रस्तुत किया है। यह खुलासा आज प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से हुई चर्चा के दौरान हुआ है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे को अब नोटिस जारी किया जाएगा।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने इस समूचे अवैध कार्य में सांठ गांठ है तथा इसकी जांच होना चाहिए यह मांग की है। सभी कार्य कानून के तहत होना चाहिए। बैठक में टीके रायघटक, डीके सिंह, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड.जीएस सोनकर, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, केसी सोनी, डीआर लखेरा आदि उपस्थित थे।

## 8 किलो गांजा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर।** घमापुर पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8 किलो 125 ग्राम गांजा जब्त किया है। इस जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 1 लाख 65 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी गांजे की डिलेवरी लेकर झामनदास चौक में खड़े थे, तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा। घमापुर थाना प्रभारी सतीश कुमार अंधवान ने बताया कि बापूनगर भवानी चौक हनुमानताल निवासी 30 वर्षीय दिलीप चौधरी और झामनदास चौक घमापुर निवासी 32 वर्षीय रंजीत चौधरी गत दिवस झामनदास चौक में गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी तलाशी लेने पर दिलीप चौधरी के पास से पर्स में रखे 220 रुपए, एक रेल टिकिट, वोटर आईडी कार्ड, काले रंग के बैग में रखे 5 पैकेट गांजा और रंजीत चौधरी के पास से थैले में रखे 3 पैकेट मिले। पुलिस ने 8 किलो 215 ग्राम गांजा जब्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस का दर्ज किया है।

# व्यापारी लाइसेंस लेकर करें स्वाभिमान के साथ व्यापार : निगमायुक्त

## लाइसेंस बनाने और नवीनीकरण की प्रक्रिया नगर निगम द्वारा है प्रारंभ

**जबलपुर।**

**नगर निगम द्वारा बाजार विभाग के माध्यम से शहर में स्वाभिमान के साथ व्यापार करने नए व्यापारियों के लिए लायसेंस बनाने तथा पुराने लायसेंस का नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है।**



यह व्यवस्था नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों के साथ-साथ जार्ज टाउन स्कूल परिसर में लायसेंस एजेन्सी संचालक कार्यालय से भी किये जा रहे हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नगर निगम से लायसेंस लेकर ही स्वाभिमान के साथ व्यापार करें और पुराने लायसेंस का 31 मार्च के पहले नवीनीकरण कराएं और 100 प्रतिशत लगने वाला पेनाल्टी से बचें। इस संबंध में उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने पेनाल्टी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च तक नवीन लायसेंस एवं लायसेंस नवीनीकरण में कोई पेनाल्टी नहीं लगेगी, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से 100 प्रतिशत पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है। बाजार अधीक्षक श्री सिंह ने आज कई क्षेत्रों में अचानक कार्रवाई की और लाइसेंसों का नवीनीकरण कराया। बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने व्यापारियों से लाइसेंस लेकर ही व्यापार करने और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचने अपील की है।

आताताई मुगल शासक औरंगजेब पर विवादित टिप्पणी का मामला

# भाजयुमो ने सपा नेता अबू आजमी का पुतला फूंका

**सिहोरा।** महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी नेता अबू आजमी द्वारा दी गई विवादित टिप्पणी को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजमणि सिंह बघेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर की उपस्थिति व जिला मंत्री पलाश दुबे के संयोजन में अपमानजनक बयान के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा बुधवार को सिहोरा बस स्टैंड में सपा नेता का पुतला दहन किया गया।

## औरंगजेब ने हिंदुओं पर अत्याचार किया-बघेल

भाजयुमो जिलाध्यक्ष बघेल ने कहा है कि सपा नेता की विवादित टिप्पणी जिसमें उन्होंने औरंगजेब के शासनकाल को भारत का स्वर्ण युग बताया से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इतिहास गवाह है कि औरंगजेब के शासन में हिंदुओं पर अत्याचार किए गए,मंदिर तोड़े गए और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा दिया गया। ऐसे में अबू आजमी का यह बयान न केवल ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश



करने का प्रयास है बल्कि हिंदू समाज का अपमान भी है।

**सपा ने महाकुंभ का भी विरोध किया था**

जिलाध्यक्ष बघेल ने आगे कहा है कि है कि समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी नेताओं ने लगातार महाकुंभ को लेकर भी विवादित टिप्पणी की थी ।आजमी ने जिस तरह से मुगल शासक औरंगजेब जैसे आताताइयों का नाम लेकर महिमा मंडन कर रहे हैं। यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे समाजवादी पार्टी के चाल चरित्र का पता चलता है समाजवादी पार्टी के लोग आतंकियों और आताताइयों का समर्थन करते हैं पर यह हिंदुस्तान में नहीं चलेगा। इस अवसर अनुपम सराफ, अंनत नौगरहिया, रामकृष्ण पटेल, माधव मिश्रा, शिशिर पाण्डेय, रोहित यादव, विनय श्रीपाल, लालू यादव, धर्मेंद्र पटेल, अनिक तिवारी, कान्हा पांडे, पवन मिश्रा, रत्नेश दुबे, प्रांजल तिवारी, भालू चौरसिया, सौरव गोंटिया आदि उपस्थित थे।




भाजपा महिला मोर्चा की बैठक

# संगठन निर्माण में महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका

**जबलपुर।** किसी भी संगठन के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और भारतीय जनता पार्टी में भी चाहे संगठन हो सत्ता का दायित्व हो महिलाओ की भागीदारी बराबर तय की गई है, यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भाजपा महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक में रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में कही। भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व अध्यक्ष जीएस ठाकुर, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रूपा राव की उपस्थिति में आयोजित बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा हम उस देश के निवासी है जहां मातृशक्ति को प्रथम माना जाता है और हमारे संगठन में भी आज माताओं बहनों की भागीदारी बड़ी संख्या में हो रही है इसके लिए सभी बहिनें बधाई की पात्र है क्योंकि मोर्चा की बहनों को संगठन के साथ साथ अपने घर परिवार को संभालने की जिम्मेदारी भी होती और दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन करना अपने आप में चुनौती पूर्ण होता पर आप सभी पूरी निष्ठा से अपने दिए गए कार्य को पूरा करती है यह अनुकरणीय है। बैठक को पूर्व अध्यक्ष जीएस ठाकुर ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मधुबाला राजपूत, रीना राय, प्रियंका श्रीवास्तव दीपमाला केसरवानी, सुमन यादव, सुम्मी सोनाने, कल्पना तिवारी सारिका राय, आरती दुबे, मनीषा यादव, वंदना कनौजिया आदि महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# डॉक्टर बीना शर्मा की कृति प्रभु नयन का हुआ विमोचन

**जबलपुर।** शहीद स्मारक प्रांगण गोल बाजार में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित विराट पुस्तक मेले में अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक,, सामाजिक संस्था मंथनश्री के तत्वावधान में डॉ. बीना शर्मा की कृति प्रभु नमन का विमोचन एवं विराट कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में पाथेय प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रभु नमन कृति का विमोचन करते हुए अतिथियों ने कहा कि डॉ. बीना शर्मा ने विविध ग्रन्थों के सार भाव को कृति में समाहित करते हुए मानवीय कल्याण का सुगम मार्ग प्रशस्त्त किया है जिसमें ईश्वरी सत्ता के मंगल विधान का ज्ञान समाहित है। समारोह के मुख्य अतिथि हास्य कला साधक के.के.नायकर



थे। अध्यक्षता कविवर अभय तिवारी ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ.पूनम शर्मा, बृज बिहारी शर्मा एवं डॉ सलमा जमाल थीं। इस अवसर पर राजेश पाठक ₹प्रवीण₹, संतोष नेमा एवं डॉ.अरविंद शर्मा ने कृति एवं कृतिकार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों को सम्मानित किया। उपस्थित कवियों ने काव्य रस की वर्षा कर जन मानस का मन मोहा। इस अवसर पर KKS इंडिया चैनल के ब्यूरो चीफ रिपोर्टर डॉ.अरुण मिश्रा, संवाददाता दीपांशु शुक्ला के साथ ही गायत्री परिवार के वरिष्ठ, पूर्व जेलर चंद्रकांत मिश्रा, जगदीश दीक्षित, बृजेश शर्मा, कमल राय, प्रेमेंद्र जाट, प्रकाश सेन, संजय खत्री की उपस्थिति उल्लेखनीय रही इस गरिमा पूर्ण कार्यक्रम का संचालन मंथनश्री के महासचिव राजेश पाठक (प्रवीण) तथा संतोष नेमा ने किया।आभार यशोवर्धन पाठक ने व्यक्त किया।

फुटबाल प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की टीम घोषित

# 46वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल

हरिभूमि जबलपुर।

46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल फुटबाल प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई। यह प्रतियोगिता 7 से 10 मार्च तक हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के तत्वावधान में हिसार में आयोजित होगी।

एमपी पावर फुटबाल टीम में अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के प्रकाश बैगा, कमलेश बैगा, पवन दुबे, संजय लाल बैगा, कृष्णा बैगा संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के सौरभ रोतिया, पुरूषोत्तम दास, राहुल बैगा पेंच जल विद्युत गृह तोतलाडोह के लोक सिंह नारते, जबलपुर के अनंत




कुशवाहा, हरीश नायक, विशाल सोना, मनोज कुमरे, राजेश कुमार सिंह, क्रिस्टोफर नरोन्हा व कुलदीप बहादुर थापा को शामिल किया गया है। टीम के कप्तान कुलदीप बहादुर थापा होंगे। टीम के मैनेजर पवन पटेल व कोच संदीप बर्मन को नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपी पावर की टीम गुरूवार को हिसार रवाना होगी। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने एमपी पावर फुटबाल टीम को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामना दी।



## श्रीमद् भागवत कथा का आज अंतिम दिन

**बरगी।** ग्राम सगड़ा झपनी मैं 27 फरवरी से 6 मार्च तक चलने वाली सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में व्यास श्री मनीष कृष्ण तिवारी शास्त्री के मुखारविंद से भक्तों को सुदामा चरित्र का विस्तृत व्याख्यान किया जिसमें ग्राम ओर आसपास के ग्रामों से आए हजारों भक्तों द्वारा कथा का श्रवण किया।साथ ही कल अमृतरूपी प्रसाद का वितरण किया जाएगा जिसमें मुख्य यजमान के रूप में मूलचंद गीताबाई साहू,नंदकिशोर उमाबाई पटेल उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने की विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना

# पश्चिमी करियापाथर शाला में 5वीं 8वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में आज 5वीं 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

शाला की प्रधान अध्यापिका श्रीमती छाया जैन के मार्गदर्शन में सभी शासकीय और अशासकीय शिक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा का सफल संचालन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया क्योंकि स्थानीय लोगों का परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का कोई हस्तछेप नहीं रहा। परीक्षा संचालन हेतु केंद्राध्यक्ष श्रीमती मनीषा रघुवंशी और सहायक केंद्राध्यक्ष, दीपेश जैन रहे। परीक्षा संचालन हेतु रॉबर्ट मार्टिन, हरीशचन्द्र वर्मा, रामशंकर श्रृंगी, मोनिका सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, कृष्णा रत्नाकर, शबनम कुरेशी, रिक्ता जेकब, वंदना विश्वकर्मा, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता आदि सभी शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### परीक्षा समाप्त होते ही बच्चों ने राहत की सांस



परीक्षा की टेंशन से बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी बच्चों की चिंता रहती है। जैसे परीक्षा समाप्त होती है बच्चे राहत की सांस लेते हैं, खुशी से झूमने लगते हैं कि अब हमारे सर से परीक्षा की बोझ समाप्त हुआ। अब हम खूब खेलेंगे।

### बनने लगे छुटटी मनाने के प्रोग्राम

परीक्षा समाप्त होते ही बच्चों ने अपने-अपने प्रोग्राम बनाने शुरू कर दिये हैं। किसी ने नानी के घर जाकर छुट्टी मनाने का प्लान बनाया तो किसी ने बाहर घूमने जाने का। छुटटी समाप्त होते ही बच्चे इतने रिलेक्श महसूस करते हैं कि मानो उनके सर से बहुत बड़ा टेंशन दूर हो गया हो।

# सात दिवसीय शिविर का आयोजन

**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय मझौली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वच्छता जागरूकता, नशा मुक्ति उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रोजगार उन्मूलन प्रशिक्षण के साथ-साथ सा मा जि क सद्भावना और देश सेवा जागरूकता अभियान शिविर में छात्र-छात्राओं द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के गौरीकांत मिश्रा, डॉक्टर शालिनी यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आमोद कस्तवार ने कार्यक्रम का संचालन किया। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण भी उपस्थित रहे।



## पांच माह के अजलान को नया जीवन

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना ने पांच माह के अजलान को नया जीवन प्रदान किया है। योजना से स्वीकृत राशि से नारायणा हृदयालय मुंबई में अजलान के हृदय की सफल सर्जरी की गई और अब वो पूरी तरह स्वस्थ्य है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला के अनुसार अजिजगंज पसियाना, जबलपुर निवासी अब्दुल रजा का पुत्र अजलान जन्म से ही हृदय रोग से ग्रसित था। इसकी जानकारी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पहुँची राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम की डॉ नाजिया शाह एवं एएनएम रजनी विश्वकर्मा को लगी। तुरंत अजलान का जिला अस्पताल के विषय विशेषज्ञ से परीक्षण कराया गया और मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना का प्रकरण तैयार कर परिजनों की सहमति से उपचार के लिये उसे नारायणा हृदयालय मुम्बई रैफर किया गया। नारायणा हृदयालय में 20 फरवरी को अजलान के हृदय की सफल सर्जरी की गई।मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से स्वीकृत राशि से हृदय की सफल सर्जरी से अजलान का पूरा परिवार बेहद खुश है। परिवारजनों ने हृदय रोग से पीड़ति बच्चों के निःशुल्क उपचार हेतु योजना के संचालन के लिये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार जताया है। इसके साथ ही योजना के अंतर्गत हृदय की सर्जरी के लिये तत्परता से सहायता राशि स्वीकृत करने के लिये कलेक्टर दीपक सक्सेना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम का भी अजलान के परिवारजनों ने आभार व्यक्त किया है।

## *रेल मजदूर संघ के दो दिवसीय अधिवेशन का आगाज*

**जबलपुर।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन का शुभारम्भ बुधवार को यहां रेलवे स्टेडियम में हुआ। एनएफआईआर के अध्यक्ष के मुख्य आथित्य में ह। अधिवेशन में मुख्यालय कार्यकारिणी, केन्द्रीय कार्यकारिणी बैठक तथा सामान्य सभा, साथ ही भव्य रैली निकाली गई। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा तथा संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. एम.राघवैय्या, महामंत्री एनएफआईआर, नई दिल्ली व मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पमरे, श्रीमति शोभना बंधोपाध्याय, अध्यक्षता सी.एम. उपाध्याय, अध्यक्ष, डब्ल्यूसीआरएमएस तथा विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार खत्री, अपर महाप्रबंधक, एकनाथ मोहकर, पीसीएसटीई, प्रभात, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्याम सुन्दर यादव, आदि सैकड़ों कर्मचारियों एनपीएस यूपीएस के खिलाफ भव्य रैली में भाग लिया।

जेल से जमानत पर छूटते ही तलवार लेकर धमकाने पहुंचा आरोपी

# तूने गवाही दी तो तेरा भी मर्डर कर दूंगा



**जबलपुर।** गोराबाजार में अपनी पत्नी की हत्या का आरोपी फुफेरे साले को कोर्ट में गवाही देने से रोकने के लिए तलवार लेकर धमकाने पहुंचा और साले की दुकान में तोड़फोड़ भी की। आरोपी हाल ही में जमानत पर छूट कर आया। घटना युवक के आसपास के दुकानदारों और क्षेत्रीय लोगों ने उसे पकड़ा और उसकी पिटाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल देर रात्रि आरोपी सोनू उर्फ संगम पारस तलवार लेकर गोराबाजार में अपने साले विशाल कुमार विरहा की दुकान पर पहुंचा और उसे धमकाने लगा। बताया गया है कि आरोपी संगम पारस ने 2022 में धोबीघाट कालोनी में अपनी पत्नी रुबी पारस की हत्या कर दी थी। रुबी विशाल बिरहा की ममेरी बहन थी। हत्या के इस मामलें में विशाल चश्मदीद गवाह है। सोनू उर्फ संगम पारस जो हत्या के आरोप में जेल में बंद था हाल ही में जेल से जमानत पर छूटकर आया है और उसने विशाल बिरहा को कोर्ट में गवाही नहीं देने के लिए धमकाते हुए कहा कि तूने मेरे खिलाफ कोर्ट में गवाही दी तो तेरा भी मर्डर कर दूंगा कहते हुए धमकाने लगा और उसे धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उसके कंधे एवं कमर में चोटे आ गयी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास एक तलवार भी जब्त की है। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2), 115(2) 232(1), भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है।

**श्रीमती रामकली तिवारी-** टीआईटी बिल्डिंग कांचघर निवासी श्रीमती रामकली तिवारी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जसबीर कौर अहलूवालिया-** मदनमहल निवासी श्री हरभजन सिंह अहलूवालिया की धर्मपत्नी श्रीमती जसबीर कौर अहलूवालिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती फूला बाई-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री कल्लूराम की धर्मपत्नी श्रीमती फूला बाई (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद राजपूत-** सरकारी कुआं शीतलामाई वार्ड निवासी श्री प्रमोद राजपूत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शशि चौरसिया-** रामपुर छापर विजयनगर निवासी श्री विजय चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती शशि चौरसिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक समुंद्रे-** चंडालभाटा चेरीताल ननिज क्वाटर्स निवासी श्री दीपक समुंद्रे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री चंद्रभान सिंह-** रविदास नगर पोलीपाथर निवासी श्री चंद्रभान सिंह (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमामणी महांती-** ओम कला मंदिर रोड लालमाटी निवासी श्री विश्वनाथ महांती की धर्मपत्नी श्रीमती रमामणी महांती (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी देवी गौंड़-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री ज्ञान प्रकाश गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी देवी गौंड़ (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल सेन-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री बैजनाथ सेन के पुत्र श्री शंकर लाल सेन (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती तुलसा देवी यादव-** पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री दशरथ प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा देवी यादव (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव शरण मिश्रा-** चंदन कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री शिव शरण मिश्रा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## नागरिक सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए एआई तकनीक का होगा उपयोग


# मप्र की सात स्मार्ट सिटी में सुशासन के लिए कंट्रोल सेंटर और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में 7 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं सतना का चयन स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया है। चिन्हित शहरों में सुशासन और नागरिक सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन चयनित शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को लागू किया गया है। नगरीय सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अब एआई तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा।

**डेटा संचालन और निर्णय लेने में उपयोगी**

**संचालन के लिए एजेंसी का किया चयन**




**सतत निगरानी का काम किया जा रहा**

आईसीसीसी तकनीक से स्मार्ट सिटीज शहरों में नागरिक सेवाओं के क्रियान्वयन पर सतत निगरानी का कार्य किया जा रहा है। नागरिक सेवाओं में डेटा संचालन और निर्णय लेने में भी यह बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। आईसीसीसी और आईटीएमएस प्रणाली के संचालन के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा एजेंसी का चयन किया गया है। इन प्रणालियों के जरिए स्मार्ट सिटी में जल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक सुरक्षा जैसी शहर की सेवाओं की लगातार निगरानी की जाना संभव हुआ है।

**नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन**

*केन्द्र सरकार ने नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन (एनडीयूएम) में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को शामिल करने का निर्णय लिया है। एआई तकनीक से नागरिक सेवाओं को और बेहतर किया जा सकेगा। आईसीसीसी तकनीक स्मार्ट सिटी में अपशिष्ट संग्रह वाहनों की वास्तविक समय की ट्रेकिंग को सक्षम बना रहा है, जिससे समय पर कचरा निपटान और सफाई सुनिश्चित हो रही है। भविष्य में इन केन्द्रों को स्वचलित अलर्ट स्वच्छता संबंधी मुद्दों को तुरंत निराकृत करने में सक्षम किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी में जल वितरण और रिसाव का पता लगाने वाली प्रणालियों को कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी में रखा जा सकेगा। इससे पानी के अपव्यय को काफी हद तक कम करने और शहर में पानी की समान रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ आईसीसीसी के माध्यम से स्मार्टग्रिड और स्ट्रीटलाइट ऑटोमेशन ऊर्जा की खपत को कम करने और विद्युत वितरण व्यवस्था को और दक्ष बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।*




## डिजिटल नवाचार को किया प्रोत्साहित

# मप्र पुलिस के ई-रक्षक एप को मिला स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस के अत्याधुनिक ई-रक्षक एप को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ द्वारा पुलिसिंग में डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

इस वर्ष इस पुरस्कार के लिए सम्पूर्ण भारत से 200 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनका गहन मूल्यांकन करने के पश्चात मध्यप्रदेश पुलिस के ई-रक्षक एप को इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर पूर्व गृह सचिव भारत सरकार जीके पिल्लई द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो चंचल शेखर को इस अभिनव पहल के लिए स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर मप्र पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बधाई दी है।

**पुलिस को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया**

*ई-रक्षक एप बीट स्तर पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान में मदद करता है। पहले पुलिसकर्मियों को अपराधियों की पहचान मुख्य रूप से व्यक्तिगत अनुभव और जान-पहचान के आधार पर करनी पड़ती थी, लेकिन अब इस एप के माध्यम से संपूर्ण मध्यप्रदेश के अपराधियों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाती है।*

**एप विकसित करने में इनका योगदान रहा**

तकनीकी नवाचार को विकसित करने में हेमंत चौहान उप पुलिस महानिरीक्षक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, आरएस प्रजापति, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, प्रांजलि शुक्ला सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सीसीटीएनएस, इंद्रा नामदेव निरीक्षक, सीसीटीएनएस, हीरा सिंह ठाकुर सहायक उपनिरीक्षक, सुरेंद्र रघुवंशी सहायक उपनिरीक्षक एवं अर्शदीप सिंह प्रधान आरक्षक का योगदान रहा।

## 30 मार्च तक विक्रमोत्सव का होगा आयोजन, सभी मंत्री प्रभार के जिलों में करें तैयारियों की समीक्षा: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री का जीआईएस के सफल आयोजन के लिए कैबिनेट के सदस्यों ने किया अभिनंदन

# मप्र में जय गंगा जल संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल से न केवल भारत बल्कि प्रदेश के छोटे से छोटे निवेशकों और प्रदेशवासियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने यूके, जर्मनी, जापान सहित सभी विदेशी मेहमानों, मंत्री गण, विभागीय अधिकारियों और प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्री को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री को मंत्रियों ने भगवान श्री रामलला की प्रतिमा भेंट कर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल और उपलब्धि पूर्ण आयोजन के लिए उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रालय में मंत्रियों ने अंगवस्त्रम भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबके सहयोग से हम बेहतर स्थिति में पहुंचे हैं। जीआईएस में उद्योग विभाग में 12.02 लाख करोड़, नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़, खनन एवं खनिज में 3.22 लाख करोड़, शहरी विकास में 1.9 लाख करोड़, ऊर्जा विकास में 1.74 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार, निवेश की प्रगति की निरंतर समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से प्रत्येक दो माह में और मुख्य सचिव द्वारा प्रतिमाह समीक्षा की जाएगी।



### राज्य सरकार अपने सभी वादे पूर्ण करने के लिए संकल्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अपने सभी वादे पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, इसमें 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस है। इससे राज्य सरकार पर 1400 करोड़ रुपए का भार आएगा और लगभग 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं के समर्थन मूल्य को लेकर किसानों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, गेंहू उपार्जन का यह कार्य 15 मार्च से आरंभ होगा। इसी प्रकार प्रदेश में 6.70 लाख किसानों द्वारा 12.20 लाख हेक्टेयर में धान का उत्पादन किया गया है। धान किसानों को खरीफ वर्ष 2024 के लिए 4000 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। इस पर लगभग 480 करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी।

### 6 मार्च को मंत्रियों से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाद करेगा वित्त आयोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंगलवार को ही 16 वें वित्त आयोग का प्रदेश में आगमन हो रहा है, आयोग 6 मार्च को सभी मंत्रियों से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाद करेगा। आयोग के सदस्य, निगम, जिला पंचायत सदस्यों और राजनीतिक दलों से भी मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 मार्च से 30 जून तक जय गंगा जल संवर्धन अभियान आयोजित होगा। अभियान में संपूर्ण प्रदेश में जल संरचनाओं का संवर्धन वृहद स्वरूप में किया जाएगा। उन्होंने मंत्रियों को इस विषय में प्रभार के जिलों में बैठकें लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 फरवरी से 30 मार्च तक विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुड़ी पड़वा पर्व 30 मार्च को उत्साह और उमंग से मनाने के लिए प्रभार के जिलों में व्यापक तैयारियां की जाएं।

## कैबिनेट की बैठक में मिली स्वीकृति

### मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी के लिए 1431 नए पद स्वीकृत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी की संगठनात्मक संरचना में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रस्ताव में कम्पनी के लिए 1431 नवीन नियमित पद सृजित करने का अनुमोदन किया गया है। स्वीकृत पदों पर भर्ती के लिए ऊर्जा विभाग को अधिकृत किया गया है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा है कि सरकार के इस निर्णय से कम्पनी के कार्यों में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में ट्रांसमिशन कम्पनी की कुल क्षमता 35 हजार मेगावॉट थी और अब 80 हजार मेगावॉट से अधिक हो गई है। इसके बावजूद पदों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई थी। इससे कार्य प्रभावित हो रहा था।

### संविदा में कार्यरत कार्मिकों की सेवा जारी रहेगी

ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी में संविदा के आधार पर कार्यरत कार्मिक निर्धारित आयु सीमा के पूरा होने अथवा नियमित सीधी भर्ती के पद पर चयनित होने अथवा परफार्मेंस के आधार पर संविदा अनुबंध का नवीनीकरण नहीं होने तक कार्य करते रहेंगे। इसतरह से उनकी सेवा नियमानुसार जारी रहेगी। कम्पनी की ओर से नियमित तौर पर सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना करते समय समकक्ष पद पर उस समय कार्यरत संविदा कार्मिकों की संख्या घटाकर, शेष रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लाभ में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब स्वीकृत पदों पर भर्ती के बाद कम्पनी नए -नए कार्य कर उत्तरोत्तर प्रगति करेगी।

# राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम पर बनेंगे द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र का गौरवशाली इतिहास रहा है। प्रदेश के समृद्ध अतीत से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने और हमारी संपन्न सांस्कृतिक धरोहर के प्रकटीकरण के लिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज सहित महापुरूषों के नाम पर द्वार बनाए जाएंगे।

भोपाल सहित प्रदेश के कई स्थानों की पहचान यहां के शासकों से रही है। चक्रवर्ती सम्राट के रूप में शासन करने वाले सम्राट विक्रमादित्य की वीरता, न्याय, त्याग, दानशीलता, पराक्रम, पुरुषार्थ और सुशासन से इतिहास में उन्हें विशेष स्थान प्राप्त हुआ। अद्वितीय शासक रहे राजा भोज ने बड़े तालाब सहित अनेक रचनाओं का निर्माण कराया, जो आज भी भोपाल सहित प्रदेश के कई भागों में उनकी स्मृतियों को जीवंत करती हैं। महापुरूषों के नाम पर द्वार निर्माण की राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेशवासी अपने गौरवशाली अतीत से परिचित होंगे और उन्हें गर्व की की अनुभूति होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

*प्रदेशवासी अपने गौरवशाली अतीत से परिचित होंगे, उन्हें गर्व की अनुभूति होगी*

## कांकेर में डॉक्टर-शिक्षक के घर में घुसा वन्य प्राणी

# तेंदुए ने मुर्गे को खाया और कुत्ते पर किया हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले में तेंदुए का आतंक है। मंगलवार की रात एक शिक्षक के घर में घुस गया। सामान के पीछे छिपकर बैठा रहा। करीब 3 घंटे बाद जंगल की तरफ भाग गया। बताया जा रहा है कि तेंदुआ 2 दिन में 3 अलग-अलग जगहों पर दिखा है। मामला कांकेर और सरोना रेंज का है। इसके अलावा 4 मार्च की रात भी तेंदुआ मुर्गे का शिकार कर भाग गया था। इसके अलावा 3 मार्च को वेटनरी डॉक्टर के घर में घुसा।

आंगन में बंधे पालतू कुत्ते पर हमला किया। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें तेंदुआ दीवार पर चढ़ते दिख रहा है। पहला मामला 3 मार्च की रात का है। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी नरेश सिंह के घर में तेंदुआ घुसा। उस वक्त नरेश सिंह अपने घर में सो रहे थे। तेंदुए ने घर में बंधे पालतू कुत्ते पर अटैक कर दिया, जिससे कुत्ता भौंकने लगा। आवाज सुनकर नरेश सिंह जाग गए। नरेश सिंह घर से बाहर निकले तो तेंदुआ कुत्ते पर हमला कर रहा था। इसके बाद नरेश ने डंडे लेकर तेंदुए को भगाया और कुत्ते की जान बचाई। उन्होंने कुत्ते को रेबीज का इंजेक्शन लगाया। गांव में यह तेंदुए के हमले की तीसरी घटना है। इन घटनाओं से लोगों में डर का माहौल है। दूसरा मामला दुधावा गांव है। यहां 4 मार्च यानी मंगलवार की सुबह 5 बजे तेंदुआ राजेंद्र नेताम के घर में खिड़की से घुस गया। मकान मालिक राजेंद्र नेताम तुरंत बाहर निकल गए और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर जाल बिछाया। टीम ने कच्चे मकान की छत से खप्पर को हटाई और बांस से हलचल की। करीब ढाई घंटे की कोशिश के बाद तेंदुआ बाहर निकला। वह जाल को को फांदकर जंगल की तरफ भाग गया। इससे पहले दुधावा में इसी तेंदुए ने तीन बार हमला किया है। वहीं 4 मार्च यानी मंगलवार की रात माकड़ी में बाजार चौक पर तेंदुआ का आतंक दिखा। यहां दीवार को फांदकर तेंदुआ ऊपर घर में घुस गया। मुर्गे का शिकार कर भाग निकला। तेंदुआ दीवार पर चढ़ते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

## किसान ने बना लिया था वीडियो

# जमीन के मामले में पटवारी ने मांगी रिश्वत, 30 हजार लेते हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में पटवारी रिश्वत लेते कैमरे में कैद हुआ है। जमीन ऑनलाइन दर्ज करने और ऋण पुस्तिका जारी करने के एवज में 60 हजार रुपए की डिमांड की थी। पहली किस्त 30 हजार देते किसान ने वीडियो बना लिया।

मामला रतनपुर तहसील के पचरा गांव का है। बताया जा रहा है कि पटवारी ने पैसे लेने के बाद काम नहीं किया तो किसान ने वीडियो को वायरल कर दिया। वीडियो में पटवारी किसान से पैसे लेते और किसान से दूसरी किस्त के लिए बातचीत करते दिख रहा है। दरअसल, 26 दिसंबर 2024 को



पटवारी अनिकेत साव पचरा गांव आया था। इस दौरान उसने पीड़ित केवल दास मानिकपुरी से पैसे लिए। पटवारी ने वादा किया कि केवल दास के पिता दुलमदास को 1984-85 में जो सरकारी पट्टा मिला था, उसे ऑनलाइन रिकॉर्ड पर अपडेट कर देगा। पटवारी ने किसान से 60 हजार में डील की थी। इस दौरान किसान केवल दास ने पटवारी को रिश्वत की पहली किस्त देते हुए वीडियो भी बना लिया था।

## ऑटो में लोड पीडीएस चावल पकड़ाया

दुर्ग। भिलाई कैंप 1 के कुछ लड़कों ने सरकारी दुकान से चावल लोड करके राइस मिल ले जाते हुए ऑटो को पकड़ा है। फूड विभाग ने ऑटो से 20 कट्टा यानि 11 क्विंटल चावल जब्त किया है। चावल पकड़ने वाले के सत्यम और सूर्या ने जब चावल तस्कर का नाम पूछा तो ऑटो चालक ने पहले सूरज साव का नाम लिया। उसके बाद बयान में डबलू और सत्यम यादव का चावल होना बताया। खाद्य विभाग मामले की जांच कर रही है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कैंप 1 भिलाई निवासी सत्यम यादव और सूर्या तिवारी ने बुधवार दोपहर चावल से लोड ऑटो को चिखली चौक के पास पकड़ा था। इसके बाद उन्होंने पुलिस और फूड डिवार्टमेंट को सूचना दी। पुलगांव पुलिस ने सूचना मिलने पर ऑटो को थाने में खड़ा करा दिया।

## गरीब कल्याण मिशन से होगा वंचितों का आर्थिक उत्थान

# किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही मोहन सरकारः दवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने मप्र को वर्ष 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए 'गरीब कल्याण मिशन' के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी गई है। उक्त विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता और भोपाल के जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं दक्षिण-पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुए उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है और महिलाओं-बच्चों का पोषण सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर कम करना, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना, माध्यमिक कक्षा तक के विद्यार्थियों की स्कूल में उपस्थिति, भोजन पकाने के लिए समुचित ईंधन उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, आवास निर्माण, परिवारों के पास संसाधन उपलब्धता, बैंक खाता की उपलब्धता करना है। इसके साथ ही वित्तीय समावेश में सुधार किया जाएगा।



**मजदूरों और दिव्यांगों को दी सौगात**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में गरीबों के लिए 8 लाख 21 हजार मकान बनाने की भी घोषणा की है। साथ ही प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में स्थाई बिजली कनेक्शन देने का संकल्प भी लिया है। गरीब बंदियों को विधिक सहायता में बढ़ोतरी, श्रमिकों को इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए 40 हजार रुपए की सब्सिडी और दिव्यांगों की सहायता राशि को 4 लाख रुपए तक बढ़ाने की घोषणा भाजपा सरकार की गरीब कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दिखाती है।*

## सतना में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से हुई थीं घायल

## राज्यमंत्री प्रतिमा ने किया था एयरलिफ्ट कराने का आग्रह

# मुख्यमंत्री ने महाकुंभ से लौट रही हैदराबाद निवासी डॉ. कीर्ति पामो को कराया एयर लिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने प्रयागराग महाकुंभ से लौटते समय सतना अमरपाटन में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हैदराबाद की डॉ. कीर्ति पामो को एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आभार माना है।

मंत्री बागरी ने मंत्रालय में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। गौरतलब है घायल डॉ. कीर्ति का इलाज सतना के एक अस्पताल में चल रहा था। परिजनों की मांग पर राज्य मंत्री बागरी ने रामपुर बघेलान पहुंचे। मुख्यमंत्री से परिजनों की भेंट कराई और डॉ. कीर्ती को बेहतर इलाज के लिए उनके शहर हैदराबाद एयरलिफ्ट करने में सहायता का आग्रह किया।



*मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित पहल से गंभीर घायल तत्काल सतना से हैदराबाद पहुंची*

**जल्द मिली चिकित्सा सुविधा**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराग महाकुंभ से लौट रहीं डॉ. कीर्ति को तत्काल सतना से हैदराबाद एयरलिफ्ट करने के निर्देश दिए। फ्लाई ओला की एयर एम्बुलेंस सोमवार को दोपहर 1.30 बजे सतना एयर पोर्ट पहुंची, शीघ्र स्वास्थ्य की कामना के साथ राज्यमंत्री बागरी ने दोपहर 2.30 बजे डॉ. पामो को परिजनों के साथ एयर एम्बुलेंस से हैदराबाद के लिए रवाना किया। मात्र 18 घंटे में घायल डॉ. पामो और उनके परिजनों को हैदराबाद भेज दिया गया। इस पहल के लिए डॉ. कीर्ति पामो तथा उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राज्य मंत्री बागरी का आभार व्यक्त किया है।*

# 4 मई को स्टीम इंस्पेक्टर और 18 मई को सिविल जज की होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने स्टीम इंस्पेक्टर और सिविल जज परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। स्टीम इंस्पेक्टर की परीक्षा 4 मई को होगी, जबकि सिविल जज परीक्षा 18 मई को आयोजित की जाएगी। पीएससी के अनुसार, वाष्पयंत्र निरीक्षक परीक्षा केवल रायपुर में आयोजित की जाएगी, जबकि सिविल जज परीक्षा के लिए रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। दोनों परीक्षाओं के एडमिट कार्ड परीक्षा से 10 दिन पहले पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र अलग से नहीं भेजे जाएंगे।

**यह है एग्जाम डिटेल और सिलेबस**

*सिविल जज एग्जाम 18 मई का सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा केंद्रः रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई परीक्षा कुल 2 घंटे की होगी सीजीपीएससी ने दोनों परीक्षाओं के लिए सिलेबस भी जारी कर दिया है। इसमें संबंधित विषय के अलावा छत्तीसगढ़ से जुड़े सवालों को भी शामिल किया गया है, जिससे लोकल जॉब मार्केट और राज्य प्रशासन को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों की योग्यता को परखा जा सके। परीक्षार्थियों वेबसाइट पर समय-समय पर अपडेट चेक करें।*

## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट को तिमाही में 26 करोड़ का मुनाफा



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में 300 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। विमान कंपनी के अनुसार, 'कुल राजस्व में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,651 करोड़ रुपये रहा।

### इंडिगो तीन बोइंग 787 विमानों को पट्टे पर लेगी



**मुंबई।** यूरोप के लिए उड़ानें शुरू करने की तैयारियों में जुटी घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि वह नॉर्स अटलांटिक एयरवेज के साथ समझौते के तहत अपने बेड़े में तीन अन्य बोइंग 787-9 विमान शामिल करेगी। फिलहाल गुरुग्राम मुख्यालय वाली एयरलाइन दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्की एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए चौड़े आकार वाले दो बोइंग 777 विमानों का संचालन करती है।

### माइक्रोमैक्स ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रखा कदम



**नई दिल्ली।** घरेलू उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स ने 'स्टार्टअप एनर्जी' की शुरुआत के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश की बुधवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, इस नए उद्यम का मकसद भारत में सौर पैनल विनिर्माण में क्रांति लाना, टिकाऊ ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाना और देश के महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा मिशन को समर्थन देना है।

### चाय प्वाइंट की 2026 तक सूचीबद्ध होने की योजना



**नई दिल्ली।** लोकप्रिय चाय कैफे श्रृंखला चाय प्वाइंट के सह-संस्थापक तरुण खन्ना ने कहा कि कंपनी की 2026 के मध्य तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की योजना है। चाय प्वाइंट ने हाल ही में प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान काफी लोकप्रियता हासिल की और कई मुख्य दिनों पर इसकी दुकानों से एक दिन में एक लाख कप चाय तक बेची गई।

### भारत के ऊर्जा क्षेत्र में असम प्रमुख खिलाड़ी



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है, जहां विशाल हाइड्रोकार्बन भंडार और कुशल कार्यबल है। मुख्यमंत्री ने यहां 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' के समापन के दिन कहा कि असम ने चार चालू रिफाइनरियों

### नागालैंड के लिए 2,106 करोड़ ऋण क्षमता का अनुमान

नाबार्ड NABARD

**कोहिमा।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नागालैंड में प्राथमिकता क्षेत्र की गतिविधियों के तहत 2025-26 के लिए 2,106.34 करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का अनुमान लगाया है। कृषि सलाहकार म्हाथुंग यंथन ने मंगलवार को यहां नाबार्ड द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में राज्य फोकस पेपर (एसएफपी) जारी किया, जिसमें यह अनुमान लगाया गया। एसएफपी के अनुसार, कुल अनुमान में से 712 करोड़ रुपये कृषि के लिए है।

# ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजट में मनरेगा, पीएम ग्रामीण आवास योजना की 75% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार की प्रमुख योजनाओं मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए आवंटन ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1,90,406 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। शोध संस्थान पीआरएस लेजिस्लेटिव ने रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने, आर्थिक विकास का समर्थन करने और गरीबों और कमजोरों के लिए आजीविका और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम लागू करने वाले ग्रामीण विकास विभाग को राशि आवंटित की गई। राशि 2024-25 के संशोधित अनुमान से आठ प्रतिशत अधिक है। जबकि भूमि संसाधन विभाग को 2,651 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 35 प्रतिशत अधिक है। भारत में 2021 की स्थिति के अनुसार, 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।

### मनरेगा को मिला 46 फीसदी

मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत ग्रामीण परिवारों के वयस्कों के लिए एक वित्त वर्ष में 100 दिन का गारंटीशुदा रोजगार प्रदान किया जाता है। सरकार की इस प्रमुख योजना के लिए बजट ग्रामीण विकास विभाग के लिए कुल आवंटन का 46 प्रतिशत है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को विभाग के कुल आवंटन का लगभग 29 प्रतिशत हिस्सा मिला। दोनों योजनाओं के लिए आवंटन कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है।

### आवंटन सालाना औसतन 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा




पीआरएस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014-15 और 2025-26 के बीच, विभाग का बजटीय आवंटन सालाना औसतन 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। रिपोर्ट कहती है कि 2020-21 और 2022-23 के बीच, महामारी के दौरान अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभाग को आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई थी। यह बढ़ा हुआ आवंटन मनरेगा और कल्याणकारी योजनाओं के लिए था। इसमें प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण शामिल है।

### 54,832 करोड़ रुपए आवंटित

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत गांवों में आवास की मांग और आपूर्ति में अंतर को दूर करने के लिए की गई। योजना के तहत लक्ष्य 2022 तक सभी के लिए आवास सुनिश्चित करना था। इस योजना के लिए 54,832 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। यह 2024-25 के संशोधित अनुमान से 69 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, 2024-25 के संशोधित अनुमान के अनुसार, योजना के लिए आवंटित धनराशि का 41 प्रतिशत उपयोग नहीं किया गया था। सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना 2011 के आधार पर, गांवों में 4.03 करोड़ आवास की कमी का अनुमान है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय बना रही योजना

# यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी रोजगार की शर्त नहीं, सबको होगा फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने पर विचार कर रही है। यह स्वैच्छिक और अंशदायी होगी। इस पेंशन योजना के लिए रोजगार कोई शर्त नहीं होगी यानी इसमें आम नागरिक भी योगदान कर सकेंगे और फिर पेंशन पा सकेंगे। इस योजना का मकसद पारंपरिक रोजगार से परे सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस प्रस्तावित समग्र योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है, जो मौजूदा पेंशन योजनाओं को एकीकृत करने की दिशा में बढ़ेगी।

इस योजना को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत बनाया जा रहा है। इसके अंतिम प्रारूप को तैयार करने के बाद अलग-अलग हितधारकों की राय ली जाएगी। नई योजना स्वैच्छिक होगी, यानी कोई भी इसमें शामिल हो सकेगा, चाहे उसके पास कोई नौकरी हो या नहीं। इससे असंगठित क्षेत्र के लोग, जैसे कि छोटे व्यापारी, स्वरोजगार करने वाले भी योजना में शामिल हो सकेंगे। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी मौजूदा पेंशन योजनाओं को मर्ज किया जा सकता है। ये योजनाएं रिटायरमेंट के बाद 3,000 की मासिक पेंशन प्रदान करती हैं, जिसमें 55 से 200 तक का योगदान किया जाता है, और सरकार भी इसमें बराबर का योगदान देती है।




### इनको मिलेगा फायदा

यह योजना खासकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, छोटे व्यापारियों, स्वरोजगार करने वालों और अन्य नागरिकों के लिए बनाई जा रही है। इसमें 18 साल या उससे अधिक उम्र के वे लोग शामिल हो सकेंगे, जो 60 साल के बाद पेंशन लाभ पाना चाहते हैं।

### राज्यों से भी अपील

केंद्र सरकार राज्यों को भी इस योजना में अपनी पेंशन योजनाओं को विलय करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। इससे पेंशन अंशदान को एक जगह लाया जा सकेगा। इससे पेंशन भुगतान में वृद्धि होगी। साथ ही, एक शख्स को अधिक पेंशन का लाभ लेने से भी रोका जा सकेगा।

### अटल पेंशन योजना होगी मर्ज

अटल पेंशन योजना को भी इस नए ढांचे में शामिल करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। सरकार बिल्डिंग एंड अदर कन्शट्रक्शन वर्कर एक्ट के तहत लिए गए उपकर को निर्माण श्रमिकों की पेंशन वित्तीय सहायता के लिए उपयोग करने पर भी विचार कर रही है।

### वृद्ध आबादी का बढ़ता दबाव

मौजूदा अनुमानों के अनुसार, 2036 तक भारत में वरिष्ठ नागरिकों (60 साल और उससे अधिक) की संख्या 22.7 करोड़ तक पहुंच सकती है। यह कुल आबादी का 15 पीसदी होगी। वहीं, 2050 तक यह आंकड़ा 34.7 करोड़ तक पहुंच सकता है, जो कुल जनसंख्या का 20 फीसदी होगा। इसके उलट अमेरिका, कनाडा, यूरोप, रूस और चीन जैसे देशों में पहले से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणाली मौजूद है। इसमें पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं और बेरोजगारी भत्ता शामिल हैं। डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, नीदरलैंड्स और न्यूजीलैंड जैसे देशों में यूनिवर्सल पेंशन योजनाएं पहले से ही लागू हैं।

### भारत में मौजूदा सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था

अभी भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से भविष्य निधि, वृद्धावस्था पेंशन और गरीब वर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा तक सीमित है। इस प्रस्तावित यूनिवर्सल पेंशन योजना का उद्देश्य इन योजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक समावेशी और सतत पेंशन प्रणाली तैयार करना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

# भारत को 7 प्रतिशत तक वृद्धि दर के लिए उछाल की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लेखा और परामर्श कंपनी ईवाई ने बुधवार को कहा कि भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के लिए जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व में वृद्धि यानी कर में 1.2 से 1.5 उछाल की जरूरत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सरकार को राजस्व संग्रह को मजबूत करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से कर-से-जीडीपी अनुपात को वित्त वर्ष 2025-26 के अनुमानित 12 प्रतिशत से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2030-31 तक 14 प्रतिशत करना होगा।

ईवाई ने कहा कि भारत की राजकोषीय रणनीति को जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व बढ़ाने, विवेकपूर्ण व्यय प्रबंधन और सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट रणनीतिक रूप से विकास की अनिवार्यताओं के साथ राजकोषीय मजबूती को संतुलित करता है। श्रीवास्तव ने कहा, 'हालांकि, भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत की मध्यम अवधि की वृद्धि दर हासिल करने और अपने विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, यह सुनिश्चित करना होगा कि कर उछाल 1.2 से 1.5 के दायरे में बना रहे।

### सकल कर राजस्व में उछाल कमी

ईवाई इंडिया इकनॉमी वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन साल में, सकल कर राजस्व में उछाल धीरे-धीरे कम हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 1.4 से वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान के अनुसार 1.15 पर आ गया। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इसके 1.07 रहने का अनुमान है। ईवाई रिपोर्ट में कहा गया, ''कर उछाल 1.2 से 1.5 प्रतिशत के दायरे में बनाए रखने से भारत सरकार को 6.5 से 7.0 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिल सकती है।'' अगले वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# स्टारबक्स बिक्री में भारी गिरावट से 1100 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉफी चेन कंपनी स्टारबक्स ने वैश्विक स्तर पर 1,100 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी की है। इसके सीईओ ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि कॉफी की दिग्गज कंपनी 1,100 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को बर्खास्त कर रही है, जो बिक्री में गिरावट के बीच कॉफी चेन की पुनर्गठन की दिशा में उठाया गया नया कदम है। कंपनी के नए चेयरमैन और सीईओ ब्रायन निकोल ने परिचालन को ठीक करने के लिए यह कदम उठाया है। स्टारबक्स के सीईओ ब्रायन निकोल ने उन ग्राहकों को वापस लाने का संकल्प लिया है, जो 8 डॉलर के लैटे और लंबे इंतजार के समय से मना नहीं करते हैं। इससे हाल के महीनों में बिक्री पर भी दबाव पड़ा है। स्टारबक्स सीईओ




ने कंपनी के लिए रिस्ट्रक्चरिंग प्लान के तहत इस ले ऑफ का एलान किया है। स्टारबक्स ने एलान किया कि वह 1,100 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और कई सौ खाली या रिक्त पदों को बंद करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी कंपनी के इतिहास में सबसे बड़ी है। सीईओ ब्रायन निकोल ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा, 'हमारा इरादा अधिक कुशलता से काम करना, जवाबदेही बढ़ाना, जटिलता कम करना और बेहतर एकीकरण करना है।

### दुनियाभर में 16 हजार कर्मचारी

स्टारबक्स के दुनियाभर में 16 हजार कर्मचारी हैं। कंपनी के कुछ कर्मचारी छंटनी से प्रभावित नहीं होंगे। इसमें रोस्टिंग, वेयरहाउस, कंपनी के स्टोर्स में काम करने वाले बैरिस्टा कर्मचारी शामिल हैं। जनवरी में निकोल ने कहा था कि मार्च की शुरुआत में छंटनी की घोषणा की जाएगी। सभी कामों की देखरेख किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा की जानी चाहिए जो निर्णय ले सके। हमारा आकार और संरचना हमें धीमा कर सकती है।

### वैश्विक बिक्री में कमी

बीते एक साल में स्टारबक्स की वैश्विक बिक्री 2024 के वित्तीय वर्ष में 2 प्रतिशत तक कम हो गई है। निकोल ने कंपनी के स्टोर्स में यूनियन बनाने के दृष्टिकोण में भी बदलाव देखा है, क्योंकि स्टारबक्स वर्कर्स यूनाइटेड द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले कर्मचारियों ने अमेरिका भर में 500 से अधिक स्टोर्स में सफलतापूर्वक यूनियन बना ली है, जिनमें 10,500 से अधिक कर्मचारी हैं। इसके साथ ही जो कर्मचारियों इस छंटनी का शिकार होने वाले हैं, उन्हें 2 मई 2025 तक सैलरी और अन्य लाभ मिलते रहेंगे।

## ईपीएफओ ने दी राहत, यूएन एक्टिवेशन और आधार लिंक की बढ़ाई डेडलाइन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत दी है। उसने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर को एक्टिव करने और बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करने की डेडलाइन को बढ़ा दिया है। अब यह जरूरी काम 15 मार्च 2025 तक किया जा सकता है। यह डेडलाइन 15 फरवरी 2025 को खत्म हो गई थी। ईपीएफओ की सभी ऑनलाइन सर्विसेज का लाभ उठाने के लिए यूएन एक्टिवेट करना जरूरी है। ईपीएफओ ने यह जानकारी अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए साझा की है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर 12 अंकों का होता है।



# सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम के साथ किया समझौता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पेटीएम के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत कंपनी स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा समर्थन, बाजार पहुंच तथा वित्त पोषण के अवसर उपलब्ध कराएगी। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और विनिर्माण व वित्तीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के विकास में तेजी लाने के लिए पेटीएम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।





### चुनौतियों से निपटने का लक्ष्य

डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा, 'पेटीएम की वित्तीय प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर, हमारा उद्देश्य उद्यमियों को चुनौतियों से निपटने तथा उनके उद्यमों को बढ़ाने में सहायता करना है।' शर्मा ने कहा कि पेटीएम मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## व्यापार मंत्री और निवेश मंत्री ने भारत दौरे पर किए 17 समझौते

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने बुधवार को कहा कि उसके व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और निवेश मंत्री पॉपी गुस्ताफसन ने इस सप्ताह भारत की अपनी यात्राओं में 17 नए निर्यात एवं निवेश सौदों की घोषणा की। इसके साथ ही ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि भारत सरकार के हालिया केंद्रीय बजट से ब्रिटिश बीमा कंपनियों को भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए और अधिक अवसर मिलेंगे। सोमवार को रेनॉल्ड्स और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत दोबारा शुरू करने की घोषणा की। इससे रोजगार को बढ़ावा मिलने और दोनों देशों में वृद्धि तेज होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, आम बजट 2025-26 से खासकर ब्रिटिश बीमा कंपनियों की भारत में विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं।

# अपग्रेड 100 करोड़ रुपए से बनाएगी एआई इनक्यूबेटर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी अपग्रेड ने पढ़ाई और कौशल विकास में नवाचार को बढ़ावा देने के मकसद से 100 करोड़ रुपए से एक एआई इनक्यूबेटर बनाने का फैसला किया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'एआई इनक्यूबेटर' कृत्रिम मेधा के लिए समर्पित नवोन्मेषण कार्यक्रम होता है, जिसके जरिये एक सीमित समय में किसी एआई प्रक्रिया या उत्पाद तक पहुंच बनाई जा सकती है।

अपग्रेड के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉनी स्क्रूवाला ने बातचीत में कहा कि स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम के बाहर कौशल और पढ़ाई का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इस खंड के लिए अभिनव तरीके तलाशने की जरूरत है। स्क्रूवाला ने कहा, 'हम इस उद्देश्य के लिए 100 करोड़ रुपये लगा रहे हैं।

### मूल्यांकन के खेल में उलझना नहीं

इसके साथ ही स्क्रूवाला ने कहा कि अपग्रेड फर्मों के मूल्यांकन के खेल में नहीं उलझना चाहती है क्योंकि यह स्टार्टअप के लिए बहुत बोझिल हो जाता है। हालांकि, अपग्रेड यह सुनिश्चित करना चाहेगी कि ये कंपनियां किफायती ढंग से नवाचार करें। अपग्रेड ने इसके पहले महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से 2,150 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक एआई उत्कृष्टता केंद्र बनाने की दावोस में घोषणा की थी। इसके अलावा कंपनी ने एक साल में 10 लाख भारतीय पेशेवरों को एआई में प्रशिक्षित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी भी की है।

### एक समूह बनाने की योजना

स्क्रूवाला ने कहा कि कंपनी एआई क्षेत्र मे सक्रिय स्टार्टअप कंपनियों का एक समूह तैयार करेगी जिनका अंतिम लक्ष्य सीखने और कौशल क्षेत्र को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि 'अपग्रेड एआई इनक्यूबेटर' ऐसी कंपनियों का समर्थन करेगी जो लागत-कुशल वृद्धि, सामग्री निर्माण को प्रोत्साहन, एआई-संचालित प्रणालियों के माध्यम से एक साथ कई बच्चों को ऑनलाइन ट्यूशन देने में सक्षम बनाने से जुड़ी हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दी जानकारी

# पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण 20% से अधिक करने पर विचार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। 'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है।

पुरी ने कहा, 'हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं। हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि हम अगले महीने 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे।' उन्होंने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है.. वह है हरित हाइड्रोजन।




### ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव आएगी

पुरी ने हाइड्रोकार्बन पर सत्र में उपस्थित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा, 'हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान में 4.5 अमेरिकी डॉलर है। यदि आप इसे 2.5 अमेरिकी डॉलर के करीब ला सकें, तो क्रांति आ जाएगी। हम पारंपरिक ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव देखेंगे।'


### स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहे देश

पुरी ने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके लिए अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा और मांगों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा, 'भारत जैसी अर्थव्यवस्था जो छह से सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, उसे ईंधन की जरूरत है। स्वच्छ भविष्य के लिए हमें वर्तमान में टिके रहने की जरूरत है।' पुरी ने कहा कि भले ही भारत के सामने विकास संबंधी चुनौतियां है लेकिन सभी जीवाश्म ईंधन उत्पादन कंपनियां 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल कर लेंगी। हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और उत्पादन पर पुरी ने कहा कि 2030 तक उत्पादन 50 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है।

## जनेकृविवि में 23वीं अन्तर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

# युवा महोत्सव छात्रों के लिये कला एवं संस्कृति की प्रस्तुति का सर्वोत्तम मंचः कुलपति





हरिभूमि, जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में दो दिवसीय 23 अन्तर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता युवा महोत्सव का भव्य उद्घाटन सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर में बड़े ही गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने मुख्यअतिथि की आसंदी से अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं के लिये अपने क्षेत्र की कला एवं संस्कृति की प्रस्तुति हेतु युवा महोत्सव सर्वोत्तम मंच है। साथ ही युवा महोत्सव हमारे छात्र एवं छात्राओं को मेलजोल बढ़ाने, अपनी कला, कौशल, हुनर को एक मंच के माध्यम से लोगों तक प्रस्तुत करने का जरिया है। ऐसे मंच के माध्यम से ही प्रतिभावन छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय को गौरांवित करेंगे। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कार्यक्रम के उद्घाटन की घोषणा के साथ सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ किया। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने सांस्कृतिक महोत्सव में दी जाने वाली ट्रॉफी का विमोचन भी किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। डॉ. शर्मा ने दो दिवसीय "युवा महोत्सव" की कार्ययोजना, रूपरेखा एवं विभिन्न विधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

### देश दुनिया में नाम रोशन करेंगे

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव एवं अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों को सीखने, आगे बढ़ने एवं कौशल के विस्तार के लिये एक मंच प्रदान करता है। आप सभी प्रतिभागी अपनी कला एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश दुनिया में नाम रोशन करेंगे।

### 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुये

गौरतलब है कि इस दो दिवसीय युवा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे ललित कला, भाषण, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद, एकल अभिनय, एकल गायन, देशभक्ति गीत, समूहगायन, प्रश्न मंच, एकांकी, स्किट, मूक अभिनय, समूह लोक नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। इस कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित 11 महाविद्यालयों में कृषि अभियांत्रिकी, कृषि महाविद्यालय एवं हार्टिकल्चर महाविद्यालय के लगभग 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुये हैं।

# प्रभु की शरणागति ही आनंद का मार्गः जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य महाराज

## लघु काशी पचमठा में श्रीमद्भागवत कथा पुराण ज्ञान यज्ञ में नंदोत्सव



**हरिभूमिए जबलपुर।** नंदोत्सव में महाराज जी ने कहा कि आप जैसे भी रहें बस प्रभु के बनकर प्रभु शरणागत रहें, यही जीवन आनंद का मार्ग है। अपने आप को सदैव प्रभु का अंश समझते हुए आनंदित रहकर जीवन जीने का अभ्यास करना चाहिए। अपनी मानते ही वस्तु अशुद्ध हो जाती है एवं भगवान की मानते ही वह शुद्ध और भगवद् स्वरुप हो जाती है। इसी तरह अपने आपको भी भगवान से दूर और पृथक मानते आप अशुद्ध हो जाते हैं। प्रत्येक पल भगवान का स्मरण करो और उन्हें अपना मानो, इससे भगवद् चरणों में प्रीति उत्पन्न हो जाएगी। भगवान का हृदय से आश्रय करते ही भगवदीय गुण भी स्वतः प्रगट होने लगते हैं। छोटा बालक माँ-माँ करता है। उसका लक्ष्य, उसका ध्यान और उसका विश्वास माँ शब्द पर नहीं होता अपितु माँ के सम्बन्ध पर होता है। सामर्थ्य माँ शब्द में नहीं, माँ के सम्बन्ध में है। इसी प्रकार सामर्थ्य भगवान के सम्बन्ध में है। प्रत्येक परिस्थिति में भगवद् चरणों का आश्रय जीव को निर्भयता प्रदान कर देता है उक्त उद्गार जगतगुरु रामरंगी व्दाराचार्य नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने लघु काशी पचमठा गढ़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह के पंचम दिवस कहे। श्रीमद्भागवत कथा पुराण के पंचम दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर महंत कामता सरण जी महाराज ने श्रीराधा कृष्ण विग्रह, व्यास पीठ, नवग्रह षोडशोपचार पूजन अर्चना कामताशरण जी महाराज डॉ पवन स्थापक. विधायक अभिलाष पाण्डेय. गौरव भानोट. मनीषा अजय तिवारी. विभा परमानंद तिवारी. अभिषेक प्रिया संजय तिवारी रामफल शास्त्री प्रियांशु हिमांशु शास्त्री रामफल शास्त्री कामता गौतम उपस्थित रहे।

कथा स्थल लघुकाशी पचमठा मंदिर, बी. टी. तिराहा, गढ़ा में श्रीमद् जगतगुरु रामरंगी व्दाराचार्य नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज व्यास पीठ से 28 फरवरी से 6 मार्च तक दोपहर 2 बजे से श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह में ज्ञान गंगा में श्रद्धालुओं को कृतार्थ करेंगे।

## शिवपुराण की कथा सर्व कल्याणकारी है



**जबलपुर।** रामलीला मैदान घमापुर में आयोजित संगीतमय शिव महापुराण के नवम दिवस के अवसर पर व्यास आचार्य सिद्धार्थ पाण्डे महाराज ने भगवान शिव के द्वादश ज्योर्तिलिंग, उमा संहिता एवं वायवीय संहिता के पूजन महत्व का विस्तार से वर्णन किया। रामलीला के पं. कमलेश तिवारी ने बताया कि यह पुराण की कथा का आज विश्राम दिवस है आयोजन समिति के द्वारा एवं क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से आज दोपहर 2 बजे हवन के पश्चात कन्या पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। समस्त धर्मावलंबी बंधु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कार्यक्रम की गरिमा बढ़ायें और भंडारे के प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी. सोनकर, अमर लता सोनकर, एड बलराज सोनकर, राजश्री सोनकर सहित एच.पी. सिंह जस्टिस हाइकोर्ट जबलपुर, रामलीला समिति के एड सरमन राजपूत, पं. कमलेश तिवारी, एड. श्याम चंद्र तिवारी एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## रोजा खोलकर मांगी दुआ

**जबलपुर।** मोहम्मद कलीम खान एवं सैय्यद नजर अली पहलवान ने बताया कि इस्लाम धर्मावलंबियों के पवित्र माह रमजान शरीफ का मंगलवार को तीसरा रोजा था, मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में शाम को निर्धारित समय पर मस्जिदों से अजान बुलंद होते ही मस्जिदों की मीनारों के हरे-





लाल बल्ब रोशन हुए, दिन भर के रोजदारों ने अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हुए खजूर-पानी के साथ अफ्तार किया। अफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई और देश की तरक्की की दुआएं मांगी गईं। नमाज के दौरान मस्जिदों की सफें भरी रहीं, बाजार में दिन भर रौनक नजर आई।

## रमेश कुमार तिवारी बने एबीबीईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**जबलपुर।** एबीबीईपी प्रदेश महासचिव मप्र, पंडित डॉ. विजयकांत तिवारी ने बताया कि पूर्व वायुसेना अधिकारी पंडित रमेश कुमार तिवारी



ग्राम-पुरास, महसांव, रीवा के निवासी हैं और अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद् के राष्ट्रीय सचिव थे, राष्ट्रीय कमेटी द्वारा उनका मनोनयन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर किया गया है। MP अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद् के सभी विप्र बंधुओं ने रमेश कुमार तिवारी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाईयां प्रेषित की है, श्री तिवारी के मनोनयन, मार्गदर्शन से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के सभी शहरों व गांवों, कस्बों में विप्र समाज में निश्चित ही उत्थान के कार्यक्रमों को गति मिलेगी। जय श्री परशुराम जी की।

## पेंशनर्स लंबित मांगों को लेकर 10 मार्च को करेंगे हनुमान चालीसा

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष एचपी उरमलिया की अध्यक्षता में 04 मार्च को बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों ने मप्र शासन की उपेक्षापूर्ण नीति से त्रस्त होकर लंबित मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में तय किया गया कि पेंशनर्स सरकार के विरुद्ध आरपार की लड़ाई के लिए तैयार हो जाएं। जिसके प्रथम चरण में यह तय किया गया कि विभिन्न मांगों के लिए जबलपुर के विभिन्न संगठनों के पेंशनर्स 10 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे उमाघाट ग्वारीघाट में जल में खड़े होकर हनुमान चालीसा का पाठक करके अपना मांग पत्र माँ नर्मदा के जल को अर्पित करेंगे तथा मप्र सरकार को शीघ्र नींद से जगाने का आग्रह करेंगे। संगठन के एचपी उरमलिया, शेषमणि पांडेय, एसके पांडेय, एमएल चौकसे, मोहन अग्रवाल, प्रांताध्यक्ष उमेश दुबे, एके शुक्ला, आरके श्रीवास्तव, बीएसपी गौर, एसपी शुक्ला आदि ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

# महिला उद्यमियों ने पैसा के साथ आत्मविश्वास भी पाया



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश महिला एसोसियेशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर्स (मावे) द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन 5 मार्च को किया गया, जिसमें मीडिया जगत के प्रभारियों को सम्मानित किया गया तथा उपस्थित लोगों को मावे द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए किए जाने वाले प्रयासों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मावे की फाउंडर प्रेसिडेंट एवं चेयरमेन डॉ. अर्चना भटनागर ने मावे की शुरुआत को लेकर 25 वर्षों में किस प्रकार उत्तरोत्तर उन्नति हुई, इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया वर्ष 2000 में मावे की स्थापना के पश्चात सबसे ज्वलंत प्रश्न था मावे से जुड़ी महिला उद्यामियों को खुद की कमाई के पैसे दिवाना, जिसके लिए अथक प्रयास कर कई मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें स्टॉल लगाकर महिला उद्यमियों ने पैसा कमाने के साथ आत्मविश्वास भी पाया। 2005 से 2010 के दौर में महिला उद्यमियों को MSME से जुड़ी योजनाओं और उसके लाभों से परिचित कराया गया। अपने उद्यम को पंजीकृत कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यापार विस्तार में उसका उपयोग किस प्रकार किया जाए, यह जानकारी मावे से जुड़ी सभी महिला उद्यमियों को उपलब्ध होने लगी। वर्ष 2010 से 2015 के दौरान अधिकतर महिला उद्यमी अपने परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियों के साथ ही अपने व्यापार को भी आगे बढ़ाने के लिए घर से ही व्यापार कर रही थीं, ऐसे में मावे ने 'मावे बाजार' स्थापित करके महिला उद्यमियों को एक प्लेटफार्म प्रदान किया, जहां से वे अपने उत्पादों को बेच सकती थीं। प्रेस वार्ता में मावे अध्यक्ष भावना मदान, सचिव मोनिका जॉली, उषा गुप्ता, चंद्रा महीधर, प्रियंका कौर, अंशिता चौरसिया, संध्या बोरकर, समिधा मिश्रेकर, डॉली सूर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित रहीं।

## भव्य गायत्री दीपयज्ञ के साथ पुस्तक मेला संपन्न

**जबलपुर।** युग ऋषि तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के साहित्य को प्रत्येक स्कूलों में, प्रत्येक ग्राम में विद्यार्थियों, गृहणियों, प्रबुद्ध वर्ग तक पहुंचाने के संकल्प के साथ विराट गायत्री दीपयज्ञ से पुस्तक मेला संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों ने आचार्य जी के साहित्य को अपने मित्रों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों में भेंट करने के भाव से क्रय किया। सभी का एक ही विचार था कि वर्तमान में जो परेशानियां परिवार में, समाज में, राष्ट्र में फैल रही हैं, उसे साहित्य के माध्यम से दूर कर मनुष्य के जीवन को उज्जवल भविष्य की और लेकर जाएंगे। गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बीबी शर्मा एवं मेला संयोजक जगदीश दीक्षित द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं मंथनश्री से संतोष नेमा, पाथेय संस्था से राजेश पाठक, गायत्री परिवार से भैयालाल पटेल, शिवचरण विश्वकर्मा, नारायण दुबे, उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, प्रकाश मूरजानी, प्रकाश सेन, वॉइस आफ प्रज्ञा से गोविंद श्रीवास्तव, दीप्ति मिश्रा, इंदू राय, वंदना राजपूत, कविता तिवारी, मृदुला शर्मा, गीता डोंगरे, बृजेश शर्मा आदि का विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का समापन



**जबलपुर।** श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय मढ़ाताल जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. शोभाराम मिश्रा एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विमलकांत सैनी के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन ग्राम मंगेली ग्वारीघाट गुरुद्वारा में किया गया। शिविर में महाविद्यालय की 55 छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी, शिविर के दौरान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ, ग्रोवर द्वारा ग्रामवासियों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया एवं उनकी टीम द्वारा ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के वरिष्ठ सदस्य सरदार डी.एस. मैनी अध्यक्ष सरदार जीएस बांगा, सचिव सरदार जसप्रीत सिंह आहुजा, कोषाध्यक्ष सरदार रविंदर सिंह दुआ, सरदार परमजोत सिंह बांगा ने उपस्थित होकर शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की एवं महाविद्यालय के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।



## मंडी मदार टेकरी में हुआ विशाल अफ्तार-ए-आम

**जबलपुर।** रमजान शरीफ के तीसरे रोज़े पर मंडी मदार टेकरी स्थित अशरफ नगर में उर्स सैयदा फातिमा जहरा सलामुल्लाह अलैह के मौके पर हजरत सूफ़ी सय्यद गुल बाबा अशरफी के बफैजे रूहानी में विशाल अफ्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया। सांय मगरिब की अजान बुलंद होते ही हज़ारों लोगों ने एक साथ सामूहिक अफ्तार किया। रोजा अफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। नमाज उपरांत मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआए मांगी गई। गौसे किछौछा एकेडमी के सदर फारुख अशरफी, सेकेट्री अधिवक्ता आलमगीर अशरफी चौधरी, शाकिर अशरफी, मुनव्वर हुसैन आदि ने उर्स एवं अफ़्तार में आए तमाम रोजेदारों और अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया।

# जीवन का अंतिम लक्ष्य राष्ट्र कल्याण ही होना चाहिएः सांसद आशीष दुबे

## शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में स्वर्ण पदक अलंकरण एवं पुरस्कार वितरित



**जबलपुर।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक अलंकरण तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे ने अपने कहा कि जीवन का अंतिम लक्ष्य राष्ट्र कल्याण ही होना चाहिए। हमें वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र तथा विश्व गुरु बनाने में अपनी आहुति देना सुनिश्चित करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य राष्ट्र कल्याण होता है, हमें अपनी समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा को सदैव अपने स्मरण में रखते हुए अपनी संस्कृति तथा सभ्यता के गौरव को अक्षुण्य में बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉक्टर एएल महोबिया ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आपने संस्था में वर्ष भर में किया जा रहे कार्यों का लेखा-जोखा, उपलब्धियों का विवरण सम्मान, शोध कार्य, विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की उपलब्धियां का विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया। स्वर्ण पदक अलंकरण समारोह जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विषयों तथा संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है, इस अवसर पर आयोजित किया गया। प्रभारी डॉ. शिखा सक्सेना ने बताया कि सुश्री मृदुल मिश्रा, सुश्री अदिति यादव तथा गरिमा नेमा को दो-दो स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। कल 17 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का स्वर्ण पदक पुरोहित कुमार परस्ते को दिया गया। इस अवसर पर स्वर्ण पदक प्रदाता भी उपस्थित रहे।



## सेंट्रल बैंक इंडिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह आयोजित

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा महिला दिवस 08 मार्च को मनाया जाएगा। इस कड़ी में सप्ताह भर विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य में 05 मार्च को सुमित्रा वाल्मीकि, राज्यसभा सांसद का सम्मान किया गया। आयोजन में अनिल नायक, मुख्य प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, शशांक मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक शाखा धोबीघाट, सिविल लाइंस जबलपुर, रितिका पाठक, सोनाली राजोरे, जयदेव पीपरा, रविकांत, सत्यम सेन, रजत ढकाल, सोनम झारिया, कुमुदनी इक्का, तनु मेहरा, अमजद खान इत्यादि उपस्थित रहे। उन्होंने देश में महिला उत्थान हेतु मोदी सरकार के किए गए कार्यों की सराहना की एवं बैंक का नारी उत्थान में अहमद योगदान हेतु सहर्ष धन्यवाद दिया।

### भक्त शिरोमणि माँ कर्मा की 1009वीं जयंती 25 को

**जबलपुर।** श्री माँ कर्मा साहू युवा संस्था साहू समाज जबलपुर द्वारा अध्यक्ष दीपक साहू के निवास यादव कालोनी चौक जबलपुर में एक विशेष बैठक बुलाई गई, जिसमें समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1009वीं जयंती 25 मार्च को मनाई जाएगी। बैठक में संस्था के अध्यक्ष दीपक साहू, योगेन्द्र साहू, रमेश साहू, अनिल साहू, सुनील साहू सरजू, सतीश साहू, धीरज, सुरेन्द्र, गगन, दीपक, सुमित साहू एवं समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

प्रयागराज में टूरिज्म के ऐतिहासिक रिकॉर्ड टूट गए

# 55 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे, पर्यटन निगम ने कमाए 100 करोड़

दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर प्रयागराज ने पहली बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड के साथ मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। पिछले साल करीब 5,000 विदेशी ही आए थे

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर प्रयागराज ने पहली बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड के साथ मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। टूरिज्म के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार महाकुंभ के 45 दिनोमें ही तकरीबन 55 लाख विदेशी पर्यटक आए हैं। पिछले साल करीब 5,000 विदेशी ही आए थे। इस बार 73 देशों के राजनयिक और 116 देशों के विदेशी श्रद्धालु संगम स्नान करने आए। इनमें सर्वाधिक नेपाल, अमेरिका, ब्रिटेन, श्रीलंका, कनाडा और बांग्लादेश से आए। इसके साथ रूस, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्राजील, मलयेशिया, न्यूजीलैंड, इटली, कनाडा और थाइलैंड सहित 100 से अधिक देशों से भी लोग पहुंचे।




## खर्च का असर चौथी तिमाही की जीडीपी में दिखेगा

इन लोगों ने प्रयाग के साथ वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, मथुरा और गोरखपुर भी देखा। विदेशियों के यहां आने से होटल, गाइड, ट्रांसपोर्ट, हस्तशिल्प और स्थानीय कारोबार में लाभ मिला है। केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार महाकुंभ में आए करोड़ों लोगों के खर्च का असर चौथी तिमाही की जीडीपी में दिखेगा। वहीं,स्वदेश दर्शन-दो योजना में नैमिषारण्य और प्रयागराज को चुना गया है। इससे भी पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

### बीते साल 65 करोड़ पर्यटक आए, 23 लाख विदेशी शामिल

प्रदेश में बीते वर्ष कुल 65 करोड़ पर्यटक आए। इनमें 23 लाख विदेशी भी शामिल हैं। सर्वाधिक 14.65 लाख पर्यटक आगरा में आए, जबकि 3.09 लाख पर्यटकों के साथ वाराणसी दूसरे पायदान पर रहा। मथुरा में 1.36 लाख, कुशीनगर में 2.51 लाख, अयोध्या में 26,048 और प्रयागराज में 4,790 विदेशी पर्यटक आए। वर्ष 2023 में यूपी आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 16 लाख रही थी, जबकि 2022 में साढ़े छह लाख लोग यहां आए थे।

### टेंट सिटी से पर्यटन निगम हो गया मालामाल

पर्यटन निगम ने जहां एक ओर जनमानस के अवस्थापन एवं आधुनिक आश्रय स्थल विकसित कर संचालित कराए। पर्यटन निमग ने महाकुंभ के दौरान टेंट सिटी का भी संचालन किया। इसमें टेंट सिटी से पर्यटन निगम ने 100 करोड़ अर्जित किए। प्राइवेट फर्मों को 73.45 करोड़ की आमदनी होने का अनुमान है। पर्यटन निगम ने 2100 कॉटेज और टेंट कालोनी में 110 कॉटेज बनाए थे। इस दौरान पवन हंस ने 50 लाख से अधिक की धनराशि अर्जित की है।

### आवासीय और खान- पान से कमाए करोड़ों रुपए

यहां निजी विकासकर्ता फर्मों एवं अन्य से करोड़ों की धनराशि अर्जित की गई। पर्यटन विभाग के आकड़ों पर गौर करें तो पर्यटक आवास गृह, त्रिवेणी दर्शन ने आवासीय एवं खान- पान से एक-एक करोड़ रुपए कमाए। परेड ग्राउंड टेंट कॉलोनी ने 1.25 करोड़, अरैल टेंट कालोनी ने 90 लाख, मैसर्स लल्लू जी एंड संस लखनऊ ने 3करोड़, आगमन इंडिया ट्रेवल एंड लिविंग प्राइवेट लिमिटेड ने 10 करोड़, अदवंता प्राइवेट, लिमिटेड ने 4 करोड़, कुंभ विलेज प्रयागराज ने 5करोड़, आरडी एडवरटाइजिंग प्रा. लिमिटेड ने 4करोड़, इरा इवेंट प्रा. लि. एंड गंजेस व्यू स्टेज ने 2करोड़, इवोलाइफ स्पेस प्रा. लि ने 2करोड़, कोशर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि ने 3करोड़ आवासीय एवं खान पान से अर्जित किया। इसके अलावा जल एवं साहसिक क्रीड़ा से ईचेट काग्लोमेरेट प्रा. लि. ने 50 लाख और ह परेड ग्राउंड फूड कोर्ट ने खान-पान से 30 करोड़ अर्जित किया है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री योगी को बम से उड़ाने की धमकी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने के धमकी का एक वीडियो वायरल हुआ है। 11 सेकंड के वीडियो को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।सीओ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जांच शुरू कर दी है। अभिषेक कुमार दुबे ने बताया है कि वह सनातन धर्म सर्वोपरि नामक वाट्सएप ग्रुप पर जुड़े हैं।

### मायावती ने आनंद को हटा बेनीवाल को दिया पद



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद अब उनके पिता आनंद कुमार को भी नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटा दिया है। उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है।मायावती ने कहा कि आनंद पार्टी हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है।

### आप के पूर्व विधायक एसके बग्गा का निधन



**नई दिल्ली।** आप के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक एसके बग्गा का निधन हो गया है। बग्गा दो बार कृष्णा नगर सीट से चुनाव जीते थे। पार्टी ने कहा है कि बग्गा का जनता के प्रति समर्पण हम सभी को सदैव प्रेरणा देगा। बग्गा पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे। बग्गा ने 2015 के वचुनाव में कृष्णा नगर विधानसभा सीट से आईपीएस किरण बेदी को हराया था।

### नोएडा सेक्टर 32 के डंपिंग ग्राउंड में आग



**नई दिल्ली।** नोएडा सेक्टर 32 के डंपिंग ग्राउंड में भीषण आग लग गई है। इस घटना का जो वीडियो सामने आया है उसमं आग की लपटें काफी ज्यादा दिखाई दे रही हैं, आसमान में धुएं का गुबार भी है। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां आग को बुझाने की कोशिश की। अब किस वजह से यह आग लगी है, अभी स्पष्ट नहीं। आग भीषण है और काफी बड़े एरिया में फैली हुई है।

### आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत की शुरुआत



**नई दिल्ली।** पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पंचायती राज मंत्रालय की आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत की। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत की स्थापना करना है।

एलएचडीसीपी के तहत केंद्र सरकार ने योजना को दिया बढ़ावा

# गुणवत्तापूर्ण सस्ती जेनरिक पशु दवाओं की आपूर्ति से स्वास्थ्य सुधरेगा,बढ़ेगा पशुपालन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3,880 करोड़ की योजना मंजूर की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 3,880 करोड़ रुपए के पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी देकर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं के वितरण को मंजूरी दे दी है। पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) पशुओं में होने वाले रोगों की रोकथाम और इलाज के लिए संचालित केंद्र सरकार की एक योजना है। इस योजना का तहत पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना और पशुपालन को बढ़ावा देना है। एलएचडीसीपी के तहत वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए कुल बजट 3,880 करोड़ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना में कुछ संशोधनों को मंजूरी दी गई। एलएचडीसीपी योजना में अब 'पशु औषधि' का एक नया हिस्सा जोड़ा गया है।



**वैष्णव ने दी जानकारी**

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा, मंत्रिमंडल में पशुधन स्वास्थ्य से संबंधित निर्णय लिया गया है। इस योजना के पशु औषधि घटक के तहत उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों पर मिलेंगी दवाएं

इस दौरान केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह पशु औषधि, जन औषधि योजना के समान होगी। अब जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित की जाएंगी। पशु चिकित्सा दवाओं के पारंपरिक ज्ञान को भी पुनर्जीवित किया जाएगा और योजना के हिस्से के रूप में इस पारंपरिक ज्ञान का भी दस्तावेज तैयार किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'पशु औषधि' के प्रावधान के तहत अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं की आपूर्ति और बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए कुल बजट आवंटन से 75 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

पीएम मोदी ने रोजगार पर बजट उपरांत वेबिनार में कहा

## निवेश का लक्ष्य बुनियादी ढांचे व उद्योगों और नवाचार पर टिका

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे और उद्योगों को जितनी प्राथमिकता दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार को भी दी है।उन्होंने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है। उन्होंने कहा कि आज लोग देख सकते हैं कि कैसे कई दशकों के बाद भारत की शिक्षा प्रणाली एक बड़े बदलाव से गुजर रही है।उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक टेलीमेडिसिन सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डे-केयर कैंसर केंद्रों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक ले जाना चाहती है।



**बजट में पर्यटन को बढ़ावा**

पीएम ने कहा कि ये बजट भारत के भविष्य का ब्लूप्रिंट बनकर सामने आया है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिए जिससे भारत एआई क्षमताओं को विकसित किया जाएगा।

**स्टार्टअप के लिए कई कदम उठाए :** पीएम ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस बजट में कई कदम उठाए हैं। अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने एक लाख करोड़ का कोष पारित हुआ है। इससे डीप टेक फंड ऑफ फंड्स के साथ उभरते क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा।

पीएम मोदी आज जाएंगे उत्तराखंड

### मुखवा में करेंगे पूजा-अर्चना, यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे

पीएममोदी गुरुवार को उत्तराखंड के दौरे पर जाएंगे। पीएम मोदी एक पैदल यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। वे हर्षिल में एक सार्वजनिक समारोह में जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। उत्तराखंड सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे सहित पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी गुरुवार को सुबह करीब 9:30 बजे मुखवा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। वे श्री गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास पारंपरिक पोशाक 'चपकन' पहनकर उत्तरकाशी के मुखबा में गंगा नदी पर पूजा-अर्चना करेंगे। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने मीडिया को बताया कि ये कपड़े गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से प्रधानमंत्री को भेंट किए जाएंगे। मुखबा में पुजारी चपकन पहनकर पूजा करते हैं।पीएम मोदी सुबह करीब 10:40 बजे वे एक पैदल यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। वह हर्षिल में एक सार्वजनिक समारोह में जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। इस दौरान हर्षिल में प्रधानमंत्री को पारंपरिक पोशाक 'मिरजई' भी भेंट की जाएगी उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री मोदी के साथ उपस्थित रहेंगे।

स्टालिन को लोकसभा सीटें घटने का डर

# 35 दलों को किया शामिल दिया अटल वाला फॉर्मूला



◆ परिसीमन के लिए 1971 को ही आधार माना जाए

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर तमिलनाडु में सीएम एमके स्टालिन के नेतृत्व में 35 दलों की मीटिंग हुई। बैठक में स्टालिन ने एक प्रस्ताव पेश किया, जिस पर सभी ने सहमति जताई। इसमें पीएम से मांग की गई है कि परिसीमन के लिए 1971 की जनगणना के अनुपात को ही आधार माना जाए। उसके आधार पर ही लोकसभा सीटें तय हों और यह सीमा अगले 30 सालों के लिए बरकरार रखी जाए। प्रस्ताव में कहा गया दक्षिण भारत के अलावा अन्य राज्यों को भी जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके के नेता भी थे। प्रस्ताव में कहा गया केंद्र को संविधान में संशोधन करना चाहिए और यह तय किया जाए कि यदि सांसदों की संख्या बढ़ती है तो उसका अनुपात वर्तमान जैसा ही हो।

**ऐसा न हो जिससे सीटें कम हों**

उनकी स्पष्ट मांग थी कि यदि नई जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर परिसीमन हुआ और सीटें बढ़ती हैं तो फिर उसका अनुपात वही रहे, जो फिलहाल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के राज्यों के साथ ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए उनकी सीटें कम हो और उनकी राजनीतिक ताकत भी घट जाए। उनकी बैठक में भाजपा के अलावा 4 अन्य छोटे दलों के नेता नहीं पहुंचे। भाजपा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है औऱ उससे ध्यान हटाने के लिए स्टालिन परिसीमन वाला कार्ड खेल रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई और गृहमंत्री अमित शाह तो दोहरा चुके हैं कि दक्षिण भारत के राज्यों की सीटें कम नहीं होंगी।

### हमारी ताकत में कोई कटौती न हो

स्टालिन ने एक बार फिर से कहा कि सांसदों की संख्या बढ़ने से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन हमारी ताकत में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि हमारे यहां तो लोगों ने फैमिली प्लानिंग की है। इसके बाद हमें उसकी सजा मिले तो यह अन्याय ही है। सभी राज्यों में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने 2000 में भरोसा दिया था कि 1971 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार ही परिसीमन किया जाए। अब पीएम मोदी को भी ऐसा भरोसा देना चाहिए कि 2026 से अगले 30 सालों तक लोकसभा सीटों के परिसीमन का यही पैमाना बना रहेगा।

अयोध्या से जनकपुर के बीच जल्द चलेगी ट्रेन

विभाग जल्द जारी करेगा शेड्यूल

## रेलवे पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए रेलवे शुरू करेगा यहां सीधी ट्रेन सेवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान श्रीराम के भक्तों को भारतीय रेलवे जल्द ही बड़ी सौगात देने जा रही है। अब अयोध्या से भगवान श्रीराम की ससुराल जनकपुर (नेपाल) तक सीधे ट्रेन सेवा शुरू करने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य प्रभु राम की ससुराल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाना है। जनकपुर (नेपाल) आने वाले पर्यटकों की संख्या बेहद सीमित है। जनकपुर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के पास केवल दो विकल्प हैं। पहला विकल्प है कि आप बस से जनकपुर जाएं और दूसरा विकल्प यह है कि आप फ्लाइट से नेपाल जाए और वहां से बस या टैक्सी से जनकपुर की यात्रा करें।

**अभी केवल फ्लाइट और टैक्सी सेवा उपलब्ध**



बस के समय में समय बहुत ज्यादा लगता है तो फ्लाइट का सफर काफी महंगा है। इससे श्रद्धालुओं की संख्या कम रहती है। रेलवे जनकपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सौगात देने जा रहा है। बताया जा रहा है कि रेलवे अयोध्या से सीधे जनकपुर के लिए ट्रेन चलाने जा रहा है।

**रेलवे ने शुरू की तैयारी :** इस संबंध में भारतीय रेलवे ने अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं और संबंधित जोन को भी निर्देश दिए जा चुके हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि ट्रेन और उसके शेड्यूल को लेकर मंथन भी शुरू हो चुका है। ट्रेन की समय-सारणी इस तरह बनाई जा रही है कि यात्रियों को सुविधा मिले और यात्रा का समय कम से कम लगे।

### कमल हासन भी बोलने लगे स्टालिन की भाषा



**चेन्नई।** नेता से अभिनेता बने कमल हासन भी भाषा पर राजनीति करने में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि देश को इंडिया की बजाय हिंदिया बनाने की कोशिश की जा रही है। तमिलनाडु समेत कई राज्यों पर हिंदी थोपने का प्रयास केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें भाजपा का नेतृत्व है। स्टालिन की ओर से परिसीमन और हिंदी भाषा थोपने की मीटिंग के दौरान यह बात कही।

एसकेएम के बैनर तले पंजाब के किसानों का आंदोलन

## चंडीगढ़ आ रहे किसानों को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया

पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर बैरिकेडिंग की, पॉइंट चिह्नित किए

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

संयुक्त किसान मोर्चा एसकेएम के बैनर तले पंजाब के किसान बुधवार कोचंडीगढ़ की ओर बढ़ रहे हैं। चंडीगढ़ पहुंचने से पहले पुलिस ने कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया है। किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर बैरिकेडिंग की है। किसानों के जत्थों को रोकने के लिए अलग-अलग नाके पॉइंट बनाए हैं। इन पॉइंट पर किसानों को रोका जा रहा है। इससे कई जगहों पर किसानों ने धरना शुरू कर दिया है और सड़क पर बैठ गए है। पंजाब सरकार ने आंदोलन और धरने की अनुमति नहीं दी है।

**ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों से निकले थे**



एसकेएम किसानों का कहना है कि हमें चंडीगढ़ नहीं जाने दिया जा रहा है। जतिंदर सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ जा रहे थे तो पंजाब पुलिस ने उन्हें मोगा जिले के अजीतवाल में रोक दिया। कुछ किसानों को हिरासत में लिया है।

**किसानों की मांगें:** किसान एसकेएम ऋण निपटान के लिए एक कानून बनाने, हर खेत तक नहर का पानी सुनिश्चित करने, गन्ना बकाया का भुगतान करने और भारतमाला परियोजनाओं के लिए भूमि के कथित जबरन अधिग्रहण को रोकने की भी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है।

केजरीवाल के वीवीआईपी विपश्यना पर भाजपा-कांग्रेस के सवाल

# कारों का काफिला, जैमर के साथ 100से ज्यादा कमांडो तैनात

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की 10 दिवसीय विपश्यना साधना शुरू हो गई है, जो 15 मार्च को खत्म होगी। वे 4 मार्च को गाड़ियों के काफिले के साथ पंजाब के होशियारपुर से 11 किलोमीटर दूर स्थित आनंदगढ़ में धम्म धजा विपश्यना केंद्र पहुंचे थे। उनके काफिले में तीन दर्जन से अधिक गाड़ियां थीं और सुरक्षा के लिए पंजाब पुलिस के 100 जवानों को तैनात किया गया था। उनके लाव-लश्कर पर अब राजनीति गरमा गई है। भाजपा और कांग्रेस ने इसे वीवीआईपी विपश्यना बताते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा है।

वे होशियारपुर से 11 किमी दूर धम्म धजा केंद्र पहुंचे

**अभी वे किसी पद पर नहीं**




विधानसभा चुनाव में हार के बाद केजरीवाल अभी किसी संवैधानिक पद नहीं हैं, मगर पंजाब में उनके वीआईपी ट्रीटमेंट पर बहस छिड़ गई है।भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने सवाल उठाया कि पंजाब के टैक्सपेयर्स के पैसे का इस्तेमाल केजरीवाल की विपश्यना के लिए क्यों किया जा रहा है? सिरसा ने एक्स पर लिखा कि केजरीवाल कभी वैगनआर में एक आम आदमी होने का दिखावा करते थे। विपश्यना तो शांति के लिए एकांतवास होता है।

### सीएम मान भी काफिले में शामिल नहीं

अगर सत्ता ही उनकी परीक्षा थी, तो वे बुरी तरह विफल हो गए हैं। किस तरह की 'विपश्यना' के लिए पंजाब के करदाताओं द्वारा वित्तपोषित भव्य सुरक्षा परेड की आवश्यकता होती है। यहां तक कि सीएम भगवंत मान भी काफिले में नहीं हैं।

### ऐश-आराम का जरिया बना लिया: मालीवाल



स्वाति मालीवाल ने भीकेजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जिस पंजाब की जनता ने इतना प्यार दिया, उससे इतना डर लगता है केजरीवाल को? सारी दुनिया को वीआईपी कल्चर पर टोकने वाले केजरीवाल आज खुद डोलांड ट्रंप से बड़ा सुरक्षा घेरा लेकर घूम रहे हैं। गजब ही है कैसे पंजाब को ऐश आराम का जरिया बना लिया है।

### आम आदमी होने का सिर्फ दिखावा किया: सिरसा



दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट डालकर केजरीवाल को निशाने पर लिया है। सिंह ने केजरीवाल के पंजाब दौरे को लेकर लिखा कि केजरीवाल आम आदमी होने का सिर्फ दिखावा करते थे। वे पंजाब के पैसों का अपनी लग्जरी सुविधाओं के लिए दुरुपयोग कर रहे हैं। आप की सच्चाई सामने आ गई है।

पटना में दरभंगा हाउस में बम धमाका

## एचओडी प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण की गाड़ी पर हमला,आरोपी फरार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना का दरभंगा हाउस एक बार फिर सुर्खियों में है,जब परिसर में बम धमाके से अफरा-तफरी मच गई। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि परिसर में छात्र और लोग सहम गए और इधर-उधर भागने लगे। यह घटना पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित दरभंगा हाउस परिसर की है, जहां संस्कृति विभाग के एचओडी प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण की स्कॉर्पियो गाड़ी पर बम फेंककर हमला किया गया। इस हमले में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उस समय प्रोफेसर गाड़ी में नहीं थे।



### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पता चला कि हमले में एक युवक शामिल था, जिसने बैग से बम निकालकर गाड़ी पर फेंका और फिर मौके से फरार हो गया। यह हमला आपसी वर्चस्व को लेकर किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने मौके से जली हुई सुतली बरामद की है, जो बम बनाने में इस्तेमाल की गई थी।

# स्मार्ट बाजार ने 5 दिवसीय महिला दिवस समारोह की शुरुआत की

मुंबई।

इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, स्मार्ट बाज़ार अपने स्टोर पर पाँच दिनों की मज़ेदार गतिविधियों, खरीदारी और शानदार ऑफ़र के साथ समारोह को और भी शानदार बना रहा है। यह समारोह बुधवार 5 मार्च से शुरू होकर 9 मार्च, रविवार तक चलेगा, जिसमें हर दिन रोमांचक कार्यक्रम, सेलिब्रिटी कार्यक्रम और पूरे भारत में 900 से ज़्यादा स्मार्ट बाज़ार स्टोर पर ब्लॉकबस्टर ऑफ़र और डील्स होंगी। यह पहले कभी न देखा गया उत्सव है। आप मास्टरक्लास में शामिल हो सकते हैं जहाँ आप कुछ नया सीख सकते हैं, अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए मज़ेदार गेम खेल सकते हैं या बस सभी बेहतरीन ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, चुनिंदा स्टोर और टॉप आरजे में कुछ शीर्ष प्रभावशाली लोगों से मिलें। सौदे को और भी बेहतर बनाने के लिए शीर्ष ऑफ़र का लाभ उठाएँ। महिलाओं के कपड़ों की रेंज पर 2 खरीदें 1 मुफ़्त पाएँ और क्लोविया और ज़िवामे जैसे शीर्ष ब्रांड की ब्रा पर 1 खरीदें 2 मुफ़्त पाएँ के साथ अपने वॉर्डरोब को नया रूप दें। क्या आप सौंदर्य पाना चाहते हैं? सौंदर्य प्रसाधन पर 1 खरीदें और 1 मुफ़्त पाएं, फेस क्रीम और फेस वॉश पर 50 प्रतिशत की छूट। हेयर ड्रायर और स्ट्रेटनर के साथ अपने स्टाइलिंग गेम को अपग्रेड करें, जिसकी शुरुआती कीमत सिर्फ़ रु. 599 है! खरीदारी का मज़ा यहीं नहीं रुकता। महिलाओं के हॉर्लिक्स पर रु. 160 की छूट, स्टेफ्री ड्राई मैक्स 42s सैनिटरी नैपकिन पर रु. 230 की छूट और सोफ़ी एंटी बैक्टीरिया एक्सएल 48 एक्सएल +44 सैनिटरी पैड पर रु. 65 की छूट पाएँ। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने दोस्तों के साथ स्मार्ट बाज़ार में जाएँ और पाँच दिनों तक खरीदारी, मनोरंजन और शानदार बचत का मज़ा लें। क्योंकि आपको खुद को सेलिब्रेट करने के लिए किसी वजह की ज़रूरत नहीं है। 5 से 9 मार्च तक स्मार्ट बाज़ार में हमारे साथ जुड़ें।




## एक बुरी लत और गल गई महिला की नाक चेहरे पर सिक्के जितना बड़ा हो गया छेद

**शिकागो।** ये कहानी है अमेरिका के शिकागो की रहने वालीं केली कोजीरा की, जो नशीली दवाओं की लत के गंभीर प्रभावों को उजागर करती है। महिला की आपबीती यह दर्शाती है कि कैसे नशे की लत नियंत्रण से बाहर हो सकती है, और उसके कितने भयानक अंजाम हो सकते हैं। अच्छी बात यह है कि महिला ने लत को हराकर नई जिंदगी की शुरुआत की है। लेकिन, केली की कहानी दूसरों के लिए प्रेरणा और चेतावनी दोनों है। क्योंकि, इससे रिकवरी तो मुमकिन है, लेकिन नशे ने केली का जो हाल किया, उसके बारे में जानकर आप सहम जाएंगे। 38 वर्षीय कोजीरा ने पहली बार 2017 में दोस्तों के साथ एक रात बाहर जाने के बाद कोकीन सूंघना शुरू किया और जल्द इसकी लत लग गई। उन्होंने बताया



कि रोजाना कोकीन की आदत के कारण उनका सेप्टम (नाक को अलग करने वाली हड्डी और कार्टिलेज की पतली दीवार) खराब हो गया, जिससे उनके चेहरे के बाहर एक छेद हो गया। एक रिपोर्ट के अनुसार, कोजीरा कहती हैं कि उन्हें पहले लगा कि इतना तो चलता है, लेकिन इस लत का दुष्प्रभाव उनके शरीर पर तुरंत ही दिखने लगा था।

## रोचक खबरें

### अगर स्मोकिंग से हैं परेशान, तो इस नन्हीं सी बच्ची का मजेदार स्पीच जरूर सुनें!

**नई दिल्ली।** हर साल तंबाकू से 80 लाख लोगों की मौत होती है, जिसमें सिगरेट बड़ा कारण है। लोग चाहकर भी इसे छोड़ नहीं पाते। लेकिन, इन दिनों एक बच्ची का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उसने स्मोकिंग के खिलाफ इतनी पॉवरफुल स्पीच दी है कि इसे सुनकर कोई भी सिगरेट छोड़ने पर मजबूर हो जाएगा। सिगरेट छोड़ना आसान नहीं होता, क्योंकि इसके लिए मजबूत इरादों की जरूरत होती है। यह सिर्फ आदत नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक चुनौती भी है। लोग सिगरेट के नुकसान जानते हुए भी इसे छोड़ नहीं पाते।इसी से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक छोटी बच्ची ने अपनी दमदार स्पीच से सबको हैरान कर दिया है। उसकी बातों ने इंटरनेट पर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस वीडियो में एक छोटी बच्ची ने सिगरेट छोड़ने पर जबरदस्त स्पीच दी है। उसने नशा करने वालों और उन्हें बढ़ावा देने वाले बुजुर्गों को आईना दिखाया। उसकी बात इतनी असरदार थी कि वीडियो तेजी से वायरल हो गया। लोग इसे देखकर हैरान हैं और जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बच्ची की बातें लोगों को सोचने पर मजबूर कर रही हैं। वायरल वीडियो हरियाणा के किसी गांव का लग रहा है, जिसमें एक छोटी बच्ची स्टेज पर खड़े होकर जोरदार स्पीच देती है। वह कहती है कि उसे सबसे बुरा लगता है कि आजकल के युवा अपने बुजुर्गों के साथ बैठकर हुक्का पीते हैं, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।वह हाथ जोड़कर बुजुर्गों से अपील करती है कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें, नहीं तो हालात ऐसे होंगे कि हम पापा से डरने वाली आखिरी पीढ़ी होंगे और औलाद से डरने वाली पहली।



### कभी 58 घंटे किस का था रिकॉर्ड, अब तलाक ले रहा कपल, आखिर क्या थी दूर होने की वजह?

**बैंकाक।** थाईलैंड के जिस कपल ने 2013 में सबसे लंबे समय तक किस करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था, उसने अब अलग होने का फैसला कर लिया है। एक्काचाई तिरानारत और उनकी पत्नी लकसाना 58 घंटे और 35 मिनट और 58 सेकंड तक किस करके सुर्खियों में आए थे। हाल ही में एक्काचाई ने अपने अलगाव की पुष्टि की। लेकिन, लकसाना के साथ अपनी उपलब्धि पर गर्व भी किया। एक्काचाई ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने एक साथ काफी लंबा और अच्छा समय बिताया। उन्होंने कहा, मैं अच्छी यादों को संजोना चाहता हूं और मुझे खुशी है कि हमने यह सब साथ में किया। एक्काचाई ने अपने वर्ल्ड रिकॉर्ड के कठिन नियमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, यह आसान नहीं था। क्योंकि, उन्हें टॉयलेट ब्रेक के दौरान भी एक-दूसरे को किस करते रहना था जाहिर है, इस अनोखे रिकॉर्ड को बनाने के लिए न केवल अटूट समर्पण की आवश्यकता थी, बल्कि शारीरिक लचीलापन भी जरूरी था। क्योंकि, कपल पूरे समय बिना सोए खड़े होकर एक-दूसरे को 58 घंटे तक बस किस करता रहा।

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

क्या दुनिया पर इंसानों के रहने के दिन अब गिने-चुने ही बचे हैं? इंसान जिस तरह से विध्वंसक हथियारों को बना रखा है, वे एक दिन उसी के समूल विनाश की वजह बनने वाले हैं या फिर कोई परमाणु युद्ध धरती से मानवता का नाश कर सकता है।



# धरती पर मंडरा रहा बड़ा खतरा परमाणु युद्ध हुआ तो नहीं बचेंगे इंसान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ऐसा हम नहीं कह रहे है, बल्कि ऐसा सोचना है दुनिया के सबसे अमीर शख्स और अपने समय से आगे की सोच रखने वाले जुनूनी उद्यमी एलन मस्क का, जो ऐसी स्थिति आने पर मानवता को बचाने के लिए बैक-अप प्लान बनाने में लग गए हैं। इलेक्ट्रिक कार से लेकर अंतरिक्ष यात्रा तक, भविष्य के लिए एलन मस्क का विजन किसी साइंस फिक्शन फिल्म की तरह लगता है। उनका नया महत्वाकांक्षी आइडिया मानवता के अस्तित्व के बारे में है। एलन मस्क धरती पर इंसानों को बचाने के लिए एक बैकअप प्लान बना रहे हैं। यह एक स्पेसशिप, यानी भविष्य का जहाज जो वैश्विक तबाही की स्थिति में मानवता के लिए ग्रह से बाहर निकालने का टिकट बन सकता है।

■ एलन मस्क ने बनाया मानवता को बचाने का

### मंगल ग्रह पर बसेंगे इंसान

मंगल ग्रह के लिए एलन मस्क के जुनून से दुनिया वाकिफ है। उनकी कंपनी स्पेसएक्स अंतरिक्ष यात्रा पर अथक प्रयास कर रही है और उसका आखिरी लक्ष्य लाल ग्रह पर एक स्थायी कॉलोनी बनाना है। लेकिन, यह सिर्फ खोज और अनुसंधान के लिए नहीं है। इसके पीछे मस्क का एक छिपा विचार है। दुनिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु युद्ध के खतरे के साथ एलन मस्क एक ऐसा भविष्य देखते हैं, जहां पृथ्वी पर रहना शायद संभव न हो।





### मंगल ग्रह पहुंचकर भी होगी चुनौती

भले ही मस्क लोगों को मंगल ग्रह पर ले जाने में सफल हो जाएं, लेकिन असली चुनौती उनके पहुंचने के बाद शुरू होगी। ग्रह इंसानों के लिए रहने योग्य होने से बहुत दूर है। जहरीला तापमान, जहरीली हवा और कोई प्राकृतिक भोजन या पानी का स्रोत नहीं होने से जीवित रहना एक बुरे सपने की तरह है। इंसानों के रहने लायक बनाने लिए मंगल ग्रह के वायुमंडल को बदलना होगा ताकि यह पृथ्वी जैसा बन सके। ऑक्सीजन पैदा करना और एक आत्मनिर्भर एयर सप्लाई तैयार करना होगा। भोजन के इंतजाम के साथ विकिरण और चरम मौसम से भी बचाना होगा। जाहिर है यह आसान नहीं होगा।

### मस्क ने दी चेतावनी

मस्क ने चेतावनी देते हुए कहा है कि 'जितना अधिक समय तक हम एक ग्रह तक खुद को सीमित रखेंगे, मानवता के विलुप्त होने का खतरा उतना ही अधिक होगा।' इसका समाधान वे एक ग्रह से दूसरे ग्रह तक पहुंचाने वाली नौका में ढूढ़ते हैं। वैसे तो स्पेस आर्क का आइडिया नया नहीं है। साइंस फिक्शन कहानियों में इसका जिक्र होता रहा है, लेकिन मस्क इसे वास्तविकता बनाना चाहते हैं। टेस्ला की इंजीनियरिंग टीमों ने सालों पहले इस पर विचार किया था। एक ऐसा टिकाऊ जहाज बनाना जो वैश्विक संकट की स्थिति में हजारों लोगों को मंगल ग्रह पर पहुंचा सके। स्पेसएक्स का स्टारशिप इसी दिशा में कदम को दिखाता है, लेकिन स्पेस आर्क ज्यादा बड़ा और अधिक एडवांस होगा।

## चूहे से भी छोटी है ये बिल्ली, समा सकती है हथेली के अंदर

**कोलकाता।** दुनिया में सबसे आकर्षक जानवरों में से एक बिल्ली है। आपको यह बात अजीब या हैरानी की लग सकती है। लेकिन, बिल्ली इंसानों का ध्यान खींचने में माहिर होती हैं। यही वजह है कि वे लोगों को बहुत मासूम लगती हैं। अजीब बात ये है कि लोगों को बिल्ली के परिवार की सभी प्रजातियां आकर्षक लगती हैं। पर क्या आपने दुनिया की सबसे छोटी बिल्ली के बारे में सुना है? एक्सपर्ट्स बताते हैं कि ये भारत में मिलती है। लेकिन, यह भी सच है कि यह भारत में दिखती भी नहीं है। इसीलिए कुछ दिन पहले जब इसे पश्चिम बंगाल में देखा गया है, तभी से ये चर्चा में है।

### संकट में अस्तित्व

दुनिया की सबसे छोटी बिल्ली के नाम से मशहूर रस्टी-स्पॉटेड कैट है। यह एक जंगली बिल्ली है और यह उन बिल्लियों में से है जिनकी बहुत कम जानकारी मिलती है। इस बिल्ली का वजन ज्यादा से ज्यादा एक किलो होता है। बताया जाता है कि ये भारत, श्रीलंका और नेपाल में मिलती है। लेकिन, अब ये इतनी कम हो गई हैं कि इनका अस्तित्व ही संकट में हैं और इनके संरक्षण के भी प्रयास किए जा रहे हैं।



### चौंकाने वाली लंबाई

रस्टी स्पॉटेड बिल्ली आसानी से नजर नहीं आती है। वह रात को सक्रिय रहती है। इसके चितीदार चमड़ी का रंग अक्सर लोगों को इस भ्रम में डाल देता है कि ये किसी तेंदुए की संतान है। लेकिन सबसे दिलचस्प इसकी लंबाई है। वे इसकी लंबाई केवल 35 से 48 सेमी तक बताई जाती है। यह पत्ते तक में आसानी से छिप जाती है और यह हथेली में भी समा सकती है। यही कारण है कि हैरानी की बात नहीं कि जब एक महीने पहले इसे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में देखा गया तो यह सुर्खियों में छा गई। इसका वहां मिलना बताता है कि इस इलाके का जंगल का इकोसिस्टम इतना अच्छा है कि यहां बड़े शिकारी जानवरों के साथ छोटे शिकारी जीव भी पनप रहे हैं।

# खूबसूरत शहर को 'निगल' रहे हैं रहस्यमय दैत्य, घबराए लोग हर वक्त मांग रहे दुआ!



एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया हवे

प्रकृति ने अपने गर्भ में न जाने कौन-कौन से रहस्य छिपा रखे हैं। कई बार तो ऐसा होता है कि हम अपनी ज़िंदगी आराम से जी रहे होते हैं और हमें पता भी नहीं होता कि कौन सा खतरा हमारी ओर बढ़ रहा है। कुछ ऐसा ही हुआ है ब्राज़ीलियन अमेज़न में मौजूद एक शहर के साथ, जहां 55 हज़ार लोगों ने अपना बसेरा बना रखा है। उन्हें कभी उम्मीद भी नहीं रही होगी कि उनके साथ ऐसा भी हो सकता है।

### बस बारिश न हो

यहां के नागरिकों ने बताया कि ये काफी डरावना है और हम भगवान से प्रार्थना करते रहते हैं कि बस बारिश न हो। जैसे ही पानी बरसना शुरू होता है, हम डर जाते हैं और धरती के धंसने की आवाजें आती रहती हैं। अब तक इस जगह से करीब 12 हजार लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट भी किया जा चुका है।

### गड्ढों ने शहर को घेरा

बुरीटीकुपु नाम के शहर में बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या पिछले 30 सालों से चल रही है। ये गड्ढे यहां की बलुई मिट्टी और खराब प्लानिंग के साथ-साथ जंगलों के कटने की वजह से पैदा हुए हैं। कुछ साल पहले ही विशेषज्ञों ने कहा था कि शहर को हर तरफ से करीब 26 बड़े-बड़े और गहरे गड्ढों ने घेर रखा है, जो धीरे-धीरे शहर की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में जब बारिश हुई, तो इन गड्ढों का आकार और भी ज्यादा विशाल हो गया।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

फायनेंस
फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइल:- 7042858951 (रायपुर /08/मार्च 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शब्द पहेली - 5798




■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5797 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5808

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5807 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |



ज्यादा सर्दी या गर्मी में तो हम सभी पूरी सावधानी रखते हैं। लेकिन बदलते मौसम में लापरवाही करते हैं। इससे बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए यहां बताई जा रही सावधानियों पर अमल करें।

## बदलते मौसम में करें हेल्थ की प्रॉपर केयर


प्रिकॉशन
संध्या रानी



सर्दी के बाद गर्मी और गर्मी के बाद सर्दी, साल में मौसम का चक्र बदलता रहता है। हर मौसम की अपनी खासियत होती है। लेकिन बदलते मौसम में अगर हम अपने खान-पान और जीवनशैली का पूरा ध्यान रखें, तो ही इसका लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसा न करने पर बीमार भी हो सकते हैं।

**इन दिनों बदल रहा मौसम:** वैसे तो वसंत ऋतु सबसे सुहावना होता है। लेकिन इस बदलते मौसम में दिन के तापमान में बदलाव भी आता रहता है। सुबह और रात में तापमान कम हो जाता है, जिसके कारण ठंड लगने लगती है तो दिन के समय तापमान बढ़ने के कारण गर्मी लगती है। इस स्थिति में हमें अपने स्वास्थ्य का बहुत ध्यान रखना चाहिए। ऐसा न करने पर खांसी, जुकाम, बुखार और शरीर दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**ठंडे वातावरण से बचें:** इस मौसम में सुबह और शाम के समय तापमान तेजी से बदलता



है तो ऐसे में जरा सी लापरवाही से आपको सर्दी लग सकती है। इससे बचने के लिए दोपहर के समय कहीं बाहर से घर आते ही पंखा या एसी न चलाएं, क्योंकि इससे शरीर का तापमान असंतुलित हो जाएगा। इससे संभव है कि आपको बुखार हो जाए।

**दिन में न सोएं:** इस मौसम में कभी भी दोपहर के समय नहीं सोना चाहिए और रात में देर तक नहीं जागना चाहिए। रात में जागने से शरीर में पित्त बढ़ता है तो दिन में सोने से कफ बढ़ता है। कफ ज्यादा बनने के कारण गला खराब होना, गले में कफ जमा होना, शरीर भारी होना जैसी परेशानी शुरू हो जाती हैं। बुजुर्ग, बीमार और कमजोर व्यक्तियों के लिए अगर दोपहर में सोना जरूरी है या अगर काम की वजह से थकान हो रही है तो दिन में आराम कर लें या थोड़ी नींद ले सकते हैं।

**हाइजीन का ध्यान रखें:** इस मौसम में वायरल संक्रमण भी आसानी से हो सकता है। इससे बचने के लिए साफ-सफाई का खूब ध्यान रखें। अपने हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोकर ही कुछ खाएं। यदि आप ऐसी जगह पर हैं, जहां हैंडवॉश नहीं कर सकते हैं, तो सैनेटाइजर का प्रयोग कर सकते हैं। घर में भी सभी लोग अपना अलग तौलिया और रुमाल का उपयोग करें। अगर परिवार में कोई व्यक्ति पहले से ही बुखार या जुकाम से परेशान है तो उसके संपर्क में आने से बचें।

**संतुलित आहार लें:** इस मौसम में मौसमी फल और सब्जी ही ज्यादा खानी चाहिए, जैसे कि पालक, मटर, गाजर, सरसों का साग, बींस, चुकंदर, पत्ता गोभी, फूल गोभी, खुबानी, स्ट्रॉबेरी, अमरूद, अंगूर, केला, अनार, पपीता, बेर आदि। इस मौसम में ये सब खाने से सेहत अच्छी रहती है। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक और बाहर के खाने से परहेज करें। फास्ट फूड का सेवन भूलकर भी न करें। सुबह और शाम गुनगुना पानी पीने से मौसम से संबंधित बीमारियों से बच सकते हैं। अगर कुछ गर्म पीने की इच्छा हो तो सामान्य चाय के बजाय ग्रीन या ब्लैक टी पी सकते हैं। अगर कफ की अधिकता महसूस हो रही हो तो एक कप गर्म पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर पीने से राहत मिलेगी।

**योग-व्यायाम करें:** प्रतिदिन अपने सामर्थ्य के अनुसार 30 से 45 मिनट तक योगासन, प्राणायाम और व्यायाम करें। इससे शरीर में कफ की कमी आएगी और इम्यून सिस्टम मजबूत बनेगा। प्राणायाम में सूर्यभेदन, भस्त्रिका और कपालभाति कर सकते हैं।



प्राणायाम हमेशा किसी योग प्रशिक्षक की निगरानी में करें।

**शरीर की मालिश करें:** त्वचा और तंत्रिका तंत्र को मजबूत बनाने के लिए तिल और बादाम के तेल से रोज सुबह धूप में खुद ही शरीर की मालिश करें। मालिश के बाद गुनगुने पानी से स्नान करें। *

(नेचुरोपैथ डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)

---

अच्छी हेल्थ के लिए न्यूट्रीशस डाइट लेना, सही रूटीन फॉलो करना और एक्सरसाइज करना तो जरूरी है ही। लेकिन इसके साथ ही डेली रूटीन की कुछ हैबिट्स पर ध्यान देना भी जरूरी है। ये नॉर्मल सी लगने वाली हैबिट्स भी आपको हेल्दी बनाए रखने में इंपॉर्टेंट रोल निभाती हैं। इनके बारे में आपको जरूर मालूम होना चाहिए।

## हेल्दी रहने के लिए इन बैड हैबिट्स से बचें

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. नरेश कुमार
सीनियर फिजीशियन
एलएनजेपी अस्पताल, नई दिल्ली







अमूमन हर कोई हेल्दी रहने के लिए पर्सनल हाइजीन और लाइफस्टाइल की रूटीन हैबिट्स को अपनाता है। लेकिन इन कार्यों को जाने-अनजाने गलत तरीके से करने या जरूरत से ज्यादा करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना भी करना पड़ सकता है। यहां हम आपको ऐसी ही कुछ हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें समुचित तरीके से करने पर हेल्दी रहा जा सकता है।

**चेहरे को रगड़ कर धोना:** चेहरे को साफ बनाए रखने के लिए दिन में 3-4 बार धोना सही माना जाता है। क्योंकि चेहरे की त्वचा शरीर के मुकाबले अधिक सॉफ्ट और सेंसिटिव होती है। इसलिए त्वचा रोग विशेषज्ञ भी चेहरे को फेस-वॉश या माइल्ड सोप से दो-तीन बार हल्के हाथों से थपथपाते हुए धोकर मॉयश्चराइज करने की सलाह देते हैं। लेकिन कुछ लोग चेहरा गलत तरीके से धोते हैं यानी अपने चेहरे पर रगड़-रगड साबुन लगाकर धोते हैं। इससे चेहरे की त्वचा डैमेज हो जाती है। स्किन ड्राई होने और रेशैज होने का रिस्क भी बढ़ता है।

**पर्सनल चीजें शेयर करना:** हालांकि पैरेंट्स अपने बच्चों को छुटपन से गुड हैबिट्स सिखाते हैं, जिनमें दूसरों के साथ अपनी चीजें शेयर करने की आदत भी एक है। लेकिन हर चीज शेयर करना कई बार नुकसानदायक साबित हो सकता है जैसे- एक-दूसरे के मेकअप प्रोडक्ट्स, कंघी, रेजर, टॉवेल जैसी पर्सनल चीजें शेयर करना। ऐसा करने से कई तरह के इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। असल में हमारे चेहरे या स्किन पर कई तरह के सूक्ष्म कीटाणु होते हैं, जो ऐसी चीजें इस्तेमाल करने से एक से दूसरे व्यक्ति की स्किन या बालों तक पहुंच जाते हैं। इनकी वजह से दूसरे व्यक्ति को भी इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। इसी तरह पुरुषों द्वारा एक-दूसरे का रेजर इस्तेमाल करना रिस्की होता है, क्योंकि फेशियल हेयर या दाढ़ी के अंदर डेड स्किन और कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं, जिनसे दूसरे व्यक्ति को गंभीर इंफेक्शन हो सकता है। मेडिकल साइंस में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें रेजर के इस्तेमाल की वजह से दूसरे व्यक्ति को एड्स जैसी जानलेवा बीमारी तक का सामना करना पड़ा है।



**कॉटन ईयर-बड्स से कान साफ करना:** अमूमन हम सभी कान साफ करने के लिए ईयर-बड्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन वैक्स साफ करने के लिए इस तरह की चीजें हमारे कानों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। कान हमारे शरीर के 5 प्रमुख सेंसरी ऑर्गंस में से एक है। कान की अंदरूनी संरचना बहुत नाजुक होती है, जो बड्स जैसी नुकीली चीजों के इस्तेमाल से डैमेज हो सकती है। कई बार ईयर बड्स से कान के भीतर की वैक्स बाहर निकलने के बजाय कान के और ज्यादा अंदर चली जाती है, जिससे ईयर ड्रम को नुकसान पहुंच सकता है और अनचाहे ही श्रवण-क्षमता खो सकती है। इसलिए ध्यान रखें कि ईयर बड्स से केवल कान के बाहरी हिस्से की सफाई करनी चाहिए। वैक्स साफ कराने या कान की डीप क्लीनिंग ईएनटी डॉक्टर से ही करवानी बेहतर है।

**ज्यादा टूथपेस्ट से ब्रश करना:** आमतौर पर माना जाता है कि दांत साफ करते हुए झागयुक्त टूथपेस्ट बेस्ट है और ज्यादा पेस्ट लेकर रगड़-रगड़ कर ब्रश करने से दांत अच्छी तरह साफ होते हैं। देखा जाए तो कई टूथपेस्ट्स में झाग ज्यादा बनाने के लिए सोडियम क्लोराइड, प्रोप्लेन ग्लाइकॉल जैसे केमिकल्स इस्तेमाल किए जाते हैं। इनसे भले ही झाग ज्यादा बनती है लेकिन ये हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादा पेस्ट लेने और रगड़-रगड़ कर ब्रश करने से दांतों के इनेमल घिसने लगते हैं और दांत ही नहीं, मसूड़े भी कमजोर हो जाते हैं। डेंटल एक्सपर्ट की मानें तो माउथ हाइजीन मेंटेन करने के लिए दिन में 2 बार ब्रश (खासकर रात को सोने से पहले) करना जरूरी है। लेकिन ब्रश करते समय मटर के दाने के बराबर टूथपेस्ट लेना ही पर्याप्त है।

**छींकते-खांसते समय हाथ रखना:** आपने अकसर लोगों को कहते सुना होगा कि छींकते-खांसते हुए अपने हाथ से ढंकें। हालांकि इसके पीछे उनकी मूल मंशा यह रहती है कि नाक-मुंह से निकलने वाले ड्रॉपलेट्स हवा के साथ मिलकर आस-पास के लोगों तक न पहुंचें और उन्हें बीमार न करें। लेकिन वैज्ञानिकों के मुताबिक ऐसे मौके पर टिश्यू पेपर या रुमाल का इस्तेमाल करना हितकारी है। छींकते-खांसते वक्त हमारे शरीर से ड्रॉपलेट्स के साथ कई तरह के जर्म्स भी निकलते हैं। जो चेहरा ढंकने पर हाथों में आ जाते हैं। हैंडवॉश न करने और एहतियात न बरतने पर जाने-अनजाने वापस आपके शरीर में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं और बीमारी का कारण बनते हैं। कोशिश करें कि वन-टाइम यूज में आने वाले टिश्यू पेपर का इस्तेमाल करें और तुरंत डस्टबिन में फेंकें।

**खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीना:** हममें से कई लोग खाना खाने के साथ या फिर खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीते हैं। ऐसा करना हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए नुकसानदायक है। खाना पेट में जाता है तो पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड समेत कई पाचक एंजाइम्स भी बनने लगते हैं, जो खाना पचाने में मदद करते हैं। लेकिन खाने के बाद पानी पीने से इन एंजाइमों की तीव्रता कम हो जाती है, जिससे खाना पूरी तरह डाइजेस्ट नहीं हो पाता और इससे प्रायः अपच की शिकायत हो जाती है। इसलिए खाने के बाद यथासंभव पानी पीना अवॉयड करना चाहिए। हां, बहुत जरूरी हो तो एकाध घूंट पी सकते हैं।

**खाने के बाद तुरंत सो जाना:** कई लोग खाना खाने के तुरंत बाद लेट जाते हैं और सो जाते हैं। इस हैबिट का हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा करने से खाना पेट में जाने के बजाय फूड पाइप में रह जाता है और ठीक तरह से डाइजेस्ट नहीं हो पाता। इससे अपच, चेस्ट में जलन, हार्टबर्न, पेट दर्द और सोने में परेशानी होने लगती है। डाइजेशन गड़बड़ाने से कैलोरीज बर्न नहीं हो पातीं, इससे मोटापा और कई लाइफस्टाइल डिजीज की गिरफ्त में आने का खतरा बना रहता है। जरूरी है कि खाने और सोने के समय से 2-3 घंटे पहले खा लेना चाहिए और 10-15 मिनट टहलना चाहिए। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### रेग्युलर नेल्स ट्रिम न करना



**मौजूदा दौर** में लंबे नाखून रखना और नेल-आर्ट करना कुछ लोगों के लिए फैशन सिंबल है। वहीं कुछ लोग लंबे नाखून रखना पसंद नहीं करते और नेलकटर से रेग्युलर ट्रिम करने के बजाय दांतों से काटते रहते हैं। सेहत के लिहाज से दोनों अहितकारी हैं। भले ही हम दिन में कई बार हाथ धोते हों, लेकिन नाखूनों की ठीक से सफाई करने से अकसर चूक जाते हैं। लंबे नाखूनों की निचली सतह पर अदृश्य कीटाणु चिपके रह जाते हैं, जो आसानी से शरीर में पहुंचकर हमें बीमार कर सकते हैं। इसके अलावा नाखूनों की बनावट पर गौर करें तो फिंगर-टिप्स से जुड़ा नाखूनों के गुलाबी हिस्से से शरीर की कई संसेटिव नर्व्स जुड़ी होती हैं। ठीक तरह ट्रिम न करने पर नर्व्स डैमेज हो जाती हैं, जिनकी वजह से ब्लीडिंग और दर्द का सामना करना पड़ सकता है। लिहाजा अपने नाखूनों को नेलकटर से रेग्युलर ट्रिम करें। और अगर नाखून लंबे रखना चाहते हैं तो साफ-सफाई का ध्यान रखना न भूलें।

---

उपयोगी औषधि
रेखा देशराज

## अनेक रोगों से राहत दिलाए गुग्गुल



गुग्गुल या गुग्गल, झाड़ीनुमा एक ऐसा पेड़ है, जिससे निकलने वाली राल या गोंद (रेजिन) जैसे पदार्थ को भी गुग्गुल ही कहते हैं। आयुर्वेद में इसका सदियों से औषधि के रूप में इस्तेमाल होता रहा है। गुग्गुल की इस गोंद से आयुर्वेद की अनेक दवाएं बनती हैं। इससे ही कैशोर गुग्गुल, चंद्रप्रभा वटी और महायोगराज गुग्गुल जैसी औषधियां बनाई जाती हैं। गुग्गुल आजकल सबसे ज्यादा राजस्थान (थार के मरुस्थल), उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड), गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में पैदा होती है।

**गुग्गुल के प्रकार:** आयुर्वेद में इस गोंद या राल के पांच भेद बताए गए हैं, जो इस प्रकार हैं- महिषाक्ष, महानील, कुमुद, पद्म और हिरण्य। इनमें से महिषाक्ष और महानील हाथियों के लिए, कुमुद तथा पद्म घोड़ों के लिए उपयोगी होते हैं। जबकि पांचवां या हिरण्य गुग्गुल मनुष्यों के लिए उपयोगी है।

**स्वास्थ्य के लिए लाभकारी:** गुग्गुल कफ, वात, कृमि, शोथ और अर्शनाशक होती है। गुग्गुल से कई योग तो बनते ही हैं, साथ ही यह त्रिफला, गोक्षरादि गुग्गुल, सिंहनाद और चंद्रप्रभा गुग्गुल आदि औषधियों के निर्माण में भी उपयोगी द्रव्य होता है। गुग्गल के अनगिनत स्वास्थ्य लाभ हैं। यह हृदय रोगों के उपचार में बहुत फायेदमंद है, क्योंकि गुग्गल की गोंद कोलेस्ट्रॉल को कम करती है। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करती है। इसके इस्तेमाल से मोटापे पर काबू पाने में भी मदद मिलती है। गठिया और शरीर के दूसरे दर्दों के लिए भी यह राहत देने वाली औषधि है, क्योंकि इसके इस्तेमाल से शरीर में सूजन खासकर जोड़ों की सूजन और दर्द कम होता है। त्वचा रोगों जैसे एक्जिमा, फोड़े फुंसी और दूसरे विकारों में यह बहुत कारगर है। थाइरॉयड को संतुलित रखने और प्रजनन स्वास्थ्य में भी गुग्गल बहुत उपयोगी है। मुख्य रूप में इसे हृदय रोगों, जोड़ों के दर्द, मोटापा और दूसरी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला माना जाता है। *

---

मेंटल हेल्थ
शिखर चंद जैन

आम धारणा यही है कि बच्चे तो खिलंदड़ स्वभाव के होते हैं और मस्त रहते हैं। भला उन्हें अवसाद, उदासी और अकेलापन क्या सताएगा? लेकिन मौजूदा दौर में बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस बारे में आपको जानना बहुत जरूरी है।

## बच्चों-टीनएजर्स में भी बढ़ रहा डिप्रेशन





विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल और किशोर कोष (यूनिसेफ) की एक नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में 10 से 19 वर्ष का हर सातवां बच्चा-किशोर अवसाद और बेचैनी की समस्या से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक तिहाई बच्चों में 14 वर्ष से पहले और आधे में 18 से पहले मानसिक समस्याएं आने लगती हैं। रिपोर्ट के अनुसार बच्चों और किशोर की मानसिक समस्याओं को समझा नहीं जा रहा और उनकी समुचित देखरेख, सहायता या चिकित्सा भी नहीं हो रही है। भारत में भी यह बड़ी समस्या बन रही है।

**अकेलापन क्यों:** बच्चों में अकेलेपन की वजह उनका नजदीकी माहौल हो सकता है। जैसे नए स्कूल में परिचित सहपाठी न होना, माता-पिता के बीच रोज कलह होना, किसी पसंदीदा परिजन की मृत्यु, दोस्तों के साथ झगड़ा, माता-पिता से पर्याप्त स्नेह न मिलना, किसी के द्वारा बुलीइंग, न्यूक्लियर परिवार, नाना-नानी या दादा-दादी के प्यार से वंचित रहना, परिजनों द्वारा क्वालिटी टाइम न मिलना आदि बच्चों में अकेलापन महसूस करने की बड़ी वजह हैं।

**पीयर प्रेशर भी है कारण:** कई बार पैरेंट्स अपने बच्चों की क्षमता और दिलचस्पी न समझ कर उन पर दबाव डालते हैं कि वे अपने आस-पास के दूसरे बच्चों या अपने फ्रेंड्स की तरह परफॉर्म करें, ज्यादा मार्क्स लाएं, उनके जैसा बिहेव करें। साथ ही छोटी-सी उम्र में ही उन्हें प्ले स्कूल के नाम पर घर से बाहर भेज दिया जाता है और वहां भी दूसरे बच्चों से उनकी तुलना होती है। इस पीयर प्रेशर से भी उनकी मेंटल हेल्थ बिगड़ती है।

**आउटडोर एक्टिविटीज की कमी:** एक दशक पहले तक बच्चों में घर से बाहर खेलने की प्रवृत्ति थी। वे अपने घर या पड़ोस के हम उम्र साथियों के साथ क्रिकेट, छुपम-छुपाई, फुटबॉल, बैडमिंटन जैसे आउटडोर गेम या दिमागी कसरत वाले या फिर व्यस्त रखने वाले पजल्स, कैरम, लूडो, मोनोपोली आदि खेलते थे। स्कूल में भी इंटरवल के दौरान क्लासरूम, स्कूल के चौक या मैदान में धमा चौकड़ी मचाते थे। लेकिन आज के बच्चों की दुनिया स्वयं तक और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तक सीमित रह गई है। इससे दिल-दिमाग और शरीर फिजिकल एक्टिविटीज में संलग्न नहीं रहता। नतीजतन सुस्ती, उदासी और अकेलापन महसूस होता है।

**रील कल्चर का प्रेशर:** इंस्टाग्राम हो या यूट्यूब चैनल, फेसबुक की रील्स हों या शॉर्ट फिल्म्स, हर तरफ बच्चों के कारनामे दिखाने वाले वीडियो की बाढ़ सी आई हुई है। टेक्नोसेवी और पापुलैरिटी की चाहत में माता-पिता अपने बच्चों को भी वैसे ही हरकतें या कथित टैलेंट का प्रदर्शन करने को कहते हैं। ताकि वे रील बनाकर ढेर सारे लाइक्स, व्यूज और कॉमेंट्स बटोर सकें। बच्चों का मन ना होते हुए भी यह सब करना पड़ता है तो वे बेचैन और चिड़चिड़ा हो जाते हैं और तनाव के शिकार हो जाते हैं।


**पैरेंट्स क्या करें:** बच्चों-किशोरों में बढ़ती इस समस्या से बचाने के लिए कई मनोचिकित्सक पैरेंट्स को कुछ सलाहें देते हैं। इन पर आप भी अमल कर सकते हैं। जैसे- जब भी आप महसूस करें कि आपका बच्चा आजकल गुमसुम अकेला और चिंतित रहता है, खाने में या खेलने में रुचि नहीं लेता तो आपको सजग हो जाना चाहिए। तुरंत उसका कारण जानें। बच्चों पर अपनी इच्छाएं न थोपें। न ही उन्हें तुलनात्मक हीनता का शिकार बनाएं। उसकी रुचि किन एक्टिविटीज में है, यह समझें और उसी के अनुरूप व्यवस्था करें। बच्चों के साथ खेलकूद में आप भी इंवॉल्व हों। बच्चों के साथ इमोशनल बॉन्डिंग बढ़ाएं। इन कोशिशों से अगर बच्चे की उदासी, तनाव और डिप्रेशन कम नहीं हो रहा है तो चाइल्ड काउंसलर से संपर्क करें। *

---

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आपका मन अशांत रहता है, बात-बात पर गुस्सा आता है, बीपी हाई रहता है, गर्मी में बेचैनी बढ़ती है तो आपको शीतली प्राणायाम करना चाहिए। इसे करना आसान है लेकिन इसे करने के अनेक फायदे होते हैं। इसके बारे में विस्तार से जानिए।

## मन को रखे शांत-शीतल शीतली प्राणायाम



हल्की गर्मी शुरू हो चुकी है। होली के बाद तापमान और बढ़ने लगेगा। कई लोगों को वैसे तो हर मौसम में लेकिन खासतौर पर गर्मी के मौसम में बात-बात पर गुस्सा आने लगता है। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो इस बार गर्मियों की शुरुआत से ही हर दिन शीतली प्राणायाम का अभ्यास करें।

**शीतली प्राणायाम के फायदे:** यह प्राणायाम शरीर को ऊर्जा से लबालब और दिमाग को शांत रखने में कारगर है। नियमित रूप से शीतली प्राणायाम करने से गर्मी से तो राहत मिलती ही है, शरीर का तापमान ज्यादातर समय सामान्य रहता है। जिस कारण दिमाग शांत रहता है, तनाव और चिंता कम होती है, पाचन क्रिया बेहतर होती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बदलते मौसम में मजबूत बनी रहती है। नींद अच्छी आती है, त्वचा में चमक आती है और अगर बाल झड़ते हैं तो बिल्कुल रुक जाते हैं या कम हो जाते हैं। इस तरह देखा जाए तो गर्मियों की शुरुआत में इम्यूनिटी मजबूत बनाए रखने के लिए और शरीर को शीतल रखने के लिए शीतली प्राणायाम बहुत कारगर होता है।

**कब करें:** शीतली प्राणायाम हमेशा सुबह खाली पेट या खाना खाने के 4 घंटे बाद करना चाहिए। यह प्राणायाम हमेशा शांत और साफ वातावरण में करें। सुबह के समय अभ्यास करने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि पेट पूरी तरह से साफ होता है। वातावरण में शरीर के अनुकूल शीतलता होती है। धूल और गर्मी नहीं होती। शीतली प्राणायाम धीमी और नियंत्रित गति से करना चाहिए।

**करने का सही तरीका:** शीतली प्राणायाम को सही तरीके से करने के लिए पहले योगा मैट पर आरामदायक ध्यान मुद्रा में बैठ जाएं। हाथों को घुटनों पर रख लें। आंखें बंद कर लें और पूरे शरीर को शिथिल छोड़ दें या धीरे-धीरे शिथिल कर लें। शीतली प्राणायाम करने के लिए जरूरी है कि बिना तनाव के जीभ को मुंह से बाहर निकालें यानी बिना खींचे हुए जीभ को मुंह से बाहर निकालें। फिर धीरे-धीरे जीभ के किनारों को रोल करें, जिससे यह नालिका जैसी बन जाए और अब इसी नालिका या ट्यूब के माध्यम से धीरे-धीरे सांस अंदर लें। सांस लेते समय इसके अंत में जीभ को मुंह में वापस अंदर ले लें और मुंह बंद करके नाक के माध्यम से सांस छोड़ें। सांस लेते समय तेज हवा की तरह ध्वनि पैदा होनी चाहिए और जीभ तथा मुंह की छत पर बर्फीली शीतलता का एहसास होना चाहिए। यह एक चक्र है, इसी तरह के नौ चक्र पूरे करें।

**बरतें सावधानियां:** अगर आप बलगम से पीड़ित हों, ब्रोंकाइटिस की समस्या से जूझ रहे हों, अस्थमा हो, श्वसन विकार या कम रक्तचाप जैसी परेशानियां हों तो शीतली प्राणायाम का अभ्यास करने से बचें। यही नहीं जिन्हें हृदय रोग की समस्या हो, उन्हें भी शीतली प्राणायाम से बचना चाहिए। शीतली प्राणायाम का अभ्यास पुरानी कब्ज की समस्या को बढ़ा देता है, इसलिए जिन्हें लंबे समय से कब्ज की समस्या हो, उन्हें भी यह करने से बचना चाहिए और हां, सर्दियों में या जब वातावरण में ठंडक हो, तब भी इसे न करें। शीतली प्राणायाम को तब भी न करें, अगर किसी तरह का इंफेक्शन हो। वैसे तो यह आसान है लेकिन बेहतर होगा कि इसे किसी योगाचार्य से सीखकर ही अभ्यास करें। *



टेस्ट और टी20 में देते रहेंगे योगदान

# स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास, चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद हुए निराश

एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान और मुख्य बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद बुधवार को एक दिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन वह टेस्ट और टी20 खेलते रहेंगे। चोटिल पैट कमिंस की गैर मौजूदगी में कप्तानी करने वाले पैंतीस बरस के स्मिथ ने सेमीफाइनल मैच में 96 गेंद में 73 रन बनाए। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ियों को भारत से चार विकेट से मिली हार के बाद अपने फैसले से अवगत करा दिया था।

स्मिथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। यह शानदार सफर रहा और मैने हर पल का मजा लिया। हमने अद्भुत समय देखा और कई सुखद यादें हैं। इतने बेहतरीन साथियों के साथ दो विश्व कप जीतना शानदार था।'



### 12 वनडे शतक

लेग स्पिन हरफनमौला के तौर पर 2010 में पदार्पण के बाद स्मिथ ने आस्ट्रेलिया के लिए 170 वनडे में 43.28 की औसत से 12 शतक समेत 5800 रन बनाए।

### दो बार के विश्व चैंपियन

आस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे स्मिथ 2015 और 2021 में आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें 2015 में आईसीसी वर्ष की पुरुष वनडे टीम में चुना गया था। वह 2015 में कप्तान बने थे और आखिरी मैच में भी उन्होंने कप्तानी की।

### टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता

स्मिथ ने कहा, 'अब लोगों के लिए विश्व कप 2027 की तैयारी शुरू करने का मौका है लिहाजा मुझे लगा कि दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को लेकर उत्साहित हूं। इसके बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से खेलना है। मुझे लगता है कि अभी भी योगदान दे सकता हूं।'

## दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल ने टेबल टेनिस को कहा अलविदा

- 25 मार्च से खेलेंगे अंतिम विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर टूर्नामेंट
- राष्ट्रमंडल खेलों में जीते सात स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्लूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा।' शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेला था जिसमें वह उद्घाटन समारोह में भारत के संयुक्त ध्वजवाहक थे। अपने दो दशक लंबे करियर का अंत करने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं।

ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिए अपना सपना पूरा कर सकूंगा।' शरत वर्तमान में भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग के उपाध्यक्ष हैं।दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी शरत अब भी आईटीटीएफ तालिका में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं।

### यह बड़ी टेबल पर खेलने का अंत

शरत ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा संदेश पोस्ट किया। चेन्नई के इस टेबल टेनिस खिलाड़ी ने उस समय को याद किया जब उन्होंने दो साल की उम्र में पहली बार रैकेट पकड़ा था, तब वह भी नहीं जानते थे कि यह उनका सबसे लंबे समय तक चलने वाला साथी बन जाएगा। शरत ने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं पूरी तरह से खेल छोड़ रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से यह दर्शकों की भीड़ के सामने बड़ी टेबल पर खेलने का अंत है। अपने 'बंदाना' और 'रैकेट' को थोड़ा आराम देने का समय है। इस खेल ने मुझे जो खुशी, प्यार, दर्द, सबक दिया है उसके लिए आभारी हूं। हर छोटी चीज हमेशा मेरे साथ रहेगी। यह कल्पना करना कठिन है कि जब मैं टेबल टेनिस नहीं खेल रहा हूंगा तो जीवन कैसा होगा। लेकिन ऐसा होगा ही।'

## खबर संक्षेप



### प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने शैंकलैंड से ड्रॉ खेला

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और अराविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में छठे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने ड्रॉ पर रोका जबकि अराविंद ने वियतनाम के कुआंग लीम ली के साथ अंक बांटे। अब उनके छह में से चार अंक हैं। टूर्नामेंट में पहली बार आज सारे मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, जर्मनी के विंसेंट केमेर और कुआंग लीग तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं। उनसे आधा अंक पीछे चेक गणराज्य के एंगुयेन थाइ दाइ वान और डेविड नवारा, तुर्किए के गुरेल एडिज और शैंकलैंड हैं। तीन दौर अभी बाकी हैं और अगले दो में प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलना है जबकि अराविंद को एक ही मुकाबला सफेद मोहरों से खेलना है। सातवें दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना वेइ यि से जबकि अराविंद की टक्कर अनीश से होगी।

### कोनोली के शॉट्स चयन से खफा हीली



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व महान विकेटकीपर इयान हीली ने कूपर कोनोली के तकनीकी कौशल पर सवाल उठाया है। हीली ने कहा, 'मैं बहुत नाराज हूं। ट्रेविस हेड उसे इशारा कर रहा था कि विकेट कितना धीमा है। ऐसी पिच पर आपको जगहें तलाशनी होती है, चौकों का इंतजार नहीं करना होता। वह नौ गेंद खेल गया और एक भी रन नहीं बनाया। पहली आठ गेंदों पर चूका और नौवीं पर विकेट ही दे बैठा। कोनोली ने फुटवर्क दिखाया ही नहीं और शॉट्स भी बहुत खराब थे। वह गेंद को देख ही नहीं रहा था। वह गेंद की लाइन पकड़ ही नहीं पाया।'

### लय वापिस पाने की कोशिश कर रहा हूं



**दुबई।** मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है लेकिन वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की जरुरतों पर खरे उतर सकें। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान हर्षित राणा या हार्दिक पंड्या के साथ नई गेंद संभाली। राणा अभी नए हैं और पंड्या हरफनमौला है जो आम तौर पर वनडे मैच में दस ओवर नहीं डालते। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में आठ विकेट लिए हैं।

**चैंपियंस ट्रॉफी :** केन और रचिन ने की 164 रन की साझेदारी

चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 50 रनों से किया पराजित

एजेंसी ▶▶| लाहौर

न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी न्यूजीलैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका मुकाबला भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया।

363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया। उन्होंने 67 बॉल पर सेंचुरी जड़ी। कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) और रासी वान डर डसन (69 रन) ने अर्धशतक बनाए।

कीवियों की ओर से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल (49 रन) और ग्लेन फिलिप्स (49 रन) फिफ्टी बनाने से चूक गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।



### केन के हुए चार शतक

केन विलियमन एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक वनडे शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर संयुक्त रूप से नाथन एस्टल और रॉस टेलर हैं। केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और डेविड वार्नर के पास दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अधिक वनडे शतक (प्रत्येक 5) हैं।

### सबसे तेज 19,000 रन

| पारी | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 399 | विराट कोहली | भारत |
| 432 | सचिन तेंदुलकर | भारत |
| 433 | ब्रायन लारा | वेस्टइंडीज |
| 440 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड |
| 444 | जो रूट | इंग्लैंड |
| 444 | रिकी पोंटिंग | आस्ट्रेलिया |

### न्यूजीलैंड के 5 शतक

2025 संस्करण में न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाज शतक लगा चुके हैं। यह भी अपने आप में खास रिकॉर्ड है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विल यंग और टॉम लाथम ने शतक लगाया था। बांग्लादेश के खिलाफ रचिन रवींद्र ने 112 रन बनाए थे। अब सेमीफाइनल में रचिन और केन ने सेंचुरी लगाई।

## रचिन रवींद्र ने जड़ा रिकॉर्ड शतक

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ नॉकआउट मैच में शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के एक संस्करण में एक से ज्यादा शतक जड़ने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बने हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में रचिन रवींद्र ने 108 रन की पारी खेली। रचिन ने विलियमसन के साथ मिलकर दूसरे विकेट लिए रिकॉर्ड 164 रन की साझेदारी की। रचिन और विलियमसन के बीच 164 रन की साझेदारी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है, जो 2004 में द ओवल में यूएसए के खिलाफ नाथन एस्टल और स्कॉट स्टायरिस के बीच 163 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ा।



### एक संस्करण में शतक

| शतक | खिलाड़ी | सत्र |
|---|---|---|
| 3 | क्रिस गेल | 2006 |
| 2 | सौरव गांगुली | 2000 |
| 2 | सईद अनवर | 2000 |
| 2 | हर्शल गिब्स | 2002 |
| 2 | उपुल थरंगा | 2006 |
| 2 | शेन वॉटसन | 2009 |
| 2 | शिखर धवन | 2013 |
| 2 | रचिन रवींद्र | 2025 |




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वीवाईबीके स्टेडियम में बुधवार को गुरबानोव याज्गिलिच, सफेद पोशाक में, भारत के ईस्ट बंगाल एफसी और तुर्कमेनिस्तान के एफसी अर्काडाग के बीच एएफसी चैलेंज लीग 2024-25 फुटबॉल मैच के दौरान गोल करने के लिए शॉट लेते हुए।

### यूपी वारियर्स का मुंबई के खिलाफ मैच आज

**लखनऊ।** खराब फॉर्म से जूझ रही यूपी वारियर्स को महिला प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

### अभी तक परफेक्ट खेल नहीं दिखाया

**दुबई।** आसानी से संतुष्ट नहीं होने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने के बावजूद उनकी टीम ने अभी तक 'परफेक्ट खेल' नहीं दिखाया है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में यह देखने को मिलेगा।

## भारत करेगा एशियाई योगासन चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है।'




**वनडे रैंकिंग**

## चौथे स्थान पर पहुंचे कोहली अक्षर-शमी को भी फायदा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की विजयी पारी के बाद बुधवार को बल्लेबाजों की आईसीसी वनडे रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए।

कोहली को जहां फायदा हुआ, वहीं कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंच गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन भी एक पायदान के लाभ से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। भारत के उप कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी क्रमशः ऑलराउंडर और गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार करते हुए आगे बढ़े हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा ऑलराउंडर रैंकिंग में पटेल करियर के सर्वोच्च 194 रेटिंग अंकों के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक आठ विकेट लेने वाले शमी इस बीच तीन पायदान ऊपर चढ़कर 609 रेटिंग अंकों के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा,
गौ माता चौक, राईट टाउन, जौहरी हॉस्पिटल के बाजू में, जबलपुर- 482002
Phone - +91-761-2409255, Email - sarjab@bankofbaroda.com
शुद्धि पत्र
सभी संबंधित लोगों और आम जनता को सूचना दी जाती है कि वे इस बात पर ध्यान दें कि 28.07.2023 को प्रकाशित मेसर्स पिंनाक एसोसिएट्स प्रो. वीणा पांडे पता:- 3627 संचार नगर, दीनदयाल चौक, पचोरी पेट्रोल पंप के पीछे, जबलपुर के एनपीए खाते के नीलामी नोटिस को तकनीकी कारणों से वापस ले लिया गया है। । साथ ही, बैंक बिक्री नोटिस दिनांक 28.07.2023 से पहले की हमारी सभी SARFAESI कार्यवाइयों को वापस ले रहा है। हम आपको यह सूचित करना चाहते हैं कि बैंक उपरोक्त उल्लिखित अचल संपत्ति पर वसूली मामलों में SARFAESI अधिनियम 2002 और अन्य कानूनी कार्यवाही के अनुसार कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
दिनांक . 06/03/2025
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली)
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी सी.ई.सी-सीधी-03-2025, दिनांक 25.02.2025 के द्वारा आमंत्रित करते हैं। निविदाएं बन्द होने की तारीख 20.03.2025 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/ संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्त निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। निविदा क्रमांक: डिप्टी-सी.ई.सी-03-2025, दिनांक: 25.02.2025. कार्य का नाम लोकेशन सहित: सीधी-सिंगरौली नई बड़ी रेल लाइन परियोजना के संबंध में देवसर में टीएसएस भवन और गोंदवाली में एसपी/एसएसपी भवन का निर्माण कार्य। निविदा का अनुमानित मूल्य: ₹ 34033525.21/- निविदा फॉर्म की कीमत: ₹ 0.00 बयाना राशि: ₹320200/- कार्य समापन अवधि (माह): 10 माह मानसून सहित ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 20.03.2025 को 15.00 बजे बंद एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई. आर. ई. पी. एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फॉर्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।
(हस्ता.)
उप मुख्य अभियंता (निर्माण), प.म.रे., सीधी
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
1. निविदा क्र.: सी/42/एनजीपी/2024-2025
कार्य का नाम: ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत नागपुर-दुर्ग मुख्य लाइन पर रेल ओपनिंग/ स्लीपर ओपनिंग पुलों को RCC बॉक्स प्रकार के पुलों से प्रतिस्थापित करना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 8,06,66,434/-
बयाना राशि: ₹ 5,53,300/-
2. निविदा क्र.: सी/43/एनजीपी/2024-2025
कार्य का नाम: ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नागपुर-दुर्ग मुख्य लाइन पर रेल/स्लीपर ओपनिंग टाइप क्रॉस्ड ड्रेन को RCC बॉक्स टाइप पुलों से प्रतिस्थापित करना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 3,17,73,925/-
बयाना राशि: ₹ 3,08,900/-
3. निविदा क्र.: सी/44/एनजीपी/2024-2025
कार्य का नाम: ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत TMR-TRDI शाखा लाइन पर एमको पाइप ओपनिंग प्रकार के पुलों को RCC बॉक्स प्रकार के पुलों से प्रतिस्थापित करना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 13,37,33,319/-
बयाना राशि: ₹ 8,18,700/-
उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दि. 21.03.2025 के 15:00 बजे तक जमा कर सकते है। इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
PC/43-227
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

MADHYA PRADESH JAL NIGAM
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
"8" Arera Hills, Bhopal - 462004, www.mpjalnigam.mp.gov.in
E-mail: mpjalnigam@mp.gov.in, CIN - U41000MP2012SGC028798
NIT No. 43/Proc./MPJNM/2024-25 Bhopal, Dated : 03.03.2025
NOTICE INVITING E-TENDER
Online 'Percentage Rate Basis' bid for execution of following work are invited from Contractor registered under new centralized registration system in MP Govt. and firms of repute fulfilling the registration criteria specified in the tender document on Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.
Basic details of retrofitting work for MVDWSS are as follows :-

| NIT No. | Retrofitting works | District | PAC (Rs.) | EMD (Rs.) | Document Fee (Rs.) | Category of Contractor | Duration (months) including Rainy Season |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | Retrofitting works of Bhatera MVDWSS II, Dist- Balaghat (2nd call) | Balaghat | 1,28,04,271 | 1,28,100 | 12,500 | Registered in Centralized single Registration System of MPPWD | 6 Months |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from **06.03.2025, 17:30 Hrs.** Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
**M.P. Government E-Procurement Portal - https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/119073/2025 MANAGING DIRECTOR

OFFICE OF THE DEAN NETAJI SUBHASH CHANDRA BOSE MEDICAL COLLEGE JABALPUR
Phone No. 0761-2370951, Email: nscbmcjb@gmail.com
No. Estt./Gazett/25/1860 Jabalpur dated 28/02/2025
Recruitment of faculty in Super Specialty Hospital of Netaji Subhahsh Chandra Bose (Government) Medical College Jabalpur
Netaji Subhahsh Chandra Bose (Government) Medical College, Jabalpur has invited applications from eligible candidates to fill up the vacant posts in Super Specialty hospital Jabalpur. Interested candidates are required to submit applications with all details to the college before 28/03/2025, 5:30 pm. Details can be seen on website of the college www.nscbmc.ac.in. Interested candidates are advised to go through the "Madhya Pradesh Super specialty Aspatal Chikitsa Shishak Aadarsh Seva Niyam 2018" available on the website http://www.medicaleducation.mp.gov.in/ carefully and note the special perks and privileges offered to Super specialists under the Rules. Some important features are as below:-
1. Salary

| S.No. | Designation | All inclusive Monthly Salary Rs. Lakhs. | Minimum age Years |
|---|---|---|---|
| 1 | Professor | 3.00 | 35 |
| 2 | Associate Professor | 2.50 | 30 |
| 3 | Associate Professor | 1.50 | 25 |
| 4 | GDMO | 15600-39100+5400 GP | 25 |

2. 8% per annum increment in Salary.* (Applicable for Professor, Associate Professor & Assistant Professor) 3. Share from Ayushmaan/Paid Patients or as directed by Govt. issued from time to time.* 4. 50% Revenue Share from Paid OPD.* 5. Time Bound Promotion rules applicable as per M.P. Govt Superspeciality Adarsh Seva Niyam 2018 & NMC norms. 6. Reimbursement of air fare to attend workshop/seminar (twice a year, in India and once abroad). 7. No Private Practice will be allowed. 8. The probable date of the Interview will be informed later on official website. 9. The qualification of the applying candidate required for the concern post should be complete before the date of advertisement.
*As per M.P. govt. circular लोक स्वास्थय एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय पृ. क्रमांक/एफ1/1/1/0002/2024 / 1 /55 भोपाल, फरवरी 2024 ).
G-23813/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। DEAN N.S.C.B. Medical College Jabalpur

## उत्तर से आ रही शीतल हवाओं से मौसम खुशनुमा

# मौसम का यू-टर्न, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, बदला मौसम का मिजाज

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने पारे की बेलगाम चाल पर ब्रेक लगा दिया। मंगलवार की रात से मौसम में अचानक से बदलाव आया और शीतल लहर चलने लगी, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। रात के पारे में सामान्य से 4 डिग्री की गिरावट आई दिन में धूप का कुछ तीखापन भी कम हुआ।

मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोप के प्रभावी होने से मौसम बदलेगा और होली तक तेज गर्मी से फिलहाल राहत मिलेगी। उत्तरी हवाओं की वजह से तापमान ज्यादा नहीं इतरा सका। दिन और रात के तापमान में आंशिक गिरावट के कारण मौसम खुशनुमा बना रहा।



मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटों के दौरान एक नया सिस्टम बनने जा रहा हैं। जिसके बाद फिर बादल आयेंगे और बूंदाबांदी के आसार बनेंगे। अभी पश्चिमी विक्षाप के असर से उत्तर भारत में पहाड़ी इलाकों में बर्फ गिरने से उत्तरी हवाएं ठंडक घोल रही है। अभी तापमान में गिरावट के कारण वातावरण में गुलाबी ठण्डक बनी रही।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ीसा के समुद्री तट और पश्चिमि राजस्थान में हवाओं का चक्रवाती घेरा बन गया है। जिसका असर पूर्वी और पश्चिमि मध्यप्रदेश के ऊपर देखा जा रहा है। ऊपरी हवाओं के चक्रवात के कारण आसमान पर एक बार फिर बादल मंडराने लगे हैं। अब ये प्रदेश में कहां बरस जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 39 प्रतिशत और सायंकाल 19 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी हवाएं की रफ्तार 7 से 8 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.26 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 6.15 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 35.6 डिग्री तापमान नरसिंहपुर खरगौन और प्रदेश में सबसे कम 7.5 डिग्री तापमान शाजापुर जिलें पर दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 27.6 और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## जबलपुर रेल मंडल में लगाए गए QR कोड

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व पर जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मंडल के जबलपुर, मदन महल, कटनी, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सतना, मैहर, रीवा, दमोह, सागर सहित सभी स्टेशनों के आरक्षण एवं अनारक्षित खिडकियों पर रेलवे द्वारा यात्री सुविधा के तहत **QR** कोड लगाये गएँ है जिससे यात्री अपनी टिकट का भुगतान डिजिटल माध्यम से कर सकतें हैं। डिजिटल पेमेंट करने से यात्रियों को चिल्लर की एवं शीघ्र भुगतान कर अनारक्षित खिडकियों की लाइन में लगने की समस्या से भी बच सकेंगे। मंडल के प्रमुख 25 स्टेशनों पर 113 **ATVM** मशीन की सुविधा भी दी गयी है जिसमे डिजिटल पेमेंट करने की सुविधा उपलब्ध हैं। इसी प्रकार मंडल के 9 स्टेशनों पर पार्सल कार्यालय में भी **QR** कोड डिस्प्ले की सुविधा दी गयी है। उक्त सुविधाओं का यात्रियों द्वारा उपयोग किया जा रहा हैं एवं रेलवे की इस पहल की सराहना की जा रही है।

## पुलिस के हाथ लगे तो खुद को सीएम हाउस का कर्मचारी बताने लगे

# कार में काली फिल्म लगा नशे में घूम रहे थे युवक युवतियां

**जबलपुर।** कैंट थाना अतंर्गत सदर वाहनों की चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक काली फिल्म लगी वाहन को रोका उसमें वीआईपी नंबर प्लेट और वीआईपी लाईट भी लगी थी। कार में दो युवक और दो युवतियां भी सवार थी। पुलिस ने इनको रोका और वाहन के कागजात मांगे तो दोनों युवक सीएम हाउस का कर्मचारी बताकर पुलिस को धौंस दिखाने लगे और हैरानी की बात यह है कि दोनों युवक शराब के नशे में थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे ने बताया कि त्यौहारों के मद्देनजर वाहनों की चैकिंग की जा रही है इसी दौरान पेंटीनाका सदर के पास एक कार क्रमांक सीजी 10 बीएल 9475 में ब्लैक फिल्म नजर आई। तभी एक संदिग्ध कार को रोका गया। जिसमें युवक-युवतियां बैठे थे। कार में ब्लैक फिल्म, विशेष लाइट और एक खास नंबर प्लेट लगी हुई थी।



पूछताछ करने पर वे खुद को सीएम हाउस का कर्मचारी बताकर धौंस दिखा रहे थे और कार की तलाशी लेने पर शराब की बोतलें भी बरामद की गई। पड़ताल करने पर उनका दावा ग़लत पाया गया। जिसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें कैंट थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर चल रहा नॉन इंटरलॉकिंग कार्य

# जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी सहित तीन जोड़ी रेलगाड़ियां रहेंगी निरस्त



**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने और गुजरने वाली कई गाडिय़ों को निरस्त एवं मार्ग परिवर्तित किया गया है। जबलपुर-सिंगरौली-जबलपुर सहित तीन गाडिय़ां निरस्त की गई हैं, जबकि 7 जोड़ी गाडिय़ों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है।

## ये रेलगाडिय़ाँ निरस्त रहेंगी

1- गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 07 मार्च से 11 मार्च 2025 तक तथा गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 8 मार्च से 12 मार्च 2025 तक दोनों दिशाओं में 05-05 ट्रिप रद्द रहेगी।

2- गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस दिनांक 08 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 11 मार्च 2025 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप रद्द रहेगी।

3- गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस दिनांक 09 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22168 निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस दिनांक 10 मार्च 2025 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप रद्द रहेगी।

## परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडिय़ां

1- दिनांक 07 मार्च 2025 को संतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोननगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा तथा दिनांक 09 मार्च 2025 को अजमेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18010 अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोननगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

2- दिनांक 07 मार्च 2025 को धनबाद से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 03397 धनबाद-नासिक रोड एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोननगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी साऊथ तथा दिनांक 09 मार्च 2025 को नासिक रोड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 03998 नासिक रोड-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी साऊथ-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोननगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

3- दिनांक 08 मार्च 2025 को कोलकाता से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी।

4- दिनांक 10 मार्च 2025 को मदार जंक्शन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोन नगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

5- दिनांक 10 मार्च 2025 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी।

## स्टेट फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट जबलपुर भेडियों पर कर रहा रिसर्च

# मप्र में पहली बार भेडि़यों को पहनाई जा रही कॉलर आईडी

**जबलपुर।** दमोह में पहली बार भेडि़यों को कॉलर आईडी पहनाई जा रही है और इसकी शुरुआत प्रदेश के सबसे बड़े रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही अभयारण्य से हो रही है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि बाघ और तेंदुए के बीच भेडि़यों की जीवनशैली कैसी है। अभी सिर्फ तीन भेडि़यों को ही कॉलर आईडी पहनाया जा रहा है।

बता दें नौरादेही अभयारण्य अब बाघों के नाम से जाना जाता है, लेकिन हकीकत में बाघ के पूर्व यह अभयारण्य भेडि़यों के नाम से प्रसिद्ध था। 2018 में यहां बाघ आने और उनकी संख्या में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण भेडि़यों को लोग भूल गए। इसलिए अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में भेडि़यों के रहन सहन और उनके रहवास की जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसके लिए अब भेडि़यों को भी कॉलर आईडी पहनाई जाएगी जिसकी शुरुआत शीघ्र होगी।

### कभी थी भेडि़यों से पहचान

देश में सबसे ज्यादा भेडि़यों मध्यप्रदेश में हैं। खास बात ये है कि मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) भारतीय भेडि़यों के प्राकृतिक आवास के तौर पर जाना जाता है। यहां पर भेडि़यों पर रिसर्च भी चल रही है। जबलपुर स्थित स्टेट फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट भेडि़यों पर रिसर्च कर रही है।

### तीन भेडि़यों को पहनाई जाएगी

2023 में शुरू हुआ ये प्रोजेक्ट दो साल के लिए है। इसी कड़ी में नौरादेही में भेडि़यों पर रिसर्च के लिए तीन भेडि़यों को रेडियो कॉलर पहनाने की अनुमति एनटीसीए से मांगी है। अनुमति मिलते ही नौरादेही टाइगर रिजर्व के तीन भेडि़यों को रेडियो कॉलर पहनाया जाएगा और रिसर्च को आगे बढ़ाया जाएगा।

# झाबुआ पावर प्लांट की राखड़ किसानों के खेत में डालने पर रोक

## हाईकोर्ट में कलेक्टर सिवनी ने पेश किया जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में कलेक्टर सिवनी ने जवाब पेश कर बताया कि झाबुआ पावर प्लांट से निकलने वाले फ्लाई ऐश यानि राखड को किसानों के खेतों में डंपिंग करने पर रोक लगा दी गई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने जवाब को रिकार्ड पर लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को स्वतंत्रता दी है कि यदि वो हर्जाना चाहता है तो उचित फोरम में जा सकता है।

सिवनी निवासी रामगोपाल अर्जुले की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने कोर्ट को बताया कि जिले के घंसौर ब्लाक के रजगढ़ी गांव में झाबुआ पॉवर लिमिटेड के बरेला स्थित प्लांट से निकलने वाली फ्लाई राखड़ अवैध रूप से बगैर किसी अनुमति के उसके खेतों में डाली जा रही है। सैकड़ों ट्रक राखड़ डालने से उसके खेत की उर्वरक क्षमता समाप्त हो रही है। पिछले साल भी उसके खेतों में जबरदस्ती फ्लाई ऐश डाली गई थी। याचिकाकर्ता ने इस बात की शिकायत तहसीलदार, कलेक्टर और एसपी से की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर याचिका दायर की गई।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240